अधिकतम तापमान 22.00° >> न्यूनतम तापमान 12.00° >> सूर्योदय 6:58 >> सूर्यास्त 17:17 >> डॉलर 81.35 >> यूरो 85.56 >>

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1971 में परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक लांस नायक अल्बर्ट एक्का का निधन हुआ था।

dainikbhaskaruk.com

देश का विश्वसनीय अखबार

दैनिक भास्कर

देहरादून | वर्ष-6, अंक-104 | शनिवार, 03 दिसम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये



यूक्रेन पर हमले और तेज करेगा रूस पेज 12>

सौराष्ट्र बना विजय हजारे का चैंपियन पेज 11>

## सारसुर्खियां

### खदान में हादसा सात ग्रामीणों की हुई मौत

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मालगांव में शुक्रवार दोपहर एक खदान धसकने से मलबे में दबकर सात ग्रामीणों की मौत हो गई। मालगांव पंचायत में बस्ती के बाहर सड़क निर्माण के लिये मुरुम के लिये मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। जहां मुल्तानी मिट्टी निकलने की सूचना में ग्रामीण भी वहां पहुंच गए और खुदाई शुरू कर दी। इसी बीच खदान अचानक धसक गई और ग्रामीण मिट्टी में दब गए। खदान के बाहर मौजूद लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। रेस्क्यू अभियान चलाया गया, लेकिन तब तक सात लोगों की मौत हो चुकी थी।

### संरा में लगेगी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 14 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन करेंगे। भारत ने गुरुवार को ही सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की है। अगस्त 2021 के बाद दूसरी बार जब भारत एक निर्वाचित यूएनएससी सदस्य के रूप में अपने दो साल के कार्यकाल के दौरान परिषद की अध्यक्षता कर रहा है। महात्मा गांधी की प्रतिमा को संयुक्त राष्ट्र भवन के प्रतिष्ठित उत्तरी लान में रखा जाएगा।

### चार नेता वैश्विक आतंकवादी घोषित

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर अमेरिका ने सख्त प्रहार किया है। अमेरिका ने अल कायदा और तालिबान के चार नेताओं को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया। इनमें ओसामा महमूद, आतिफ याह्या गौरी, मुहम्मद मारूफ और कारी अमजद शामिल हैं। ये आतंकवादी भारत में भी दहशत फैलाने में शामिल हैं। विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने कहा कि यह कार्रवाई यह दिखाती है कि हम अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए सभी प्रासंगिक साधनों का उपयोग करना जारी रखेंगे।

### कैलिफोर्निया: गोल्डी बराड़ हुआ गिरफ्तार

**कैलिफोर्निया।** भारत के लोकप्रिय गायक एवं कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ को अमेरिका के कैलिफोर्निया में गिरफ्तार कर लिया गया है। भारतीय अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्त्रोतों से प्राप्त इनपुट के बाद इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया, जो विदेश में एक भगोड़े की गिरफ्तारी और हिरासत में लेने की अनुमति देता है।

# बलिदानी वीर सैनिकों के नाम हुए अंडमान और निकोबार द्वीपों के नाम

**• कुल 21 द्वीपों का किया गया नया नामकरण**





**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र से सम्मानित वीर सैनिकों के नाम पर किया है।

जानकारी के अनुसार इन 21 द्वीपों में से 16 उत्तर और मध्य अंडमान जिले में स्थित हैं, जबकि पांच द्वीप दक्षिण अंडमान में हैं। अभी इन द्वीपों पर लोग आबाद नहीं है। इनमें से कुछ आरक्षित वन के अंतर्गत आते हैं। अंडमान के पहले गैर-आबाद द्वीप का नाम मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर रखा गया है। अब इसे 'सोमनाथ द्वीप' के नाम से जाना जाएगा। मेजर सोमनाथ परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले पहले सैनिक थे। 3 नवंबर, 1947 को वह श्रीनगर हवाई अड्डे के पास पाकिस्तानी घुसपैठियों से लोहा लेते हुए बलिदान हो गए थे। मरणोपरांत उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

इसी तरह एक अन्य द्वीप का नाम सूबेदार एवं मानद कैप्टन करम सिंह पर रखा गया है। इस द्वीप का नाम 'करन सिंह द्वीप' होगा। सूबेदार करम सिंह ने 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपने साहस का परिचय देते हुए जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांव टीठवाल में एक अग्रिम पोस्ट को बचाया था, जिसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

करगिल युद्ध में शामिल कर्नल दीप्तांगशु चौधरी ने कहा कि यह पहल भारतीय सैनिकों के बलिदान का प्रमाण है, इससे आज के युवा सैनिकों की वीरता से अवगत होंगे।

### इन रणबाकुरों को मिला सम्मान

परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर राम राघोबा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, हवलदार मेजर पीरू सिंह शेखावत, कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल धनसिंह थापा, सूबेदार जोगिंदर सिंह, मेजर शैतान सिंह भाटी, हवलदार वीर अब्दुल हमीद, लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, कर्नल होशियार सिंह, सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, कैप्टन बाना सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज पांडे और सूबेदार मेजर संजय के नाम पर अन्य द्वीपों का नाम रखा गया है।

### कभी रहा था अंग्रेजों का कैदखाना

अंडमान को आज भी अंग्रेजों के सबसे बड़े और कठिन कैदखाने के रूप में जाना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को अंडमान की सेल्युलर जेलों की एकांत कोठरी में रखा जाता था। 1857 के विद्रोह, वहाबी आंदोलन और बर्मी विद्रोह जैसे विभिन्न ब्रिटिश विरोधी आंदोलनों में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को अंडमान भेज दिया गया था, जहां उन्हें तंग सेलुलर जेलों में रखा जाता था और तमाम तरह की यातनाएं दी जाती थीं।

# 'देश की सुरक्षा है सर्वोपरि'

## देश की नौसेना और तटरक्षक बलों को बनाया जा रहा है अत्याधुनिक: राजनाथ

**• समुद्री सीमाओं की सुरक्षा होगी पुख्ता**



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए नौसेना तथा तटरक्षक बल को अत्याधुनिक युद्धपोतों और हथियारों से लैस किया जा रहा है।

राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को मुंबई में रक्षा मंत्रालय से संबद्ध संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसीलिए नौसेना तथा तटरक्षक बल को मजबूत तथा ताकतवर बनाया जा रहा है।

नौसेना की मारक क्षमता बढ़ाने में शिपयार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी शिपयार्ड ने समय रहते गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति की है, जिससे देश की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि शिपयार्ड ने खुद की भी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। साल 2021 के दौरान 8925 करोड़ मूल्य के जहाजों का उत्पादन किया और कर अदायगी के बाद 927 करोड़ रूपए का मुनाफा हुआ। राजनाथ सिंह ने शिपयार्ड उद्योग से स्वदेशी होने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में न सिर्फ घरेलू जरूरतें पूरी करनी होंगी, बल्कि निर्यात ऑर्डर भी प्रतिस्पर्धी आधार पर हासिल करने होंगे। शिपयार्ड के शीर्ष प्रबंधन ने प्रतिस्पर्धी माहौल को अच्छी तरह समझा है। मुझे उम्मीद है कि अपने आप को बदलते हुए परिवेश में ढालने की कोशिश जारी रख कर सफलता हासिल करेंगे। नौसेना और तटरक्षक बल की मजबूती तभी संभव है, जब हम उन्हें अत्याधुनिक जहाज एवं हथियारों दिए जाएं।

### स्वदेशी जहाजों व शस्त्रों के निर्माण पर जोर


रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के सागरी सीमा को सुरक्षित करने के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक जहाज और शस्त्रों का निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए सर्जन पोर्टल को शुरू किए जाने के बाद से शिपयार्ड के 783 उपकरण इस पोर्टल पर उपलब्ध हैं, पहले इनका विदेशों से आयात किया जाता था। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शिपयार्ड घरेलू जरूरतों को पूरा करने के बाद जल्द ही निर्यात करना भी शुरू कर देंगे।

### आत्मनिर्भरता का सपना कर रहे हैं साकार

राजनाथ ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भरता के प्रण को तेजी के साथ साकार किया जा रहा है। आज भारत रक्षा समेत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चुका है। 30 सितंबर 2022 तक इस सृजन पोर्टल में शिपयार्ड के 783 आइटम हैं, जो पहले स्वदेशी डीलर उपलब्ध न होने की वजह से आयात किए गए थे। शिपयार्ड इस सूची की 73 वस्तुओं का स्वदेशीकरण करने में सफल रहा है। शेष वस्तुओं का निजी उद्योगों के सहयोग से स्वदेशी करण करने के प्रयास प्रगति पर है।

# इसरो 'जासूसी' मामले में नहीं मिलेगी जमानत

**• सुप्रीम कोर्ट ने रद किया हाईकोर्ट का आदेश**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 80 वर्षीय इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को 1994 के 'जासूसी कांड' में फंसाने के एक मामले में कुछ पुलिस और खुफिया अधिकारियों को जमानत देने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को रद कर दिया।

न्यायमूर्ति एमआर शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने सीबीआई की अपीलों को स्वीकार कर करते हुए केरल हाईकोर्ट के अंतरिम जमानत संबंधी आदेशों को रद कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने केरल पूर्व पुलिस प्रमुख सिबी मैथ्यूज और गुजरात के पूर्व एडीजीपी आरबी. श्रीकुमार सहित कुछ अन्य पुलिस और खुफिया ब्यूरो के पूर्व अधिकारियों को अग्रिम जमानत देने के आदेश को रद कर दिया।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट से कहा कि वह चार सप्ताह के भीतर सभी अग्रिम जमानत याचिकाओं को नए सिरे से विचार करें। हम हाईकोर्ट से अनुरोध करते हैं कि अग्रिम जमानत याचिकाओं पर अंतिम रूप तौर पर जल्द से जल्द फैसला किया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि आदेशों की प्राप्ति की तारीख से चार सप्ताह की अवधि के भीतर उस मामले का निपटारा किया जाए। शीर्ष अदालत ने पांच सप्ताह तक अभियुक्तों को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। यह छूट अभियुक्तों के जांच में सहयोग करने के ऊपर निर्भर करेगा।

शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल 2021 को अपने एक आदेश में इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नारायणन को फंसाने में केरल के कुछ पुलिस अधिकारियों की कथित संलिप्तता की जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया था।

# भाजपा ने कैप्टन को दी अहम जिम्मेदारी

**• राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और पंजाब कांग्रेस के पूर्व नेता सुनील जाखड़ को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया है।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को सांगठनिक नियुक्तियों की मंजूरी प्रदान की। इसके बाद पार्टी की ओर से यह जानकारी दी गई। पार्टी ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल जयवीर शेरगिल को राष्ट्रीय प्रवक्ता पंजाब नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा विशेष तौर पर आमंत्रित सदस्यों में छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विष्णु देव साय, पंजाब के वरिष्ठ नेता एस राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, मनोरंजन कालिया और अमरजोत कौर रामूवालिया को राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

### मदन कौशिक विशेष आमंत्रित सदस्य

**देहरादून।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके मदन कौशिक को राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कौशिक अभी हरिद्वार जिले से भाजपा विधायक है। हरिद्वार से भाजपा विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए। मदन कौशिक पूर्व काबीना मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कौशिक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार है।

## सीएम धामी ने दिल्ली में किया रोड शो

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 215 से भाजपा प्रत्याशी भारत गौतम के पक्ष में रोड शो किया।

मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वह इन नगर निगम चुनावों में 4 दिसंबर को भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जिताकर भाजपा का बोर्ड बनाएं। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो विकास करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने वार्ड संख्या 215, शाहदरा में बाबू राम स्कूल चौक से भाजपा प्रत्याशी भारत गौतम के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उत्तराखंड समाज के लोगों भी भारी संख्या में मौजूद रहे।



नई दिल्ली में शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घ आयु की कामना की। एजेंसी

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने तलब किया विभाग में रिक्त पदों का ब्यौरा, एक माह में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

# स्वास्थ्य विभाग में जल्द भरे जाएंगे रिक्त पद: डॉ. धन

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबे समय से रिक्त चल रहे विभिन्न श्रेणी के पदों को भरे जाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। स्वास्थ्य महानिदेशालय के अधिकारियों से एक माह के भीतर रिक्त पदों का पूरा विवरण तैयार कर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। साथ ही स्वास्थ्य महानिदेशालय के लिए स्वीकृत बजट तथा नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की गई है। आईएमए के पदाधिकारियों की मांग पर क्लीनिकल एसब्लिशमेंट एक्ट में छूट संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट में लाने का निर्णय लिया गया।

**• बजट खर्च की धीमी प्रगति पर नाराजगी**



चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को एक माह के भीतर रिक्त पदों का ब्यौरा तैयार कर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। कहा कि आईपीएचएस मानकों के तहत सभी राजकीय चिकित्सालयों में चिकित्सक, पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी स्टॉफ सहित वार्ड ब्वॉय के पदों को भरा जाना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य महानिदेशालय को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत बजट खर्च की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी सभी मदों में बजट को समय पर खर्च करना सुनिश्चित करें। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उत्तराखंड इकाई ने राज्य सरकार से छोटे अस्पतालों को क्लीनिकल एसब्लिशमेंट एक्ट के कुछ प्रावधानों में छूट देने की मांग की है। जिसके लिए शीघ्र ही छूट संबंधी प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में लाया जाएगा। बैठक में विभागीय मंत्री ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत धीमी प्रगति वाले चार जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, अपर सचिव अरूणेन्द्र चौहान, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, निदेशक एनएचएम डॉ. सरोज नैथानी, अपर निदेशक डॉ. मीतू शाह मौजूद रहीं।

### पोल्ट्री किसानों की आय होगी दोगुनी

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार पोल्ट्री किसानों की आय को दोगुना करेगी। अभी उत्तराखंड में मुर्गियां नजीबाबाद और बिजनौर से आ रही हैं। सरकार की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर पोल्ट्री किसानों को सहायता दी जाए। ताकि उनकी आमदनी दोगुनी हो और पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रुक सके। अभी चकराता में पोल्ट्री का कार्य शुरू हुआ। जिसके बाद अब यह काम पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। पोल्ट्री वैली योजना से तीन साल में पांच हजार युवकों और महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## राहुल गांधी को अवमानना नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस नेता जयराम रमेश व सुप्रिया श्रीनेत को शुक्रवार अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया।

न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा के सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड किए गए वीडियो को हटाने का निर्देश दिया था, जो फिल्म केजीफ चैप्टर -2 के संगीत में इसके कॉपीराइट का उल्लंघन करता है। कंपनी ने आरोप लगाया कि प्रतिवादी हाईकोर्ट की ओर से उसके आठ नवंबर के आदेश में लगाई गई शर्तों का जानबूझकर उल्लंघन कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने आठ नवंबर को कांग्रेस नेताओं को उनके ट्विटर हैंडल से विवादित सामग्री को हटाने के मामले में राहत दी थी जो एमआरटी म्यूजिक के कॉपीराइट का उल्लंघन करती है।

# हल्द्वानी: नाबालिक छात्र पर जानलेवा हमला

भास्कर समाचार सेवा

**• मरणासन्न छोड़ कर भाग निकले हमलावर**

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड स्थित गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज के सामने बाइक सवार युवकों ने नाबालिग छात्र पर धारदार हथियार से हमला दिया। छात्र को मरणासन्न छोड़कर हमलावर भाग निकले। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

हल्द्वानी के काठगोदाम निवासी नवीन आर्य का नाबालिग बेटा सक्षम (17) गुरुतेग बहादुर स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है। शुक्रवार को सक्षम अपने कुछ दोस्तों के साथ स्कूल के बाहर था। इसी बीच बाइक पर सवार कुछ युवक वहां आए और सक्षम के साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ मौजूद दोस्तों ने सक्षम को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद धारदार हथियार से सक्षम पर ताबड़तोड़ कई वार किये। जान बचाने के लिये सक्षम कुछ दूर तक भागा, फिर मरणासन्न हालत में जमीन पर गिर गया। यह देख आसपास के लोग हमलावरों को पकड़ने के लिये दौड़े, लेकिन वह भाग निकले। पुलिस को घटना की जानकारी देकर स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां सक्षम जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

पुलिस के मुताबिक कुछ अहम सुराग मिले हैं।

# देहरादून

आज ही के दिन 2008 में मुंबई में हुई 23 नवंबर की आतंकवादी घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख ने त्यागपत्र दे दिया था।

## विधायक ने किया पार्क में स्थित जिम का शुभारंभ

- विपक्ष के साथ सौतेला व्यवहार कर रही सरकारः प्रीतम

भास्कर समाचार सेवा



जिम का शुभारंभ करते विधायक प्रीतम सिंह व लाल चंद शर्मा।

**देहरादून।** वार्ड 32 बल्लुपुर पार्षद कोमल वोहरा के सहयोग से आयोजित पार्क में स्थित जिम का शुभारंभ करने पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चकराता प्रीतम सिंह ने कहा कि सत्ता में बैठी ताकतें देश के सर्वधर्म संभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं।

कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खडगें, सोनिया गांधी और राहुल गांधी नेतृत्व में उसका डट कर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी विधायकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है जो स्वच्छ लोकतंत्र के लिए अच्छा नही है।

इस दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने कहा कि आज सामाजिक तौर पर हमें जाति, धर्म, भाषा, खान-पान, वेशभूषा के आधार पर बांटा जा रहा है।

हर रोज़ देशवासियों को एक-दूसरे से लड़ाने के लिए नए-नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। लोगों में भय का माहौल है, विशेष तौर पर महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

इस दौरान स्थानिय निवासियों नें पार्क में झूला लगवाये जाने की भी मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट दीप बोहरा ने किया।

इस दौरान संगीता गुप्ता, प्रियांष छाबड़ा, अनिता निराला, , जैन अनिल, आहूजा रोशन, अमित अरोरा, विकी नायक, प्रीति आहूजा, ऋतु गर्ग, राशिद खान, अनुराधा, रेखा आदि मौजूद रहे।

## 11 टॉपर्स छात्रों को दिया गया गोल्ड मेडल

- यूपीईएस के 599 छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई डिग्रियां

भास्कर समाचार सेवा



यूपीईएस के दीक्षांत समारोह में मौजूद राज्यपाल, पदाधिकारी व छात्र-छात्राएं।

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को विधौली स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ़ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़ में आयोजित 20वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों के 11 टॉपर्स छात्रों को गोल्ड मेडल, 65 छात्रों को सिल्वर मेडल व 14 छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में यूपीईएस के विभिन्न कोर्सेज़ के कुल 599 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल तेजेंद्र सिंह शेरगिल (से नि) व दीपक सेठ को डॉक्टरेड की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने संस्थान के संस्थापक चांसलर स्व. डॉ एस.जे. चोपड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ जुड़े संस्मरणों को साझा किया। दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामना दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सुनील राय ने संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति सुनील राय, चेयरमैन शरद मेहरा, प्रति कुलपति डॉ. राम शर्मा समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाया जाए

राज्यपाल ने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 37 विश्वविद्यालय और 500 कॉलेजों को एक मंच पर लाने के लिए सरकार अच्छा प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका प्रत्यक्ष फ़ायदा तब होगा जब सभी विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाया जाए, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ेगी।

### हर सपने को संकल्प में बदलें- राज्यपाल

राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि हर सपना संकल्प की ओर जाना चाहिए। युवा अगर एक बार अपने विकल्प को संकल्प का रूप दे देंगे, तो उन्हें सफलता से कोई नहीं रोक पाएगा। राज्यपाल ने युवाओं से अह्वान करते हुए कहा कि वे इन संकल्पों को अवश्य पूरा करें। राज्यपाल ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति को अच्छी शिक्षा ना मिले तब तक वो अच्छा इंसान भी नहीं बन सकता है। राज्यपाल ने कहा कि छात्र हमेशा अच्छा करने की भावना से आगे बढ़ें।

## सारसुर्खियां

### कौशिक बने राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य

**देहरादून।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके मदन कौशिक को राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कौशिक अभी हरिद्वार से भाजपा विधायक है। हरिद्वार से भाजपा विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए। मदन कौशिक पूर्व काबीना मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कौशिक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार है।

### भट्ट ने जताया आभार

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को पार्टी राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने संगठन में राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलने पर मदन कौशिक को भी शुभकामनाएं दी।

## मसूरी-दून मार्ग के अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

### जिला प्रशासन के निर्देश पर चलाया गया अभियान, नहीं हो पाया कोई बड़ा विरोध

भास्कर समाचार सेवा



मसूरी रोड से अतिक्रमण हटाती प्रशासन की टीम।

**मसूरी।** जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम सदर व एसडीएम मसूरी के नेतृत्व में मसूरी देहरादून मार्ग पर पानी वाले बैंड से कुठाल गेट तक व पानी वाले बैंड से मसूरी झील तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें हल्के विरोध के बाद अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रातः अतिक्रमण हटाओ टीम पानी वाले बैंड पर एकत्र हुई व वहां से दो भागों में बंट गई एक टीम एसडीएम सदर के नेतृत्व में देहरादून की ओर कुठाल गेट तक गई व एक टीम पानी वाले बैंड से किंक्रेग तक गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान छिटपुट विरोध हुआ लेकिन प्रशासन ने एक नहीं सुनी व जो अतिक्रमण के दायरे में आये उन्हें तोड़ा गया। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विरोध भी किया व प्रशासन अधिकारियों के साथ वार्ता भी की वहीं कबीना मंत्री गणेश जोशी ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता की जिसके बाद उन अतिक्रमण हो हटाया गया जिन्होंने पंचायत की जमीन या वन विभाग की जमीन पर कब्जा किया था बाकी को छोड दिया गया। जिसमें अधिकतर ढाबों को छोड दिया गया लेकिन उनके बेसमेंट में जिसके कमरे बने थे उन्हें लेबर से तोड़ा गया व सड़क के उपर वाले अतिक्रमण हो जेसीबी से तोड़ा गया। इस मौके पर एसडीएम सदर नरेश चंद्र दुर्गापाल ने बताया कि मसूरी देहरादून जाने वाले मार्ग पर पर से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने कहा कि जो ढांचे बिना परमिशन के बनाये गये हैं पहले उनका सीमांकन करवाया गया व संबंधित विभागों से भी अतिक्रमण चिन्हित करवाया गया। अतिक्रमण हटाने में समय लगेगा क्योंकि पक्के निर्माण किए गये हैं जिसे तोड़ने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने चोरी छिपे अतिक्रमण किया है पहले भी कार्रवाई की गई व अब फिर से कार्रवाई की जा रही है जिन्हें नियमानुसार हटाया जायेगा। वहीं एसडीएम मसूरी शैलेंद्र नेगी ने कहा कि पानी वाले बैड से नीचे एक टीम व एक टीम मसूरी की ओर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अतिक्रमण स्वयं हटा दिया गया है। जिन्होंने नहीं हटाया व जिनके खिलाफ विधिवत कार्रवाई चल रही है उसके बाद कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य दीपक पुंडीर ने कहा कि वहीं अतिक्रमण हटाया जाएगा जिन्होंने सरकारी भूमि व वन विभाग की भूमि पर कब्जा किया है। इस मौके पर सीओ नीरज सेमवाल, अधिशासी अभियंता अतुल गुप्ता, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी, नायब तहसीलदार सदर जसपाल सिंह राणा, नायबतहसीलदार मसूरी भौंपाल सिंह चौहान, कोतवाल डीएस कोहली, वन विभाग के डिप्टी रेंजर जगजीवन लाल सहित पुलिस फोस व लेबर मौजूद रही।

## खबर एक नजर

### बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर फूंका सरकार का पुतला



**देहरादून।** महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने बिगडती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। शुक्रवार को कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य को सुशासन देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार आज कठघरे में खडी है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इस अवसर पर प्रवीन पुरोहित, मनीष नागपाल, राजेश चमोली, आशा मनोरमा शर्मा, मुकीम अहमद पार्षद, शीशपाल सिंह बिष्ट, सत्या पोखरियाल, सोनू रावत, रोबिन त्यागी, डॉ. अरूण रतूडी, अनिल नेगी, संजय गौतम, सुलेमान अली, मोहन काला, विकास थापा, विकास ठाकुर, हिमान्शु रावत, लक्की राणा आदि मौजूद रहे।

### मंत्री गणेश जोशी ने किया प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो

**नई दिल्ली।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को दिल्ली के नगर निगम चुनावों में भाजपा के वार्ड संख्या 134 से राजनगर से भाजपा प्रत्याशी अरुणा रावत के समर्थन में एक विशाल रोड शो किया। रोड़ शो के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील की ओर मतदान दिवस के दिन अधिक संख्या में मतदान करने की भी अपील की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतप्रकाश राणा, गिरीश बलूनी आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए हैं प्रतिबद्धः पूजा

**देहरादून।** फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने भारत में समावेशी, समान, सशक्त और सस्टेनेबल समाज के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो गैर-सरकारी संगठनों गिव फाउंडेशन तथा संकल्पतरु फाउंडेशन के साथ भागीदारी की घोषणा की है ताकि उत्तराखंड में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक बनाया जा सके। इस परियोजना को आगे बढ़ाते हुए, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन तथा सहयोगी गैर-सरकारी संगठनों ने मिलकर उत्तराखण्ड के चमोली जिले में प्रोजेक्ट सीड बॉल बॉम्बिंग के जरिए पूरे इकोसिस्टम में रचनात्मक बदलाव लाने की तैयारी की है। इस पहल के बारे में, डायरेक्टर, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन पूजा त्रिशाल ने कहा कि फाउंडेशन के जरिए हम समाज के कई गंभीर सरोकारों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नागा बाबा महाराज पंचतत्व में विलीन

हरिद्वार। कामाख्या तंत्र पीठ उदासीन सम्प्रदाय के शीर्षस्थ महापुरुष संत शिरोमणि दर्शनमुनि नागा बाबा महाराज कमौली वाले वाराणसी के पंचतत्व में विलीन हो गये। उदासीन सम्प्रदाय के संत महापुरुष एवं महंत, संत समाज एवं समस्त भक्त गणों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर ब्रह्मलीन मंहत दर्शनमुनि महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किये। बनखंडी साधुबेला पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी गौरीशंकर दास महाराज ने उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि ब्रह्मलीन महंत दर्शन मुनि महाराज एक युग प्रवर्तक थे। जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन काल में युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान की। समाज कल्याण में उनका अतुल्य योगदान सदैव स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध छापेमारी करने के दिए निर्देश

- आयुक्त गढवाल मंडल ने जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** आयुक्त गढवाल मंडल सुशील कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध छापेमारी अभियान के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय की ओर से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर दिए गए आदेशों पर आयुक्त गढवाल मंडल ने अपने शिविर कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से गढवाल मंडल के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावी रणनाति के तहत कार्य करने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आयुक्त गढवाल ने जिलाधिकारियों निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र, राज्य कर संग्रह, रेखीय विभागों के साथ समन्वय बैठक के करने तथा अपने क्षेत्र में निर्माता, आयातक एवं कंपनी के स्वामियों को निर्देशित करें कि उनके उत्पादों के साथ यहां जो प्लास्टिक आ रहा है उसे एकत्रित कर वापस ले जाएं, ऐसा न किये जाने की दशा में न्यायालय के आदेशों एवं वर्णित प्राविधानों के अनरूप कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही नियमों का परिपालन न करने वाले औद्योगिक आस्थानों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए।

उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य कर संग्रह एवं जिला उद्योग केंद्र की टीमें बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन न होने की दशा में संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान कथा यज्ञ शुरू

**मसूरी।** सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय लंढौर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व धर्मप्रेमी जनता मौजूद रही। श्रीमद भागवत कथा शुरू होने से पहले श्रीराधा कृष्ण मंदिर से भव्य कलश यात्रा शुरू की गई जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी वहीं कीर्तन मंडली रास्ते भर कीर्तन करती रही। शोभा कलश यात्रा शहीद भगत सिंह चौक, लंढौर पार्किग, घटाघर, लंढौर बाजार, गुरूद्वारा चौक होते हुए संस्कृत महाविद्यालय पहुंची जहां कलश मंडप पूजन के बाद श्रीमद भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ विद्यालय के पुरातन छात्र व कथा वाचक प. जगदीश प्रसाद खंडूरी ने किया। इस मौके पर संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष उपेंद्र पंवार, अशोक मित्तल, प्रबंधक वैभव तायल, केजी गोयल, नीरज अग्रवाल, प्रधानाचार्य ब्रजेश सयाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल आदि मौजूद रहे।

## पार्षद रमेश काला की पीठ थपथपाई

- वार्ड नं 38 में हुआ धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर समाचार सेवा



धन्यवाद कार्यक्रम में समाजसेवियों को सम्मानित करते विधायक व महापौर।

**देहरादून।** वार्ड नं 38 में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पार्षद रमेश चन्द्र काला व क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में ये आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता कपूर व महापौर सुनील उनियाल गामा ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक और महापौर ने वार्ड की उत्तराखंड राज्य महिला आंदोलनकारी, शैलेश मिटियानी पुरस्कार से सम्मानित अध्यापिका को उत्कृष्ट कार्य, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यावरण संरक्षण एवं सफ़ाई से संबंधित कार्यकर्ताओं, गढ़वाल स्पोर्ट, फुटबॉल, बच्चो एवं टीम और वार्ड बंधुओं का सम्मान शाल, मोमेंटो, बुकें, माला, कंबल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में विधायक एवं महापौर ने वार्ड नं 38 पंडित वाडी में विकास की गंगा बहाने एवं सक्रिय जनसेवा करने के लिए पार्षद रमेश काला की पीठ थपथपाई।

इस अवसर पर अम्बावती दून वैली स्कूल को टेबल कुर्सी भी भेट की गई। मुख्य आकर्षण डिस्प्ले स्क्रीन से पार्षद रमेश चंद काला ने जो कार्य अभी तक अपने कार्यकाल में किया है उसे क्षेत्रवासियों के समक्ष रखा जिसे खूब सराहा गया, जिसकी प्रसंशा विधायक एवं महापौर ने अपने उद्बोधन में की और उन्होंने पार्षद के लगातार विकास कार्यों के लिये धन्यवाद किया। सभी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सेक्टर-6 नोएडा, यूपी, 201301 से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
**website:** dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृष :** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा।

**कर्क :** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**सिंह :** कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कन्या :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**तुला :** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु :** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**मकर :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**कुंभ :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**मीन :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951
Email: astro@aatrayshri.com
Website: www.aatrayshri.com

आज ही के दिन 1984 में भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस लीक होने से कम से कम 3000 लोग मारे गए और कई हजार व्यक्ति शारीरिक विकृति के शिकार हो गये थे।

## सारसुर्खियां

### भर्तियों को लेकर एसीएस आनंद वर्धन से मिला उक्रांद

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने डिप्लोमा छात्रों के साथ सिंचाई विभाग के रिक्त 228 कनिष्ठ अभियंता सिविल के पदों को वर्तमान में गतिमान संयुक्त कनिष्ठ अभियंता भर्ती में समायोजित करने को लेकर अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन से मुलाकात की तथा उन्हें इस संबंध में ज्ञापन भी प्रेषित किया। आनंद वर्धन ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। सेमवाल ने कहा कि सिंचाई विभाग में दो 228 पदों के लिए अध्याचन भेजा गया था लेकिन इन पदों की विज्ञप्ति जारी होने से पहले सिंचाई विभाग के 228 पदों को हटा दिया गया। पदों को हटाया जाना बेरोजगार डिप्लोमा अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है।

## रूड़की उप जिला अस्पताल को मिला लक्ष्य सर्टिफिकेशन पुरस्कार

- स्वास्थ्य मंत्री ने थपथपाई विभागीय अधिकारियों की पीठ

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** हरिद्वार जनपद के रूड़की उप जिला अस्पताल को गुणवत्ता पूर्ण कार्यों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) एवं लक्ष्य पुरस्कार से नवाजा गया। जिस पर विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जनपद के उप-जिला चिकित्सालय (एसडीएच), रुड़की को भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक व लेबर रूम गुणवत्ता सुधार पहल (लक्ष्य सर्टिफिकेशन) पुरस्कार से नवाजे जाने पर खुशी जाहिर की। डॉ. रावत ने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5 चिकित्सा इकाइयों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक व 14 चिकित्सा इकाइयों को लेबर रूम गुणवत्ता सुधार पहल (लक्ष्य सर्टिफिकेशन) प्रमाणपत्र मिल चुका है। मंत्री ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, तकनीकी स्टॉफ, फैसिलिटी इंचार्ज, गुणवत्ता विभाग के नोडल, नर्सिंग टीम, हाउसकीपिंग टीम व प्रशासनिक टीम के कठिन परिश्रम व आम जनमानस को उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते एनक्यूएएस एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त किया।

## नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण महिलाओं का अधिकार: कुसुम

- राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

भास्कर समाचार सेवा



राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल।

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने उत्तराखंड की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण के संबंध में विधानसभा सदन में कानून पारित करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से निवेदन किया था कि महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण पर सरकार जल्द सदन में कानून लाए। जिसको उन्होंने प्राथमिकता से लिया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं का यह अधिकार है कि यह महिलाएं विभिन्न विषम परिस्थितियों से निकलकर सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करके आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की सरकारी नौकरियों पर इनका विशेष अधिकार है जो कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन्हें दिया है इस विषय पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग व सभी महिलाएं उनका हार्दिक आभार धन्यवाद व्यक्त करती हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून में 10 साल की सजा के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यतः हमारे समाज की नीचे तबके की महिलाएं धर्मांतरण का शिकार होती थी जो कि इस को रोकने का काम करेगा। महिलाओं के हितों और अधिकारों का यदि कही भी हनन हो रहा है तो महिलाएं आवाज उठा रही है और राज्य महिला आयोग ऐसी महिलाओं के उन्हें न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर है।

### आरक्षण से सशक्त व आत्मनिर्भर बनेगी महिलाएं



**देहरादून।** फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर के महिला सदस्यों ने महिला आरक्षण विधेयक पास होने पर मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया। फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर की अध्यक्ष डॉ नेहा शर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा। इस विधेयक के पास होने से प्रदेश की मातृ शक्ति का विश्वास पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार में बढ़ेगा। उनके इस कदम के लिए प्रदेश की सभी महिलाएं उनका हार्दिक अभिनन्दन करती हैं। फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर प्रदेश में कई वर्षो से महिला उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और प्रदेश के विभिन्न एनजीओ से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। उत्तराखंड के निर्माण में राज्य की महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस राज्य में मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें सरकारी नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण के लाभ दिया।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 25 हजार का इनामी

## जनपद उधमसिंहनगर से उत्तराखंड एसटीएफ ने पुलिस के साथ मिलकर की गिरफ्तारी

भास्कर समाचार सेवा



आरोपी असीम खान।

**देहरादून।** एसटीएफ के नए कप्तान आयुष अग्रवाल की ओर से इनामियो के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम लगातार नतीजे ला रही है जिसके चलते एक और 25 हजारी इनामी गैंगस्टर एसटीएफ के शिकंजे में आया है। जनपद उधमसिंहनगर से उत्तराखंड एसटीएफ ने ईनामी की गिरफ्तारी की है।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने उत्तराखंड में गैंगस्टर एवं बड़े अपराधियों की निगरानी रखने व उनके सक्रिय सदस्यों की पहचान कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश अपनी टीमों को दिए गए थे, जिसके क्रम में सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे की ओर से गठित एसटीएफ कुमाऊं युनिट ने ऊधमसिंह नगर पुलिस के सहयोग से सितारगंज थाना क्षेत्रांतर्गत छापा मारकर एक शातिर ईनामी अपराधी की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार इनामी अपराधी असीम खान थाना दिनेशपुर से गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहा था जिस पर 25000 का ईनाम घोषित था। असीम खां ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर कई जिलो में चोरी की वारदातें की थी उसके तथा उसके चारों साथियों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर ने की घोषणा की थी। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ कुमाऊं की टीम लगातार पतारसी सुरागरसी कर रही थी। जैसे ही कुमाऊं एसटीएफ टीम को असीम रजा के सितारगंज के बस स्टेशन में होने सूचना मिली, तो उधमसिंह नगर की पुलिस को अपने साथ लेकर ज्वाइनट ऑपरेशन कर इस शातिर क्रिमिनल की गिरफ्तारी की गई। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड एसटीएफ की ओर से लगातार ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ की जा रही है। पिछले 30 दिनों में एसटीएफ अब तक 5 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें से कुछ की गिरफ्तारी तो राज्य के बाहर से भी हुई है। ईनामी अपराधियो की धरपकड़ का काम लगातार चलता रहेगा।

### कारोबारी से हाथापाई मामले में दरोगा सस्पेंड

- हल्द्वानी सीओ को सौंपी गई है घटना की जांच

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** कोतवाली में फरियादी बनकर आए रिसॉर्ट व क्रशर कारोबारी के साथ दारोगा ने हाथापाई कर दी। डीजीपी अशोक कुमार तक मामला पहुंचा तो दारोगा को सस्पेंड कर दिया गया। हल्द्वानी सीओ को घटना की जांच सौंपी गई है।

रामनगर के मोहल्ला बंबाघेर निवासी व रिसॉर्ट एवं क्रेशर मालिक ऋषि सचदेवा गुरुवार देर रात अपने दोस्त की तहरीर लेकर पहुंचे थे। कोतवाली पहुंचने पर दारोगा नीरज चौहान ने कारोबारी सचदेवा को कोतवाल अरुण सैनी के कक्ष में जाने से रोक दिया। उनके के बीच कहासुनी हो गई। इस बीच दारोगा ने कारोबारी का गिरेबां पकड़कर सचदेवा के साथ हाथापाई कर दी। घटना से आक्रोशित अन्य कारोबारी रात में कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने दारोगा पर कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को भी क्रशर व रिसॉर्ट कारोबारी कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने कोतवाल अरुण सैनी का घेराव करते हुए घटना को लेकर आक्रोश जताया। डीजीपी की ओर से एसएसपी नैनीताल को शुक्रवार को आरोपित दारोगा नीरज चौहान को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। एसएसपी नैनीताल ने तत्काल दारोगा को सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया।

## गढ़वाली फिल्म मेरु गौं का प्रीमियर शो आयोजित

**देहरादून।** राजधानी के सिल्वर सिटी मॉल में बहुप्रतीक्षित गढवाली फिल्म मेरु गौं का प्रीमियर किया गया। फ़ल्मि का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की धर्मपत्नी गीता धामी, मेयर सुनील उनियाल गामा, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं लोकप्रिय लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी एवं आंदोलनकारी रविन्द्र जुगरान ने किया। इसके अलावा अन्य कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे। फिल्म का लेखन व निर्देशन निर्देशक अनुज जोशी का है। व निर्माता राकेश गौड़ हैं। गीत नरेंद्र सिंह नेगी व जितेंद्र पंवार ने गए हैं। संगीत संजय कुमोला का व सिनेमेटोग्राफी राजेश रतूड़ी की है। मुख्य कलाकारों में राकेश गौड़, मदन डुकलान, गोकुल पंवार, गम्भीर जायडा, रमेश रावत, गीता उनियाल, सुमन गौड़, निशा भंडारी व अजय बिष्ट आदि हैं।

**सूचना**

मैंने अपना नाम संजय कुमार से बदलकर संजय शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम संजय शर्मा पुत्र श्री शेखरानन्द बिजल्वान निवासी-बी-164, नेहरु कॉलोनी पी.ओ. आराघर, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001 से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 66764- रैंक हवलदार जी०डी० संजय गुसांई पुत्र श्री महावीर सिंह निवासी - शक्ति विहार, गुजरौंवाली चौंक, नत्थुवावाला देहरादून उत्तराखण्ड के सैन्य अभिलेखों मे मेरी पुत्री का नाम भूलवश हर्षिता दर्ज है जो कि गलत है, जबकि शपथकर्ता की पुत्री का सही नाम आरूषी गुसांई है जो कि पुत्री के अन्य सभी स्कूल दस्तावेज व अन्य सभी प्रममाण पत्रों में दर्ज है जो कि सही है जिसे सार्वजनिक प्रकाशित किया जाना न्यायोचित होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का प्राचिलत नाम रूद्र सिंह कोटवाल है जबकि कुछ प्रमाण पत्रों में उसका नाम अनिकेत सिंह कोटवाल अंकित है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को रूद्र सिंह कोटवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अनिकेत सिंह कोटवाल व रूद्र सिंह कोटवाल एक ही व्यकितत्व हैं I
नरेन्द्र सिंह कोटवाल
पुत्र श्री ज्ञान सिंह कोटवाल हाल निवासी शमशेगढ़, निकट मोनल फार्म, बालावाला, देहरादून, उत्तराखंड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना M O H A M M A D SHAHNAB ALI से बदलकर MD SHAHANAB ALI कर लिया है, भविष्य में मुझे MD SHAHANAB ALI से ही जाना पहचाना जाए, मेरा पता KHELPUR NASRULLA-PUR BHAGWANPUR, HARIDWAR (UK)

**सूचना**

मै. मंजू (उत्तराधिकारी के अनुसार पत्नी का नाम) कानून वैद्य पत्नी आर्मी नं० 14734066 - A रैंक- Spr कैलाश चन्द्र बहुगुणा निवासी-59/6, बहुगुणा कॉलोनी कारगी रोड, सिंगल मंडी दूसरा जिला देहरादून उत्तराखण्ड मंजू से मंजू बहुगुणा तथा जन्म तिथि 19.03.1967 है, जिसको कोर्ट देहरादून शपथ पत्र नॉटरी द्वारा दिनांक 2.12.2022 को सत्यापित किया है।

**सूचना**

मै, सीमा देवी थापा (उत्तराधिकारी के अनुसार पत्नी का नाम) कानून वैद्य पानी आमी क 05450228-P रैंक EX HAV शंकर कुमार निवासी-41/1 विजय कॉलोनी पो०ओ० हाथीबडकला जिला देहरादून उत्तराखण्ड सीमा देवी थापा से सीमा देवी तथा जन्म तिथि 15.12.1973 है, जिसको कोर्ट देहरादून शपथ पत्र नोटरी द्वारा दिनांक 2.12.2022 को सत्यापित किया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुरुदास पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी ग्राम बीतिया परगना, तहसील व जिला सहारनपुर ,उ०प्र० विक्रेता व लता रानी पत्नी स्व० श्री सुभाषचन्द निवासी प्रकाश बिहार कालोनी सहारनपुर,उ०प्र० क्रेता है जिसका बही न० 1 जिल्द 732 के पृष्ठ 317/326 का नम्बर 2148 का दिनांक 28-04-04 को रजिस्टर है। यह मूल विक्रय पत्र वास्तव में कही खो गई है। किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग गैर कानूनी होगा। यदि यह दस्तावेज किसी को मिलता है तो इस नम्बर पर सम्पर्क किया जाये।
**नवीन बगवाडी एडवोकेट**
**9760716059**

## भर्तियों में सामने आया भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद: कापड़ी

- कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

भास्कर समाचार सेवा



पत्रकारों से वार्ता करते करन माहरा व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी।

**देहरादून।** कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में पिछले 6 वर्ष में जितनी भी भर्तियां आयोजित की गई हैं उनमें से अधिकतर भर्तियों में भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद सामने आया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा एवं उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में आज भी लगातार गिरफ्तारियां जारी हैं वहीं सहकारिता विभाग की भर्तियों में कई जनपदों में भाई भतीजावाद व घोटाले उजागर हुए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से की जा रही भर्तियों में अपनी ही नियमावाली का उल्लंघन किया जा रहा है। लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पॉलीटैक्निक परीक्षा 2015 में पदों के सापेक्ष 5 के स्थान पर 8 अभ्यर्थियों का नियम विरूद्ध चयन कर दिया गया है। आरटीआई के माध्यम से प्राप्त दस्तावेज दिखाते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आयोग की ओर से ली गई परीक्षा की अंकतालिका में हेरफेर की नीयत से नंबरों में कटिंग की गई है तथा कुल नम्बरों के जोड में भी अंतर पाया गया है जो भर्तियों में सीधे-सीधे भारी भ्रष्टाचार है। अतः इन भर्तियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से लोकसेवा आयोग को एई और जेई पदों की भर्ती की जिम्मेदारी सौंपी गई है जो कि राज्य के बेरोजगार युवाओं के साथ बडा अन्याय है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य के बेरोजगार नौजवानों के हित में सडक से लेकर सदन तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी, मीडिया पैनलिस्ट शीशपाल बिष्ट, विजयपाल रावत मौजूद रहे।

## कार्य समय पर पूर्ण न हुआ तो होगी कार्रवाई: ध्यानी

- निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** पिटकुल के प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी की ओर से इरकॉन, आरवीएनएल एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली गयी। रेलवे की निर्माणाधीन परियोजनाओं को ससमय पूर्ण करने के संबंध में विस्तृत वार्ता करते हुए समस्त संभावनाओं के मद्देनजर पिटकुल की तकनीकी टीम शनिवार को कुमाऊं क्षेत्र का दौरा कर विस्तृत आख्या शीघ्र ही प्रबंध निदेशक को प्रस्तुत करेंगे जिससे कि समस्त संभावनाओं पर विचार करते हुए रेलवे के कार्यों को गति दी जा सके तथा ससमय परियोजना को पूर्ण किया जा सके।

जो कार्यदायी संस्थायें कार्यों के पुर्ननिर्धारण के उपरांत भी अनुबंध के अनुसार कार्य सम्पादित नहीं कर रहे है उनको स्पष्ट निर्देश दिये गये कि कार्य ससमय पूर्ण न होने की स्थिति में पिटकुल प्रबंधन की ओर से यथोचित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में नीरज कुमार, निदेशक (परियोजना), सुधाकर बडोनी, निदेशक (वित्त), मुख्य अभियन्ता डीसी पाण्डे, मुख्य अभियन्ता कमल कांत, मुख्य अभियंता एचएस हयांकी, एसके तोमर, महाप्रबंधक (वित्त) व अन्य अधिकारी, तथा उत्तर-पूर्व रेलवे, भारतीय रेलवे से विवेक गुप्ता, एडीआरएम, इज्जतनगर, विरेन्द्र कुमार यादव, वरि डीईई, इज्जतनगर एवं इरकॉन से संजीव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक मौजूद रहे।

### एफआरडीसी भवन में आयोजित हुई बैडमिंटन क्लब की कार्यकारिणी बैठक में लिया निर्णय

# सचिवालय बैडमिंटन अंतरविभागीय प्रतियोगिता 17 से

भास्कर समाचार सेवा



कार्यकारिणी बैठक करते सचिवालय बैडमिंटन क्लब के सदस्य।

**देहरादून।** उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को सचिवालय परिसर स्थित एफआरडीसी भवन में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से प्रतियोगिता 17 से 19 दिसंबर को परेड ग्राउंड स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित की जाएगी।

बैठक में प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर निर्धारित की गई है। कल आपने सभी प्रतिभागी टीमों से अनुरोध किया है कि वह नियत तिथि तक अपनी एंट्री सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता का आयोजन जीरो वेस्ट की थीम के साथ किया जाना है, जिसमें शहरी विकास विभाग की ओर से भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

बैठक में प्रतियोगिता के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। पूर्व में यह प्रतियोगिता माह नवंबर 2022 में निर्धारित की गई थी किन्तु विधान सभा सत्र के कारण प्रतियोगिता की तिथि में परिवर्तन किया गया। विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी राजीव नयन पांडे एवं रंजना को प्रदान की गई। क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता का यह आठवां संस्करण है, जिसमें राज्य के अनेक विभागों की ओर से अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत की है। बैठक में महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह डुंगरियाल, प्रतियोगिता के संयोजक एसएस सजवाण, पुष्कर सिंह नेगी, संदीप कुमार, राजीव नयन पांडेय, रमेश सिंह बर्त्वाल, सोनिया मलिक एवं रंजना उपस्थित थे।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362 266.
कॉर्पोरेट कार्यालय: 10वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलॉन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास , गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-400 063, महाराष्ट्र.

**डिमांड नोटिस**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन की धारा 13(2) के तहत ब्याज अधिनियम, 2002 (अधिनियम) को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए (नियम)

अधिनियम के तहत अधोहस्ताक्षरी आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड (एबीएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। अधिनियम के अनुसार, निम्नलिखित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। अधोहस्ताक्षरी यथोचित रूप से मानते हैं कि उधारकर्ताओं मांग नोटिस को तामील करने से बच रहे हैं/रहे हैं, इसलिए सूचना चिपकाने और प्रकाशन के अनुसार लागू की जा रही है। नियम। मांग सूचना की सामग्री यहां नीचे दी गई है:
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त कर्जदारों/कानूनी वारिसों )/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर एबीएफएल को राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है। नीचे उनके संबंधित नामों के सामने संकेत दिया गया है, साथ में आगे के ब्याज के साथ नीचे दिए गए कॉलम (डी) में नीचे दी गई संबंधित तारीखों से भुगतान और / या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और अन्य दस्तावेजों / लेखन के साथ पढ़ें, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित। ऋण की देय चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एबीएफएल को गिरवी रख दी गई हैं।

| एस. नं. | कर्जदार का नाम और पता | मांग सूचना दिनांक. और एनपीए तिथि। | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. नम्रता देव, पत्नी। चंदन देव मो. नंबर 9870716314, 2. विनय राणा पुत्र. राम सिंह राणा मो. नंबर 9119785100 पताः फ्लैट नंबर 601, वैली व्यू रेजीडेंसी, आईटी पार्क धोरान वैली व्यू रेजीडेंसी के पास, देहरादून, उत्तराखंड - 248 001, ई-मेल आईडी rana_nam@yahoo.com; पता 2 : 45/5, नई बस्ती चुक्खुवाला, देहरादून, उत्तराखंड-248 001, पता 3: देव उद्यम, 16/48/01 कनाल रोड, जाखन, बालासुंद्रा मंदिर, देहरादून, उत्तराखंड-248 001. लैनः ABFLDHRDSB0000121208 | 08 नवंबर, 2022 और 04 अक्टूबर 2022<br>कुल बकाया/ बकाया राशि<br>53,51,374.26 रु 10.10.2022 तक | संपत्ति का वह सब टुकड़ा और पार्सल 3BHK (टाइप- I) फ्लैट नंबर 601 जिसमें सुपर एरिया 143.77 वर्ग है। माउंट। 6 वीं मंजिल पर स्थित, वेले व्यू रेजीडेंसी का हिस्सा होने के नाते धोरान खसरा संख्या 178 केए और 178 खा पर बनाया गया है और मौजा धोरांखास, परगना सेंट्रल दून, जिलाः देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है, जो संलग्न मानचित्र में अधिक वर्णित है। बाउंडेड और बटेड निम्नानुसार हैः पूर्वः आकाश के लिए खुला पश्चिमः प्रवेश द्वार के लिए सामान्य मार्ग उत्तरः आकाश के लिए खुला दक्षिणः फ्लैट नंबर 602 |

आगे के ब्याज के साथ, अतिरिक्त ब्याज दर पर जैसा कि विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित संबंधित डिमांड नोटिस में कहा गया है, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। यदि उक्त ऋणी पूर्वोक्त के अनुसार एबीएफएल को भुगतान करने में विफल रहता है, तो एबीएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लागत और परिणामों के रूप में पूरी तरह से कथित उधारकर्ता / कानूनी उत्तराधिकारी / कानूनी प्रतिनिधि (ओं) के जोखिम पर। उक्त कर्जदार/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि उक्त अधिनियम के तहत उक्त सुरक्षित संपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) को स्थानांतरित करने के लिए निषिद्ध हैं, चाहे बिक्री के माध्यम से, पट्टे पर या अन्यथा पूर्व लिखित के बिना एबीएफएल की सहमति। कृपया ध्यान दें कि यह सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) के तहत अंतिम नोटिस है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि एबीएफएल अपने अधिकार के भीतर उपरोक्त संदर्भित किसी भी या सभी अधिकारों का उपयोग उधारकर्ताओं के खिलाफ पूरी तरह से उनके जोखिम, जिम्मेदारी और लागत पर करेगा।

स्थान : देहरादून, उत्तराखंड
दिनांक : 03.12.2022

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड

page-4 page 1 12/2/2022 8:59 PM Page 1



आज ही के दिन 1979 में भारत के ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का निधन हुआ था।

## सारसुर्खियां

### शिविर में दर्जनों वर्करों ने रक्तदान किया

**भगवानपुर।** रायपुर उद्योग क्षेत्र स्थित दवाई कंपनी में रक्तदान-शिविर लगाया गया, जिसमें दर्जनों वर्करों ने रक्तदान किया। कंपनी के प्रबंधक अनुभव सिंह ने कहा कि रक्तदान ही महादान है। जानकारी के अनुसार भगवानपुर के रायपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवाई बनाने वाली कंपनी बजाज फॉर्मूलेशन ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 2 दर्जन से अधिक वर्करों ने रक्तदान किया। डॉक्टर्स की टीम ने रक्तदान के इच्छुक कर्मचारियों से रक्तदान कराया। उन्होंने बताया कि हमारे राज्य में सैकड़ों बच्चे ऐसे हैं जिन्हें हर महीने रक्त की आवश्यकता पड़ती है और उनका कोई वारिस भी नहीं है इसलिए रक्तदान की बहुत आवश्यकता है। कंपनी के प्रबंधक अनुभव सिंह ने कहां की रक्तदान ही महादान है, हम भविष्य में भी इस तरह के कैंप लगाकर रक्तदान करते रहेंगे।

### राशन डीलर पर लगाया मनमानी का आरोप

**रुड़की।** ग्रामीणों ने राशन डीलर पर मनमानी का आरोप लगाकर उपजिलाधिकारी को शिकायत की है। शुक्रवार को सिकंदरपुर भैंसवाल गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर राशन डीलर पर मनमानी का आरोप लगाया है। आरोप है कि राशन डीलर ने अक्टूबर और नवंबर का राशन नहीं दिया। विरोध पर अभद्रता कर राशन कार्ड काटनने की धमकी की। उप जिला अधिकारी वैभव गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुहम्मद अब्बास साबरी, रहीस, साहिन, आयशा, शबाना, दिलशाद, साजिदा, खालिहा, मुतंजीर, उस्मानन, इनाम, अनीस और वहाब आदि मौजूद रहे।

### 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**देहरादून।** उत्तराखंड लेखपाल संघ के पंचम महाधिवेशन पर मुख्य अतिथि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद चंद्रेश कुमार यादव का स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## अवैध कॉलोनियों पर की जा रही है कार्रवाई: पांडेय

भास्कर समाचार सेवा

- एचआरडीए ने 250 से अधिक कॉलोनियों को किया सील

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी और एचआरडीए के उपाध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने कहा कि विकास प्राधिकरण की ओर से लगातार अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 250 से अधिक कॉलोनियों को सील किया जा चुका है।धर्मनगरी हरिद्वार में बिल्डरों द्वारा लगातार अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है जिसमें लोगों को मूलभूत सुविधाओं से दो-चार होना पड़ रहा है इसी को देखते हुए हरिद्वार जिला प्रशासन अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है।

विकास प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई के बाद से बिल्डरों में हड़कंप मचा हुआ है।जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे का कहना है कि विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

क्योंकि बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनियां काटी गई थी इसका खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा था। क्योंकि बिल्डर की ओर से वहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी।

इसी को देखते हुए हमारे द्वारा अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जा रही है। कहा कि अब कुछ कॉलोनियों के नक्शे विकास प्राधिकरण में बनने आने शुरू हुए हैं। जिन कॉलोनियों के नक्शे बनने नहीं आएंगे उन कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाएगा।

## धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक से रूकेगा धर्मांतरण: आनंद

- साधु-संतों में खुशी, विहिप ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

भास्कर समाचार सेवा



**हरिद्वार।** मतांतरण पर रोक लगाने के लिए विधानसभा में उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक पारित किए जाने पर विश्व हिन्दू परिषद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तराखंड सरकार का आभार प्रकट किया हैं।

विहिप के उत्तराखण्ड प्रांत अध्यक्ष रविदेव आनंद ने कहा कि विहिप ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उत्तराखंड में निरंतर जारी अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर, प्रभावी कानून बनाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने विश्व हिन्दू परिषद को आश्वस्त किया था कि इस संबंध में जल्द ही संशोधन विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे। आश्वासन को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विधेयक को पारित कर दिया।

इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं।

रविदेव आनंद ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद सनातन धर्म की रक्षा के लिए लंबे समय से यह मांग उठाता आ रहा था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी धर्मांतरण विरोधी कठोर कानून बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा सुनियोजित धर्मांतरण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता हैं।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजातियों के जिन व्यक्तियों ने धर्मांतरण किया है, उन व्यक्तियों को जनजातियों को मिल रहे लाभों से वंचित करने के लिए भी आवश्यक संविधान संशोधन किया जाना चाहिए। इस दौरान संध्या कौशिक, प्रांत प्रवक्ता वीरेंद्र कीर्तिपाल, प्रांत संयोजिका दुर्गा वाहिनी नीलम त्रिपाठी, प्रभुदयाल अग्रवाल, वीरसेन मानव, संगठन मंत्री कुलदीप पंचौली, अनिल भारतीय आदि मौजूद रहे।

## जान लेवा हमले के दोषी को पांच साल की सजा

### सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी की अदालत ने सुनाया निर्णय, छह साल पहले हुई थी घटना



भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** जान लेवा हमला करने के मामले में आरोपी को सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने पांच वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता इंद्रपाल बेदी ने बताया कि आठ जून 2016 को भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण वसीम को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घटना के अनुसार साढ़े छह बजे शाम वसीम गांव में मतलूब की दुकान पर खड़ा हुआ था। वहां पर आरोपी मौके से बंदूक लहराता और वसीम को गोली मारकर वहां से चला गया था। मौके पर मौजूद परिवार वालों व राहगीरों ने चोटिल वसीम को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल रुड़की पहुंचाया था। चोटिल वसीम की गंभीर हालत को देखकर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर मेरठ रैफर किया था।

वसीम के भाई शमीम अहमद ने हमलावर संदीप कुमार पुत्र चमनलाल निवासी ग्राम मानक माजरा थाना भगवानपुर के खिलाफ अपने भाई को जान से मारने की नीयत से फायर करने का मुकदमा दर्ज कराया था। शमीम अहमद ने बताया कि उसके भाई वसीम व आरोपी के बीच दीवार को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश पर हमलावर पर अपने भाई वसीम के ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

वादी पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए। जबकि बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने संदीप को दोषी पाते हुए 5 वर्ष की कैद तथा 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने वारदात में प्रयुक्त बन्दूक रखने के मामले में आरोपी को दोषी पाते हुए छह माह की कैद व एक हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई है।

### टेंडर प्रक्रिया को लेकर बढ़ी तल्खी, नगर आयुक्त ने निरस्त किए




हरिद्वार। टेंडर खोले जाने को लेकर नगर आयुक्त व मेयर की तल्खी इतनी बढ़ गई कि नगर आयुक्त को टेंडर निरस्त करने पड़े। शुक्रवार को नगर निगम की ओर से सर्वानंद घाट पार्किंग ,फूल फरोशी व अलाव के लिए लकड़ी के टेंडर होने थे। जोकि निगम कार्यालय में खुलने थे लेकिन पिछले दिनों कुछ टेंडर मेयर कैंप कार्यालय में खोले गए थे जिसके चलते मेयर अनीता शर्मा अपने कार्यालय में बैठी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का इंतजार कर रही थी तभी एक कर्मचारी द्वारा मेयर अनीता शर्मा को अवगत कराया गया कि नगर निगम कार्यालय में निविदाएं खोली जाएंगी फिर क्या था मेयर अनीता शर्मा अपने समर्थकों सहित नगर आयुक्त कार्यालय में पहुंच गई और टेंडर अपने कार्यालय खोले जाने की बात कहने लगी लेकिन नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती नियमों का हवाला देते हुए निगम कार्यालय में टेंडर खोले जाने की बात पर अड़े रहे जिसको लेकर मेयर पति अशोक शर्मा व नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती में जमकर बहस बाजी हुई। नगर आयुक्त कार्यालय में मौजूद भाजपा पार्षदों ने मेयर का विरोध करते हुए निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने बात रखी। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने अधीनस्थ अधिकारियों को पुनः टेंडर कर मेयर कार्यालय में टेंडर खोले जाने की शर्त रखने के लिए आदेशित किया।

## खबर एक नजर

### पुलिस ने कबाड़ियों का सत्यापन किया

**पिरान कलियर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के कबाड़ियों का सत्यापन अभियान चलाया गया और नाबालिग के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। एसओ मनोहर सिंह भंड़ारी ने बताया कि



एसएसपी के निर्देश पर कलियर में कबाड़ियों का सत्यापन अभियान चलाया गया है। जिसमें कबाड़ियों का सत्यापन और सीसीटीवी केमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। गोदाम में कार्य करने वाले कबाड़ी,मजदूरों का सत्यापन कराने को कहा गया है। वहीं दूसरी और नाबालिग के द्वारा वाहनों चलाते पाए जाने व गलत नंबर प्लेट मोडिफाइड साइलेंसरो, पटाखे छोड़ने वाले, बिना कागजात और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालो वाहनों पर एमवी एक्ट में जुर्माना लगाया गया है और सभी को हिदायत दी गई है कि नियमों का उल्लंघन करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 19 लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी

**रुड़की।** कस्बे के दो गांव में बिजली चोरी की सूचना पर टीम ने छापेमारी कर 19 लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। क्षेत्रीय जेई ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। काफी समय से सिरचन्दी और मोहितपुर में बिजली चोरी की सूचना विभाग को मिल रही थी। जिस पर विभाग ने एक टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ग्रामीणों में हडकंप की स्थिति मची रही। साथ ही ग्रामीण अपने उतारने में लग गए लेकिन विद्युत विभाग की टीम ने अलग-अलग दोनों गांव से 19 लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ ली। जिसमें चुडियाला बिजली घर के क्षेत्रीय जेई वसीम ने तहरीर देकर बिजली चोरी के मामले के केस दर्ज कराया। थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जेई की तहरीर के आधार पर नफीस, तनवीर, याकूब, अब्दुल रहमान, वकार, नौशाद, नसीम, फैजान, शहजाद, जीशान, सिरचन्दी और जाहिद, नसीर, शकील, ताहिर, इरशाद, इकराम, युनूस, इरफान, मुंतजीर निवासी मोहितपुर के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज किया है।

### कार सवारों ने बाइक सवार की जमकर धुनाई की

**रुड़की।** कार सवारों ने कचहरी गेट के बाहर बाइक सवार की जमकर धुनाई की। भीड़ जुटने पर कार में सवार होकर सभी वहां से फरार हो गए। घायल ने कचहरी के गेट के बाहर से अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी। काफी देर तक मौके पर भीड़ रही। कार में हूटर लगा था और वह कार रुड़की के किसी भाजपा नेता की बताई जा रही है। पीड़ित ने हमलावरों को शहर के एक गांव का निवासी बताया है। मोहम्मदपुर मोहनपुरा निवासी कीरत बाइक पर सवार होकर दोपहर के वक्त रामनगर कचहरी गेट के पास पहुंचे। इस बीच वह सड़क किनारे ही खड़े होकर अपने एक परिचित को फोन करने लगे। तभी पीछे से काले रंग की कार आयी, उसमें एक पार्टी का झंडा लगा था। चालक ने हूटर बजाया और बाइक सवार से अभद्रता कर वहां से हटने के लिए कहा। बाइक सवार ने तमीज से बात करने की बात कही। इतनी बात सुनकर चालक का पारा सातवें आसमान पर च-सजय़ गया। कार से तीन-चार युवक निकले और बाइक सवार को पीटना शुरू कर दिया।

### लोडर से छह मवेशी बरामद किए गए

**रुड़की।** उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने मुखबिर की सूचना पर लोड़र रोका। लोड़र से छह मवेशी बरामद किए गये। चालक समेत पांच आरोपियो को जेल भेजा गया। उप निरीक्षक आशीष कुमार, कॉस्टेबल प्रवीण कुमार, प्रवीण खत्री और सुनील कुमार गुरूवार सुबह के वक्त नगला इमरती गांव के पास पहुंचे। जहां उन्होने प्रवीण कुमार, प्रवीण खत्री और सुनील कुमार गुरूवार सुबह के वक्त नगला इमरती गांव के पास पहुंचे। जहां उन्होनें मुखबिर की सूचना पर यूपी 19 नंबर के एक लोड़र को रोका। लोडर मे 6 मवेशी बंधे हुए थे। टीम ने चालक लियाकत मोहल्ला इमरामपुर कैराना शामली, नवाब और फिरोज निवासी जैनपुर खुर्द कोतवाली लक्सर, इंतजार निवासी मरगूबपुर थाना बहादराबाद और इनाम निवासी कासमपुर बूढ़ाहेडी थाना पथरी को पकड़ा। सिविल लाइंस कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप तोमर ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### तंबाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण दिया गया

नारसन। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारसन में तंबाकू नियंत्रण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में ड़ॉ. सुनील राणा की ओर से तंबाकू से होने वाली बीमारी जैसे कैंसर आदि के बारे में जानकारी देते हुए किशोरावस्था में कैसे नशा व तंबाकू के दुष्प्रभाव पर जानकारी दी। शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि वह भी विद्यालयों के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम में योगदान दें। तंबाकू निषेध पर सभी धाराओं व चालान की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अमित कोठियाल ने तंबाकू पर जानकारी देकर प्रचार-प्रसार का महत्व बताया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचिंतन गर्ग व चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक गर्ग की अध्यक्षता में कार्यक्रम में एएनएम एवं सीएचओ व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एमआई ऑफिसर रोहित यादव, तृशा अत्री, अनुज भारद्वाज, धर्मेंद्र शर्मा, किशन पाल, सिद्धार्थ सैनी आदि मौजूद रहे।

## पूर्वांचल के लाल ने कर दिया धमाल

भास्कर समाचार सेवा

- पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी में हुआ सिल्वर मेडल के लिए चयन
- पूर्वांचल उत्थान संस्था करेगी सम्मानित



**हरिद्वार।** पूर्वांचल के लाल प्रबल त्रिपाठी पुत्र विनोद कुमार त्रिपाठी ने अपने परिवार के साथ समस्त पूर्वांचल समाज के लोगों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। पेट्रोल यूनिवर्सिटी की ओर से प्रबल त्रिपाठी का नाम इस वर्ष सिल्वर मेडल के लिए चयनित किया गया है।

समस्त पूर्वांचल समाज की ओर से पिता पुत्र की जोड़ी को बधाई देने वालों का सिलसिला लगा हुआ है। गौरतलब है कि पूर्वांचल समाज के पुरोधा वीके त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे विद्यार्थी प्रबल त्रिपाठी को इस वर्ष का सिल्वर मेडल के लिए चयनित किया गया है। प्रबल बीटेक के विद्यार्थी थे यह उनका फाइनल वर्ष है। प्राथमिक शिक्षा इनकी ग्रेस कन्वेंट स्कूल मथुरा में हुई तत्पश्चात शिव डेल स्कूल हरिद्वार से इन्होंने हाई स्कूल एवं इंटर अच्छे मार्क्स से उत्तीर्ण कियापैट्रोलियम यूनिवर्सिटी। विश्वविद्यालय में इनका चयन बीटेक के लिए हुआ।

प्रबल त्रिपाठी शुरू से ही मेधावी छात्र रहें और हमेशा स्कॉलरशिप विद्यार्थी थे। प्रबल त्रिपाठी ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सरला त्रिपाठी व वीके त्रिपाठी, बड़ी बहने पल्लवी एवं मंजरी त्रिपाठी और गुरुजनों एवं समाज के संभ्रांत व्यक्तियों को दिया है, जिन्होंने समय-समय पर उचित सलाह एवं प्रोत्साहन दिया।

प्रबल त्रिपाठी की सफलता पर पूर्वांचल उत्थान संस्था की ओर से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

## कूड़े को खुले में न फेंकने की शपथ दिलाई

**देहरादून।** उच्च न्यायालय की ओर से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर पारित आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी सोनिका ने छापेमारी अभियान के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा में स्कूली के बच्चों एवं शिक्षकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कूड़े को सार्वजनिक स्थानों एवं खुले में न फेंकने के लिए शपथ दिलाई तथा बच्चों को अपने परिजनों एवं दोस्तों को भी इस के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी विद्यालयों के शिक्षकों से अनुरोध किया विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय बच्चों सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।

## तीर्थ पुरोहित समाज ने किया गंगा में दुग्धाभिषेक

भास्कर समाचार सेवा



**हरिद्वार।** धर्मांतरण रोधी संशोधन विधेयक विधान सभा मे पारित होने पर तीर्थ पुरोहित समाज ने जयघोष के साथ हरकी पैड़ी पर मां गंगा का किया। इस अवसर पर पंचायती धड़ा फिराहेड़ियान के अध्यक्ष उमाशंकर वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित विधेयक पारित कराने वाले समस्त विधायको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे धर्म परिवर्तन के मामलों पर रोक लगेगी और दोषी व्यक्तियों को कड़ी सजा मिलेगी। पंचायती धड़ा फिराहेडियान के मंत्री सचिन कौशिक ने विधेयक में जबरन व दबाव में धर्म परिवर्तन कराने वालों के लिए 10 वर्ष तक कि सजा के प्रावधान का स्वागत करते हुए कहा कि सनातन धर्म को तोड़ने वालों को इससे सबका मिलेगा। समाज सेवी सेवाराम मिश्रा ने विधेयक को आवश्यक बताया। इस अवसर पर उमेश कौशिक, मोहित गोस्वामी, अभिषेक वशिष्ठ, रजत सिखौला, ब्रहम अवतार शर्मा, शिवम अधिकारी, सुनील चाकलान, अनिल कौशिक, वासु लूतिये, शिव नारायण जोशी, बृजेश वशिष्ठ आदि शामिल रहे।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया विधायक का स्वागत

## हरिद्वार के विकास में मदन कौशिक का अहम योगदान: विशाल

भास्कर समाचार सेवा



विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर कौशिक को बधाई देते भाजपाई।

**हरिद्वार।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल राठौर ने हरिद्वार विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व एवं पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मदन कौशिक को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। मदन कौशिक को शुभकानमाएं देते हुए विशाल राठौन ने कहा है कि राज्य गठन के बाद से ही विधानसभा में हरिद्वार का प्रतिनिधित्व कर रहे मदन कौशिक का हरिद्वार के विकास में अहम योगदान रहा। दो बार राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहने के दौरान मदन कौशिक ने भूमिगत विद्युत व रसोई गैस, मेडिकल कालेज, रिंग रोड़ जैसी कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं शहर को दी। भाजपा के लगातार दूसरी बार प्रदेश की सत्ता में वापसी करने में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी मदन कौशिक की कुशल रणनीति का अहम योगदान रहा। विशाल राठौर ने कहा कि मदन कौशिक के भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनने से समस्त भाजपा कार्यकर्ता हर्षित हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मदन कौशिक राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने में योगदान करेंगे। पार्षद नेपाल सिंह, पार्षद राजेंद्र कटारिया, अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जोगिंदर राठौर, जुगल, मांगेराम, प्रदीप, अमरीश सैनी, अनुज राठौर, अर्जुन सिंह आदि ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए मदन कौशिक को शुभकामनाएं दी।

## विकास कार्यों से नहीं किया जाएगा कोई भी समझौता: राजीव शर्मा

**हरिद्वार।** शिवालिकनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा को अध्यक्ष के रूप में सफलतम 4 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर नगर पालिका कार्यालय में सभासदों, पार्टी पदाधिकारियों व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने उपस्थित सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमने हमेशा प्रयास किया है। क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जो भी कार्य होने हैं उन्हें तत्काल किया जाए और हमने यह कार्य किए भी हैं उन्होंने बताया कि चार वर्षों में दो वर्ष कोरोना काल में रहे उसके बावजूद भी हमने सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र में समानता से सड़कों, नालियों व पुलिया निर्माण के अनेकों कार्य किए बहुत सारे निर्माण कार्य गतिमान है और जो कार्य रह गए हैं उन्हें भी जल्द प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर सभासद पंकज चौहान, राधेश्याम कुशवाह, अंकुर यादव व हरिओम चौहान, मंडल महामंत्री कैलाश भंडारी,व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र विश्नोई, मंडल उपाध्यक्ष हिमांशु अहलावत, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रितु ठाकुर, ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष लज्जाराम शर्मा, दीपक नौटियाल, अशोक शर्मा, अवधेश राय, युवा महामंत्री अंशुल शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव गुर्जर, अमित भट्ट, नवीन भट्ट, संचित डागर, विशाल सिंह, राजेंद्र नेगी व अनेक कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।

आज ही के दिन 1972 में होन्डुरान के सेना जनरल ओस्वाल्डो लोपेज अरेलानो ने राष्ट्रपति रमोन क्रुज का तख्ता पलट किया।

# आठ लाख की स्मैक के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

## एसपी देहात ने किया खुलासा, बरेली से लाकर आसपास के इलाकों में बेचते थे स्मैक

भास्कर समाचार सेवा


स्मैक तस्करी का खुलासा करतीं एसपी देहात कमलेश उपाध्याय।

**विकासनगर।** सहसपुर पुलिस ने आठ लाख की स्मैक के साथ दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

शुक्रवार को एसपी देहात कमलेश उपाध्याय ने खुलासा किया कि सहसपुर पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि सफेद रंग के वाहन में क्षेत्र स्मैक की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने टीम गठित की। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस को सभावाला में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर वाहन दिखाई दिया, जिसमें दो युवक सवार थे। पुलिस को शक होने पर दोनों युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से 102 ग्राम से अधिक स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान जसवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी काशीपुर थाना पुरवाला जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश, अतुल कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी देवीनगर पौंटा साहिब सिरमौर हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक जेसीबी चालक व दूसरा टैक्सी चालक है। वे स्मैक बरेली से खरीदकर लाए थे, जिसे वह मजदूरों व नशे के आदी लोगों को मोटे दामों में बेचकर मुनाफा कमाना चाहते थे। जिस व्यक्ति से वह स्मैक लाते थे, उसका वह नाम नहीं जानते।

## 35 नग देवदार समेत एक वाहन जप्त, चालक फरार



**विकासनगर।** चकराता वन प्रभाग के रिवर रेंज के वन विभाग की टीम ने पिकअप वाहन में मीनस रोड में 35 अवैध नग देवदार के जप्त किए। चालक फरार हो गया। रेंज अधिकारी एके भट्ट ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि मीनस रोड से अवैध नग के साथ एक वाहन विकासनगर की ओर आ रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार देर रात को मीनस रोड पर सघन अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें एक पिकअप वाहन दिखाई दिया। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वाहन में देवदार के 35 नग बरामद हुए। वन विभाग ने वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

## पैर फिसलने से गहरी खाई में गिरा युवक, मौत

**विकासनगर।** थाना कालसी क्षेत्रांतर्गत साहिया के पास गुरूवार को शादी में शामिल होने गया एक युवक शौच करने के दौरान अंधेरे के चलते पैर फिसलने से गहरी खाई में जा गिरा। ग्रामीणों व पुलिस ने युवक का शव गहरी खाई से बाहर निकाला। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त देव चौहान पुत्र अनिल चौहान निवासी चांदपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई।

## सारसुर्खियां

### अतिक्रमण के विरुद्ध की चालानी कार्यवाही



**पौड़ी।** पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के कड़े निर्देश पर अतिक्रमण के विरुद्ध कोटद्वार शहर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। कोटद्वार उत्तर प्रदेश राज्य का सीमावर्ती शहर है, जिस कारण उत्तर प्रदेश के बिजनौर, नजीबाबाद, नगीना आदि शहरों तथा कोटद्वार के स्थानीय एवं दूर दराज के क्षेत्रों के लोग खरीददारी करने एवं अपने निजी कार्यों से बड़ी संख्या में कोटद्वार आते हैं। बाहर से कोटद्वार आने वाले लोगों द्वारा अपने वाहनों को पार्किंग में पार्क न कर सड़कों पर बेतरतीब से लगाए जाते हैं| इस कारण आमजन को जाम एवं आवागमन की समस्या से गुजरना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर गणेश लाल कोहली, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार एवं विभव सैनी क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कोटद्वार शहर में सघन अभियान चलाकर अब तक अतिक्रमण करने वाले 32 दुकानदारों के विरूद्ध नियमनुसार चालानी कार्यवाही कार्यवाही की।

### ललित अध्यक्ष, हिमांशु बने महासचिव

**बेरीनाग।** राईआगर कस्बे में व्यापार संघ का गठन हुआ, जिसमें जिला संगठन मंत्री कमलेश पंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में ललित सिंह भंडारी को अध्यक्ष और हरीश भंडारी उपाध्यक्ष, हिमांशु आगरी महासचिव, दान सिंह भंडारी उप सचिव, भगवान कठायत कोषाध्यक्ष, चारू चंद मीडिया प्रभारी, मोहन नेगी और नवीन चंद संरक्षक चुना गया। इस मौके पर सभी नव नियुक्त व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने की बात कही।

# कमजोर नहीं हैं महिलाएं जानें अपना हक: सायरा

- महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिला हिंसा पर किया जागरूक

भास्कर समाचार सेवा




**रामनगर।** ब्लॉक सभागार रामनगर में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष सायरा बानो की अध्यक्षता में महिलाओं के खिलाफ हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव का उन्मूलन सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सायरा बानो ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। जीजीआईसी रामनगर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ लैंगिक भेदभाव एवं हिंसा का उन्मूलन रहा, जिसके तहत पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी, दहेज एक्ट-1961, घरेलू हिंसा,यौन उत्पीड़न एक्ट 2013, बाल विवाह एक्ट 2006, मानव तस्करी आदि पर जागरूक किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट प्रयासों हेतु गंगा लटवाल व शिवांगी को सायरा बानो ने पुरस्कृत करते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने तीन तलाक विषय सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के आत्मरक्षा संबंधी कार्यक्रम पर जोर दिया तथा महिलाओं को उनके हकों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

# वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों की दी जानकारी

- इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया के गढ़वाल चैप्टर की बैठक हुई आयोजित

भास्कर समाचार सेवा


बैठक के दौरान एचएनबी गढ़वाल विवि के प्रोफेसर।

**पौड़ी।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर में शुक्रवार को इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया के गढ़वाल चैप्टर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. योगेंद्र नारायण ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सोसायटी के गढ़वाल चैप्टर के अध्यक्ष प्रो एम एम सेमवाल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बैठक में सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य प्रो. केसी शर्मा भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के बारे में तथा गुडविल सोसाइटी के 1 वर्ष में किए गए कार्य को गढ़वाल चैप्टर के अध्यक्ष प्रो. सेमवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने वर्षभर आयोजित किए गए शिविरों , कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रमों, गरीबी उन्मूलन, महिला उत्थान एवं मेडिकल कैंपों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी। सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा ने कहा कि पूरे राष्ट्र के अंतर्गत 42 सोसाइटी में से एक गढ़वाल चैप्टर श्रीनगर गढ़वाल के सभी कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय एवं महत्वपूर्ण हैं। गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुलाधिपति डॉ. योगेंद्र नारायण ने समय-समय पर सोसाइटी द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर एक नजर

### जिलाधिकारी ने असहायों को बांटे कंबल



**उत्तरकाशी।** असहाय, गरीब और लाचार लोगों को ठंड से बचने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने देर रात को गर्म कंबल वितरित किए। खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे राहगीरों को जिलाधिकारी ने तत्काल नगर पालिका के रेन बसेरा में शिफ्ट कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मौसम के बदलते ही सर्दी बढ़ने लग गई है। उन्होंने सभी एसडीएम एवं ईओ नगर पालिका और नगर पंचायत को असहाय, लाचार राहगीरों को रेन बसेरों ठहराने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**उत्तरकाशी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के तत्वावधान में सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह एवं झंडा दिवस मनाए जाने के विषय पर एवं संविधान दिवस सप्ताह के परिपेक्ष्य में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। शुक्रवार को जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशल किशोर शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में पहले से तीसरे स्थान पर रही बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें गीता, अमीषा व्यास, समीक्षा पंवार, संजना, मनीषा शामिल रहीं।

### शत-प्रतिशत साक्षर जिले को चलेगा अभियान



**चमोली।** जनपद को शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अभिनव पहल पर प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्रों में निरक्षर लोगों को चिन्हित कर उन्हें ज्ञान मित्रों के माध्यम से साक्षर बनाया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों के साथ चिंतन बैठक आयोजित कर इस दिशा में गहनता से चर्चा की और सभी के सुझाव लिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्र में निरक्षर लोगों को चिन्हित किया जाए। ब्लाक स्तर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त करते हुए प्रत्येक गांव क्षेत्र में ज्ञान मित्रों को शिक्षण कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा अधिकारियों को सभी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि विगत सर्वे के आधार पर जिले की साक्षरता 82.65 प्रतिशत है, जिसमें पुरूष साक्षरता 94.18 तथा महिला साक्षरता 73.20 प्रतिशत है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डायट के प्रवक्तागण आदि उपस्थित थे।

### जोशीमठ बचाने को होगा जनांदोलन

**जोशीमठ।** नगर के अस्तित्व को बचाने के लिए विशाल आंदोलन की तैयारी की जा रही है। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर साफ कहा कि नगर में निरंतर हो रहे भू कटाव से नगर को खतरा है। पिछले 12 सालों से एनटीपीसी ने टनल बनाने के नाम पर नगर को खुर्द-बुर्द करके रख दिया है। इसलिए पूर्व में किए गए वादे के अनुसार एनटीपीसी नगर के सभी मकानों का इंश्योरेंस करें और नगर के ठीक नीचे भयंकर विस्फोट करके बनाए जा रहे हेलंग मारवाड़ी बाईपास के कार्य को शीघ्र रुकवा दिया जाए। ज्ञापन में मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट का जिक्र भी किया गया है, जिसमें नगर को भौगोलिक दृष्टि से असंवेदनशील बताया गया है। ज्ञापन में साफ तौर पर कहा गया है, कि यदि शासन स्तर से जल्द ही कोई उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तो जनता जन आंदोलन को बाध्य होगी।

### आपात स्थिति में बचाव के बताए तरीके



**किच्छा।** ग्राम नौसर पंचायत भवन में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधित आपात स्थितियों के प्रभाव व तैयारियों रोकथाम के लिए नेशनल हेल्थ मिशन व राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र एवं पंचायती राज, आईडीएसपी, डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी आदि विभागों ने जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों वह आशाओं साथ ही एएनएम भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्हें कई जानकारियां दी गईं, जिससे आपातकालीन स्थिति वह रोगों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जानकारी दे सकें। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्राम प्रधानों को फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका निभाने के लिए इनको तैयार किया जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण

**पौड़ी।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने छतरीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस के आउटसाइट किये जा रहे अतिरिक्त निर्माण कार्य, लाइट फिटिंग, सीसीटीवी कैमरा निगरानी प्रणाली, डबल लॉक, एफएलसी, फर्श पर स्मूथली आवागमन होने के दृष्टिगत अवलोकन किया। उन्होंने वेयर हाउस के फ्रंट साइट किसी भी तरह का अतिरिक्त निर्माण कार्य ना करने के निर्देश देते हुए कहा कि भवन का फ्रंट साइट खुला तथा साफ-सुथरा हो।

# सुखदेव मुनि को मिला सुरई रेंज का प्रभार

- वन तस्करों पर लगाम लगाने को बताया प्राथमिकता

भास्कर समाचार सेवा


सुरई रेंज का प्रभार संभालते डिप्टी रेंजर सुखदेव मुनि।

**खटीमा।** वन विभाग की महत्वपूर्ण माने जाने वाली सुरई रेंज का प्रभार डिप्टी रेंजर सुखदेव मुनि को दिया गया है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की पीलीभीत की महोफ रेंज से सटी सुरई रेंज में बाघों की संख्या के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जाती है। सुरई रेंज में जंगल सफारी और पर्यटन के लिए शारदा डाम में क्रोकोडाइल प्वाइंट देखने सैकड़ों पर्यटक आते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र में पर्यटन के अवसर पैदा करने को लेकर वन विभाग के आलाधिकारी लगातार प्रयासरत हैं। ऐसे में सुरई काफी महत्वपूर्ण रेंज मानी जाती है। प्रभारी रेंजर सुखदेव मुनि ने बताया कि उनकी प्राथमिकता वन तस्करों, शिकारियों की धरपकड़, पर्यटन को बढ़ावा देना, उत्तरप्रदेश के वन अधिकारियों और स्टाफ के साथ सामंजस्य बना रेंज की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाना है।वन विभाग के रेंजर सुधीर कुमार का प्रमोशन होने के बाद सुरई रेंज के रेंजर का प्रभार सुखदेव मुनि को दिए जाने पर स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# जिलास्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**टिहरी।** शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष 'जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति टिहरी गढ़वाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक में दिए निर्देशों के क्रम में की गई कार्यवाही, प्रशासन एवं प्रेस के संबंधों को अधिक सशक्त बनाने, शासन-प्रशासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित-प्रसारित करने एवं पत्रकार उत्पीड़न के निराकरण पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत कई वर्षो से जनपद में पत्रकार उत्पीड़न का मामला प्रकाश में नहीं आया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़क पर पड़े मलबा, क्रॉस वेरियर, पैराफिट, स्लाईड जोन, डेंजर जोन तथा मोड़ो पर तीव्र ढाल वाले स्थानों का चिन्हीकरण करें।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

भास्कर समाचार सेवा




**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में शुक्रवार को महंत इंद्रेश हॉस्पिटल ब्लड बैंक व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ब्लड डोनेशन बैंक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को हरी झंडी महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आरएस गंगवार द्वारा दिखाई गई। साथ ही जागरूकता संदेश स्वरूप उन्होंने समस्त छात्र/छात्राओं को रक्तदान को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान के रूप में माना जाता है। जरूरतमंद व्यक्ति को जब यह दिया जाता है तो उसको जीवनदान प्राप्त होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश मोहन नौटियाल द्वारा एचडीएफसी बैंक व महंत इंद्रेश हॉस्पिटल ब्लड बैंक के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए ब्लड बैंक लगाने का कार्यक्रम सुनियोजित किया गया। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजकुमारी भंडारी के नेतृत्व में लगभग 80 छात्र/छात्राओं ने ब्लड बैंक टीम के समक्ष हिमोग्लोबिन एवं वजन जांच कराया, जिसमें स्वस्थ छात्र-छात्राओं/ प्राध्यापक व कर्मचारियों द्वारा लगभग (31) यूनिट रक्तदान किया गया।

धीरे-धीरे रंग ला रहे रॉड्स के प्रयास, नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक हो रहे ग्रामीण कर रहे कॉकटेल से तौबा

# थान गांव की बेटी विनीता की शादी हुई नशा मुक्त

भास्कर समाचार सेवा


नशामुक्त शादी के प्रमाणपत्र के साथ विनीता।

**टिहरी।** रॉड्स अध्यक्ष सुशील बहुगुणा के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। शादियों मे कॉकटेल मुक्त पार्टी करवाने की उनकी मुहीम को थान गांव की विनीता की शादी मे देखने को मिला। विनीता, जो उच्च शिक्षा प्राप्त है तथा जिसका चंबा में सेल प्वाइंट के नाम से मोबाइल का शोरूम है, की शादी काटल निवासी आर्किटेक्ट नरेंद्र से हुई।

विनीता की दो बहनों की शादी हो चुकी है, लेकिन विनीता ने समाजसेवी सुशील बहुगुणा की चलाई गई मुहिम 'शराब नही संस्कार दीजिए' से प्रभावित होकर मन मे ठान लिया कि वह अपनी शादी शराब मुक्त करेगी। उस पर उसके परिवार ने उसका साथ दिया और उसकी शादी नशामुक्त हुई।

इस अवसर पर सुशील बहुगुणा ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए व आने वाली पीढ़ी के लिए एक कोढ़ है, जिसका इलाज संभव नहीं है। इस अवसर पर सुशील बहुगुणा द्वारा विनीता को सम्मानित किया गया व मेहमानों को एक समय की पिठाई दी गई।

ग्राम प्रधान कुलबीर सिंह चौहान ने कहा कि विनीता ने नशामुक्त शादी कर हमारे गांव का नाम रोशन किया है। दुल्हा के पिता अतुल नेगी ने कहा कि हमारी बहु ने समाज को नशा से मुक्ति हेतू एक प्रेरणा का कार्य किया है जो समाज को एक मार्गदर्शक के रूप मे लाभदायक होगा। कार्यक्रम मे रॉड्स की कुंभी बाला भट्ट, लक्ष्मी, पदम गुसाई, रवि गुसाई, कुलबीर चौहान आदि ने इस मुहिम की सराहना की व अन्य जनो से आगे आने की अपील की।

उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर गढ़वाल
फोन / फैक्स न0- 01346-252191, ई-मेल eepwdsrinagar@rediffmail.com, eepwdsrinagar2013@gmail.com
UTTARAKHAND
उत्तराखण्ड शासन

पत्रांक : 1890/24 एम०जी० दिनांक 02/12/2022

निविदा (ई-टेण्डरिंग)

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० श्रीनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल बिड) के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 08.12.2022 से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रु0 ) | नि वि दा प्रपत्रों का मूल्य ( रु० ) | नि वि दा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत अरकनी-खन्दूखाल- मुछियाली मोटर मार्ग के कि0मी0 17, 18 तथा 19 में पी०सी० द्वारा नवीनीकरण का कार्य । | Rs. 90,000.00 | 3000.00+ 18% GST | 120 दिन | 03 माह | श्रेणी 'डी' या उच्चतर मार्ग निर्माण हेतु |

आमंत्रित निविदा में नियमानुसार जी०एस०टी० का भुगतान अलग से किया जायेगा एवं अन्य सभी कर रॉयल्टी इत्यादि निविदा में सम्मिलित है। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

दैनिक भास्कर
06 शनिवार, 03 दिसम्बर, 2022 देहरादून

# कुमाऊं-आसपास

आज ही के दिन 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ था।

## सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 60 महिलाएं करेंगी प्रतिभाग

भास्कर समाचार सेवा

**बाजपुर।** ग्राम पंचायत घर बरहैंनी में सात दिवसीय मौन पालन का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ, जो उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तराखंड ज्योंली कोट नैनीताल के प्रशिक्षक पूरन सिंह एवं हरीश सिंह द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में 60 महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। प्रत्येक महिला को 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि मिलेगी। साथ ही एक महिला को 10 बक्से मोन पालने के सूट पर मिलेंगे। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री उमा जोशी, समाजसेवी बिरेंद्र सिंह बिष्ट, कैप्टन एनडी जोशी ने किया। इस अवसर पर आरके सिंह, गुरबख्श सिंह, कमलजीत कौर, किशन लाल सागर, गगनदीप कौर, शकील साह आदि उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में बरहैंनी, हजीरा, हरीपुरा आदि क्षेत्रों की महिलाएं एवं पुरुषों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



प्रशिक्षण शिविर के दौरान महिलाएं।

## यमुना से जमुना तक हम सभी एकता के सूत्र में बंधे: धामी

- दिल्ली एमसीडी चुनाव में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का धुआंधार प्रचार
- उत्तराखंड सेवा समिति के प्रचार कार्यक्रम में भाजपा के पक्ष में बनाया माहौल

भास्कर पोखरियाल (दैनिक भास्कर)

**रुद्रपुर/नई दिल्ली।** दिल्ली के एमसीडी चुनाव में उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी धुआंधार चुनाव प्रचार शुरू किया हुआ है। वह पिछले करीब एक पखवाड़े से अपने व्यस्तम समय के बावजूद दिल्ली एमसीडी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। खास बात यह है कि शीतकालीन सत्र के बाद भी सीएम धामी सत्र की कार्रवाई पूर्ण होने के बाद अपने शाम के समय में दिल्ली में पार्टी हाईकमान के निर्देश पर देर रात तक प्रचार अभियान में जुटे रहे।

गुरुवार शाम को उन्होंने दिल्ली के छतरपुर और बदरपुर विधानसभा के वार्ड 181 सहित कई वार्डों में चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। नई दिल्ली के बदरपुर विधानसभा के वार्ड 181 में उत्तराखंड सेवा समिति की ओर से आयोजित चुनाव प्रचार कार्यक्रम मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने अपने भाषण से जहां युवाओं को प्रभावित किया, वहीं मातृ शक्ति और बुजुर्गों को अपने उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता से जोड़ते हुए उनका भी दिल जीता।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के हिमालय से निकलने वाली यमुनोत्री जिस तरह से पूरे भारतवर्ष में अपना आंचल फैलाए हुए है, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों से मैदानी इलाकों में आने पर इसे यमुना कहते हैं और कई जगह जमुना शब्द से भी गंगा का नाम रखा गया है। यमुना से जमुना तक हम सभी एक हैं और आपसी भाईचारे के साथ एकता के सूत्र में बंधे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और उनके कार्यों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आज जिस तरह से पूरा देश विकास के तमाम आयाम छू रहा है, वह काबिले तारीफ है। आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिन्होंने भारत को विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों में पहचान दिलाई है। उन्होंने इस दौरान भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री को सुनने के लिए हजारों की भीड़ और खासकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री किशन पाल गुर्जर, दिल्ली सरकार में नेताप्रतिपक्ष रामबीर बिधौड़ी, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर अजय सिंह सहित तमाम भाजपा के बड़े नेता भी मौजूद थे।



नई दिल्ली के बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 181 में एमसीडी चुनाव के प्रचार के दौरान पुष्कर सिंह धामी व अन्य।

### धामी की सादगी से पर्वतीय समाज गदगद

**रुद्रपुर।** दिल्ली के गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सादगी और उनके शानदार संबोधन से पर्वतीय समाज के लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के प्रचार कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सीएम धामी की सादगी की चर्चा खूब देर तक चलती रही। बदरपुर विधानसभा के वार्ड 181 में आयोजित पर्वतीय समाज के प्रचार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बड़ी ही सादगी के साथ उत्तराखंड के लोगों के बीच गए और सभी से बहुत प्यार से मिले। अपने प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री को करीब से देखकर पर्वतीय समाज के लोग प्रसन्न हुए। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा सत्र की कार्रवाई के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो जाते हैं और शाम को चार बजे से रात्रि साढ़े 11 बजे तक उनका धुआंधार प्रचार दिल्ली एमसीडी चुनाव में चल रहा है।

## सारसुर्खियां

### मनचलों से परेशान छात्रा ने छोड़ा स्कूल

**काशीपुर।** एक छात्रा ने पड़ोसी दो युवकों पर पीछा कर छेड़छाड़ करने व अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। छात्रा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह 12वीं कक्षा की छात्रा है। स्कूल आते-जाते समय पड़ोसी दो युवक उसका पीछा कर छेड़छाड़ करते हैं। मनचलों से परेशान होकर उसने अपनी पढ़ाई भी छोड़ दी है। आरोपी युवकों ने उसका बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। दोनों आरोपी युवक इससे पहले भी उसके साथ जोर जबरदस्ती कर अश्लील हरकतें कर चुके हैं। विरोध करने पर उसे व उसके परिवार वालों को उनके फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। कहा कि इससे पहले उसने राज्य महिला आयोग में शिकायत की है, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बैंक की शाखा पर भड़की महिला का 'हाई वोल्टेज ड्रामा'

### एटीएम का शीशा तोड़ा, आसपास के दुकानदारों से भी की अभद्रता, पुलिस ने महिला को लिया हिरासत में

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक से रुपए निकालने पहुंची महिला को रुपए नहीं मिलने पर महिला का पारा हाई हो गया। महिला ने बैंक के बाहर निकलकर ईंट मारकर एटीएम के दरबाजे का शीशा तोड़ दिया और बाहर सड़क पर हाथ में ईंट लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा कर डाला। महिला के इस हंगामे से बैंककर्मियों व आसपास के लोगों में अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई।

मोहल्ला अल्ली खां के गौसिया मस्जिद के पास रहने वाली शबनम उर्फ शबाना पत्नी साबिर का बैंक ऑफ बड़ौदा की रतन सिनेमा रोड स्थित शाखा में बचत खाता है। वर्तमान में उसके खाते का बैलेंस शून्य है। शाखा मैनेजर श्रवण कुमार जाट ने बताया कि गुरुवार दोपहर में 11 बजे से 12 बजे के बीच में शबनम नाम की महिला हाथ में डंडा लेकर ब्रांच में दाखिल हुई। बैंक के सुरक्षा गार्ड ने शबनम से वह डंडा छीन लिया और उसके बाद उसने बैंक स्टाफ के साथ अभद्रता भी की। महिला ने गुस्से से आगबबूला होकर बैंक की शाखा के बाहर ईंट उठाकर बराबर में लगे एटीएम के शीशे पर दे मारी, जिससे एटीएम का शीशा टूटकर चकनाचूर हो गया। साथ ही आसपास के दुकानदारों समेत अन्य लोगों को भी परेशान करते हुए हाईवोल्टेज ड्रामा किया।

बैंक मैनेजर द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई। आरोपी महिला का कहना था कि उसके खाते में पैसा है, उसको उसका पैसा नहीं मिल रहा, जबकि बैंक मैनेजर श्रवण कुमार जाट ने स्वयं महिला का खाता चेक किया तो बैलेंस शून्य है। बैंक प्रबंधन पूरे मामले में तहरीर देने की तैयारी कर रहा है।

वहीं कोतवाली प्रभारी मनोज रतूडी ने बताया कि बैंक शाखा के मैनेजर के द्वारा फोन पर दी गई सूचना के आधार पर तुरंत मौके पर पुलिस को भेजा गया और महिला को किसी तरह समझा-बुझाकर कोतवाली लाया गया। महिला के हाव भाव से लग रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। महिला के परिजनों से संपर्क कर उन्हें कोतवाली बुलाया गया है। महिला के परिजनों के कोतवाली आने के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



बैंक में हंगामा करती महिला को हिरासत में लेती पुलिस।



एटीएम दरबाजे का टूटा शीशा दिखाते बैंक मैनेजर।

### कोरियर संचालक को साइकिल से टक्कर मार उड़ाए 50 हजार

- बेटी की शादी के लिए निकाली थी बैंक से रकम

**काशीपुर।** कोरियर ऑफिस से घर को पैदल जा रहे कोरियर संचालक को साइकिल से टक्कर मारकर दिन दहाड़े उनकी जेब में रखे पचास हजार रुपए की नकदी पार कर दी। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवास विकास निवासी नीरज गुप्ता पुत्र हरिप्रसाद गुप्ता पंत पार्क के निकट ट्राइकॉन कोरियर एजेंसी चलाते हैं। बुधवार की दोपहर एक बजे नीरज अल्मोड़ा अर्बन कॉपरेटिव बैंक से 80 हजार रुपए निकालकर ऑफिस आए। कुछ समय ऑफिस में बैठने के उपरांत पैदल ही अपने घर आवास विकास जा रहे थे। जैसे ही आवास विकास मोड़ पहुंचे, उन्हें एक युवक ने साइकिल से टक्कर मार दी। बताया कि साइकिल सवार के साथ तीन युवक चल रहे थे। उसके बाद वह घर पहुंचे तो जेब में रखी 500 रुपये की गड्डी 50 हजार रुपए गायब थे। नीरज गुप्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर जांच में जुटी है। नीरज गुप्ता ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 7 दिसंबर को है। उन्होंने सामान खरीदने के लिए 80 हजार रूपये बैंक से निकाले थे।

## पंतनगर को हरा सेमीफाइनल में खटीमा

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. राम सुमेर शुक्ल स्मृति टूर्नामेंट आयोजित

भास्कर समाचार सेवा

**किच्छा।** नगर के इंदिरा गांधी खेल मैदान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. राम सुमेर शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारतभूषण चुघ व जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना ने स्व. पंडित राम सुमेर शुक्ल के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल खटीमा व पंतनगर के बीच खेला गया। पंतनगर की टीम पहले खेलते हुए निर्धारित बारह ओवर में सात विकेट खोकर 104 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए खटीमा की टीम ने 3 बॉल शेष रहते 7 विकेट खोकर 105 रन बनाकर मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।

खटीमा टीम के खिलाड़ी सुमित मैन आफ द मैच बने। साथ ही 3000 का नगद पुरस्कार भी जीत लिया। मुख्य अतिथि भारतभूषण चुघ को टूर्नामेंट संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कमेटी के सदस्यों के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस दौरान कुंदन लाल खुराना, धर्मराज जयसवाल, मुकेश कोली, सुरेंदर चौधरी, राजेश कुमार, विशाल गुप्ता, उमेश पाल आदि उपस्थित थे।



खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते भारतभूषण चुघ।

## एक्सीडेंट करने के बाद दिखाई दादागिरी, मुकदमा दर्ज

- पपकड़ने गई पुलिस से भी करने लगा अभद्रता

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** 'एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी' यह मुहावरा नगरी में साबित हुआ, जब एक युवक मल्लीताल मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट कर भाग आया ।तत्काल इसकी सूचना तल्लीताल पुलिस को दी गई और पुलिस ने युवक को तल्लीताल में रोक लिया। पीछे से पीड़ित भी आ गया, जो इस एक्सीडेंट में घायल हुआ था। फिर क्या था, आरोपी गलती मानने की बजाय ऊपर से उत्तेजित हो गया और दादागिरी दिखाने लगा।

थाना अध्यक्ष के निर्देश पर आरोपी शवंत सिंह पुत्र हिम्मत सिंह खुटियातल चयुडीगाढ को हिरासत में लिया गया और मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में अनूप सिंह, पुष्कर रौतेला, शिवराज राणा मौजूद थे।



## वन विभाग की कार्रवाई से 500 परिवारों पर संकट

भास्कर समाचार सेवा

- लकड़ी मंडी ठेकेदारों के परिवारों में मायूसी
- झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोग बेघर
- रोजी रोटी का गंभीर संकट हुआ पैदा

**खटीमा।** खटीमा के बीचों-बीच पीलीभीत रोड पर आरक्षित वन क्षेत्र साल बोझी नं 1 में 60 वर्षों से लकड़ी का व्यवसाय कर रहे लगभग तीन दर्जन लकड़ी व्यवसायियों को वन विभाग द्वारा हटाने की कारवाई की जा रही है, जिससे इन व्यवसायियों के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े करीब 500 परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गौरतलब है कि साल बोझी में 1960 से लोग लकड़ी का व्यवसाय करते आ रहे हैं। इनके द्वारा पूर्व में सरकार को लीज वर्तमान में विभिन्न प्रकार के टैक्स जीएसटी, इनकम टैक्स, मंडी शुल्क भी दिए जाते हैं।

इन लोगों को विभाग ने ही यहां बसाया था। लीज पर जमीन दी और आरा मशीनों के लाइसेंस भी दिए थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यहां आरा मशीन बंद हो गई, लेकिन लकड़ी से जुड़े लोग अपना व्यापार यहां से करते रहे थे। इस जगह की पहचान लकड़ी मंडी के रूप में मशहूर हुई।

वर्तमान में ये लोग वन निगम से थोक मे लकड़ी खरीदकर उसे फुटकर और फर्नीचर बनाकर बेचते हैं, जिसमें इनके साथ लेबर, आरा मशीन वाले, कारपेंटर, ढुलाई करने वालों सहित करीब 500 लोग आजीविका कमाते हैं।

एक लकड़ी ठेकेदार अपने यहां कई लोगों को रोजगार देता है। यही नहीं, इन लोगों द्वारा वन भूमि व वन संपदा की भी देखभाल की जाती है।

वन व्यवसायियों और झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे ढुलान की लेबर के परिवारों की इन परेशानियों को देखते हुए पूर्व में खटीमा के विधायक और वर्तमान मे मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निराकरण करने के लिए कहा जा चुका है। वन व्यवसायियों का कहना है कि सरकार उन्हें हटाना ही चाहती है तो उनके लिए किसी दूसरे स्थान पर जमीन की व्यवस्था करे, जिससे वे लोग कारोबार कर अपने परिवारों का भरण पोषण कर सकें।

### चित्रकारी और सुलेख के हुनर को बनाया आजीविका का साधन, आज तक नहीं मिल पाई कोई सरकारी सहायता

## अपने हुनर के बल पर दिव्यांगता को मात दे रहे दीपक

भास्कर समाचार सेवा

**लोहाघाट।** कहते हैं कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है। यह साबित किया है दोनों हाथों से दिव्यांग पाटी विकासखंड के खरही ईजर निवासी दीपक शर्मा ने। उन्होंने अपनी दिव्यांगता को मात देते हुए अपनी चित्रकारी के हुनर को अपनी आजीविका का जरिया बनाया है। उन्होंने अपने हाथों की कमजोरी को ही अपनी आजीविका का जरिया बनाकर दिव्यांगों के लिए अनूठी मिसाल पेश की है।

दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बाद भी 32 वर्षीय दीपक शर्मा ने सरकारी सुविधाओं के मोहताज रहने वाले लोगों को आईना दिखाने के साथ दिव्यांगों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया है।

वर्ष 2011 में कुमाऊं विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दीपक ने रोजगार हासिल करने के लिए सरकारी मदद का इंतजार करने की बजाय पेंटिग सीखने पर अपना ध्यान लगाया। अपने हुनर से पेंटिंग और चित्रकला को सम्मानजनक तरीके से जीवनयापन का माध्यम बनाया।

दीपक बताते हैं कि उन्होंने क्षेत्र में आने वाले पेंटरों की पेंटिंग को देखकर स्वयं घर में पेंटिंग बनाने का प्रयास किया। उनके प्रयास को पंख उस समय लगे, जब इंटरमीडिएट में पढ़ने के दौरान जीआईसी भिंगराड़ा में हुई चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इससे उनका हौसला काफी बढ़ गया तथा इन्होंने इस कार्य को अपने व्यवसाय से जोड़ लिया।

कुछ समय बाद इन्होंने बाकायदा पेंटिंग में प्रयुक्त होने वाला सामान खरीदकर आसपास के क्षेत्रों में पेंटिंग बनाने का कार्य शुरू कर दिया। वर्तमान में यही पेंटिंग उनकी दो वक्त की रोटी का साधन बनी हुई है।

दीपक वर्तमान में विभिन्न स्कूलों, सरकारी कार्यालयों में पेंटिंग करने के अलावा विभिन्न विभागों के साइन बोर्डों, बैनर और पोस्टरों के जरिये काम मिलने पर प्रति माह दो से पांच हजार रुपये तक की आमदनी कर लेते हैं। दीपक बेहतरीन पेंटिंग के अलावा सुलेख में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

दीपक के बनाए चित्र और अन्य पेंटिंग देखने पर एक बार भी यकीन नहीं होता है कि यह लिखावट किसी हाथों से दिव्यांग व्यक्ति की है।




दीवार पर श्लोक लिखता दीपक शर्मा।

## ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**खटीमा।** ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खेतलसंडा वन निगम निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद साहिद मंडी समिति में पल्लेदारी का काम करता था। शुक्रवार को मंडी समिति के सामने बरेली से टनकपुर की ओर आ रही ट्रेन की चपेट के आ गया।घटना की सूचना मिलते ही मंडी में काम करने वाले मजदूर और पल्लेदार घटना स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने मामले की सूचना पुलिस व मृतक के परिजनों को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मूल रूप से खाईखेड़ा पीलीभीत यूपी का निवासी है, जो कुछ साल पूर्व वन निगम में झाला बनाकर रह रहा था तथा मंडी समिति में पल्लेदारी कर अपना जीवनयापन करता था।

## लोगों में एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को किया दूर

भास्कर समाचार सेवा

- एनएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान

**बाजपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चार्ट बनाकर एड्स के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस अवसर पर एड्स के प्रति लोगों में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया गया। इस अवसर पर बायोलॉजी प्रवक्ता अमित अग्रवाल ने कहा कि यह साथ खाने, सोने, चूमने, गले लगने से नहीं फैलता, बल्कि असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित व्यक्ति को लगाई सुई से, संक्रमित खून से, असुरक्षित ब्लेड का प्रयोग करने से इस बीमारी के फैलने की संभावना होती है।

कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र बसेड़ा ने बताया कि इस वर्ष डब्लूएचओ ने वर्ल्ड एड्स दिवस 2022 की थीम एक्युलाइज यानि समानता रखी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र बसेड़ा, अमित अग्रवाल, आशीष भटनागर, संजीव चंद्रा, सुनील सक्सेना आदि मौजूद थे।



# ऑक्सीजन लेवल कम होने से घूमने गए युवक की मौत

## मामा के लड़के के साथ गया था खलियाटॉप घूमने, अचानक उठा सीने में दर्द

भास्कर समाचार सेवा

**बेरीनाग।** बेरीनाग तहसील के जगथली गांव निवासी 35 वर्षीय रवींद्र कार्की अपने मामा के लडके वीरेंद्र के साथ मुनस्यारी के पर्यटक स्थल खलियाटॉप घुमने गुरुवार को कार बुक कर गए थे। गुरुवार रात्रि को मुनस्यारी में रुकने के बाद शुक्रवार सुबह खलियाटॉप घूमने निकले। पर्यटक आवास गृह से एक किलोमीटर ऊपर चलने के बाद दोपहर 1 बजे थकान होने पर रवींद्र बैठ गया। कुछ देर बाद सीने में दर्द होने पर वह हांफने लगा तो साथी ने पानी पिलाया और उसके बाद वह अचेत हो गया।



साथ में गए वीरेंद्र और टैक्सी चालक हरीश ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने मुनस्यारी पुलिस और तहसील प्रशासन को सूचना दी। पर्यटक आवास गृह खलियाटॉप के कर्मचारी भी मौके पर गए।

एसडीएम सुंदर सिंह तोमर डाक्टरों की टीम के साथ मौके को रवाना हुए। देर शाम को पुलिस प्रशासन की टीम रेस्क्यू कर युवक सीएचसी मुनस्यारी लेकर आई, जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मामा की बेटी की शादी में शामिल होने आया था घर

बताया जा रहा है मृतक युवक मुंबई में जॉब करता है। पांच दिन पूर्व अपनी मामा की लड़की की शादी के लिए लड़की घर आया हुआ था। 2 दिसंबर को शादी स्थगित होने के बाद उसने घूमने का कार्य कार्यक्रम बनाया। मुनस्यारी के खलियाटॉप से लेकर रामनगर कार्बेट पार्क, नैनीताल घूमने के लिए कार भी बुक कर दी थी, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। रवींद्र की डेढ़ वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। घर में वृद्ध मां है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

युवक की मौत पर विधायक फकीर राम टम्टा, ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज बिष्ट, दीपक धानिक, भूपी कार्की ने शोक व्यक्त किया।

"खलियाटॉप क्षेत्र में युवक के बीमार होने की सूचना मिली। मैं स्वयं डाक्टरों की टीम और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा। युवक को रेस्क्यू कर सीएचसी मुनस्यारी लेकर आए, जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**सुंदर सिंह तोमर**
**एसडीएम, मुनस्यारी।**

# जंगली जानवरों से किसानों को निजात दिलाने का प्रयास

भास्कर समाचार सेवा

- **केवीके के वैज्ञानिक डॉ. खड़ायत कर रहे प्रयोग**

**लोहाघाट।** केवीके के युवा वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र सिंह खड़ायत ने जंगली जानवरों से किसानों को राहत दिलाने के लिए कुछ ऐसे व्यावहारिक प्रयोग करवाए हैं, जो व्यवहार में कारगर साबित हुए हैं। उनके अनुसार जंगली जानवर जैसे बंदर, सूअर, नीलगाय, हाथी तथा अन्य जानवर हर साल किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।



जंगलों में भोजन के अभाव और भोजन की तलाश में जंगली जानवर किसानों के खेतों तक पहुंच जाते हैं। इन जानवरों से अपनी फसलों को बचाने के लिए किसान इलेक्ट्रिक तार बाढ़ या झटका मशीन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

एक एकड़ में तार-बाढ़ लगाने पर लगभग दस से बारह हजार तक का खर्चा आ जाता है। यदि किसान झटका मशीन नहीं लगा सकते तो कटीलें फलों, फूलों और औषधीय पौधों को घना-घना लगाकर खेतों की बाढ़ बना सकते हैं। कटीलें फूलों जैसे गुलाब को भी लगाया जा सकता है। गुलाब जल या सीधे फूलों को बेचकर किसान अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं। गुलाब के पौधे ज्यादा संख्या में उपलब्ध होने पर किसान मौन पालन भी कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पहाड़ पर पाये जाने वाले कांटेदार औषधीय वृक्ष तिमुर को भी बाड़ के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा औषधीय फूल कैमोमाइल, जिससे चाय भी बनाई जाती है, का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

मैदानी क्षेत्रों में कैमोमाइल के पौधों को खेतों के चारों ओर लगाकर जंगली जानवरों को भगाने में खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। इस फूल की गंध से जंगली जानवर स्वयं ही खेत से दूर भाग जाते हैं। सूअरों को भगाने के लिए कुछ जैविक उत्पाद भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिनका इस्तेमाल भी किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए कर सकते हैं। जिन गांवों में जंगली जानवरों की समस्या ज्यादा है वहां पर कृषि विज्ञान केंद्र, लोहाघाट, इन तकनीकों के प्रदर्शन को अब मॉडल के तौर पर लगाएगा, जिनका प्रभाव कुछ समय में दिखेगा।

## देवराज का इंटर स्टेट अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में चयन

**नैनीताल।** सरोवरनगरी में रियल स्टेट बिजनेसमैन व साइकिलिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष विमल चौधरी के पुत्र देवराज चौधरी का अंडर-19 क्रिकेट के लिए चयन हुआ है। बता दें कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से देवराज का चयन हुआ है। देवराज चौधरी इंटर स्टेट अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में प्रतिभाग करेंगे।



यह टूर्नामेंट बीसीसीआई कराती है। सभी क्रिकेटप्रेमियों और प्रदेश के लोगों की निगाहें देवराज पर टिकी हैं कि वह रविवार को टूर्नामेंट में अपना उम्दा प्रदर्शन कर नैनीताल व वी-विहान एकेडमी का नाम रोशन करेंगे। बता दें कि देवराज चौधरी नैनीताल की वी- विहान क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी रह चुके हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 पिथौरागढ़

पत्रांकः 391 /वि0प0ख0(पि0)/पी0-9 दिनांक 30/12/2022

**ई-निविदा सूचना**

विद्युत परीक्षण खण्ड, पिथौरागढ़ निम्नलिखित कार्य / सेवा हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता हैः-

| क्र0 सं0 | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | ऑनलाईन ई-निविदा आवेदन एवं जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन / ऑफलाईन ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 41/ई०टी०डी० (पि०)/2022-23 | विद्युत परीक्षण खण्ड, पिथौरागढ़ के अन्तर्गत इपॉक्सी रेजिन कास्ट 33 के०बी० सी०टी० एवं इपॉक्सी रेजिन कास्ट 33 ये०वी०/110वोल्ट पी०टी० (0.25 Accuracy) की आपूर्ति । | 21.12.2022 16:00 बजे | 22.12.2022 14:00 बजे |

उक्त ई-निविदाओं की अन्य नियम व शर्तें वैबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा की ऑफलाईन तकनीकी बिड (भाग-1) कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि निविदा संख्या 41 / ई०टी०डी० (पि०)/2022-23 हेतु 21.12.2022 (16:00 बजे) होगी। उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा पर अगले कार्य दिवस को निविदायें आमंत्रित एवं खोली जायेगी। एक या समस्त निविदायें निरस्त करने / सामग्री की मात्रा में परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

'विद्युत बिल समय से जमा करे एवं राष्ट्रहित में बिजली बचायें, एलईडी बल्ब का प्रयोग करें
उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर - 18004190405 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें।
विद्युत चोरी व उसका अनाधिकृत उपयोग एक दण्डनीय अपराध है। विद्युत बिलों की प्रति एवं भुगतान 24x7 ऑनलाइन www.upcl.org से करें

**अधिक अभियन्ता**
**विद्युत परीक्षण खण्ड, पिथौरागढ**


## सारसुर्खियां

### खनन विभाग ने की औचक छापेमारी

**सुल्तानपुर पट्टी।** शुक्रवार को कोसी नदी पंखों के द्वारा हो रहे अवैध खनन की शिकायत पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, खनन मोहर्रिर होशियार सिंह रावत ने संयुक्त रूप से औचक छापेमारी की। छापेमारी की सूचना मिलते ही खनन माफिया अपने कोसी नदी मे बने संपर्क मार्गों से भाग खड़े हुए। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि कोसी नदी मे अवैध खनन की शिकायत लगातार मिल रही थी। कोसी नदी में छापेमारी के दौरान कोई भी खनन वाहन नहीं मिला, लेकिन अवैध खनन पर लगातार कार्रवाही जारी रहेगी। अवैध खनन किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

- **सभासद ने वार्डवासियों के साथ मिलकर सौंपा ज्ञापन**

भास्कर समाचार सेवा

**खटीमा।** क्षेत्र मे बढ़ते नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर पकड़िया के ग्रामीणों ने झनकईया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। वार्ड संख्या दस सभासद मुकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण झनकईया थाने पहुंचे, जहां उन्होंने थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वार्ड संख्या दस पकड़िया में विगत कई वर्षों से स्मैक, कच्ची शराब तथा विभिन्न प्रकार के नशा युवाओं द्वारा खुलेआम लिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं के अलावा खटीमा शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग भी पकड़िया में नशे के लिए आते हैं तथा आए



थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते वार्डवासी।

दिन मारपीट एवं गाली गलौज करना आम बात हो गई है। पूर्व में भी लिखित शिकायत के बाद भी नशेड़ियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे लगातार चोरी की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने नशे के कारोबार तथा नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिन सिंह, कौशल कश्यप, संजय मंडल, इकबाल, किशन सिंह आदि थे।

# साप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

- **नियमों का पालन न करने का लगाया आरोप**

भास्कर समाचार सेवा

**बेरीनाग।** बेरीनाग नगर क्षेत्र में साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू करने को लेकर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व में व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। व्यापार संघ ने बताया कि कुछ व्यापारियों द्वारा साप्ताहिक बंदी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे बंद रखने वाले व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।

व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत ने सख्ती से साप्ताहिक बंदी को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ व्यापारी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार संघ के संरक्षक महेश पंत,



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

उपाध्यक्ष कमल खाती, मालती रावत, अंशुल डांगी सहित आदि मौजूद थे।

इधर एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू किया जाएगा। इसे लेकर शनिवार को व्यापार संघ, नगर पंचायत, पुलिस, विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक के बाद साप्ताहिक बंदी के नियमों को लेकर वार्ता की जाएगी।

## महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण विधेयक पास

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से विधानसभा में महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण विधेयक 2022 ध्वनिमत से पास हो गया। इस बड़ी उपलब्धि पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपिका बिनवाल के नेतृत्व में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। भाजपा कार्यालय 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। मंडल अध्यक्ष दीपिका बिनवाल ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। साथ ही महिला मोर्चा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्म दिवस पर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष दीपिका बिनवाल आदि थे।


## कार्यालय प्रभारी सेवायोजन अधिकारी, शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र, दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)

Email Id- ccgedineshpur951@gmail.com

### सेवायोजन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को टंकण एवं आशुलिपि में नि :शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम ।

कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखण्ड द्वारा शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र, दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर) में अनु०जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को समूह 'ग' तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराये जाने हेतु जनवरी 2022 से निःशुल्क छः माह हिन्दी टंकण लिपिकीय व्यवसाय एवं एक वर्षीय आंशुलिपि हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयुसीमा 18 से 30 वर्ष है दिनांक- 5 दिसम्बर 2022 से कार्यालय शिक्षण एवं मागर्दर्शन केन्द्र, आईटीआई परिसर दिनेशपुर से आवेदन-पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर, 2022 है। उक्त प्रशिक्षण में प्रवेश सम्बन्धी अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 7983343156 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**भवदीय,**
**( आर0कै पन्त)**
**प्रभारी सेवायोजन अधिकारी**
**शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र,**
**दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर )**


### कृषि विभाग ने एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रगतिशील किसानों को दीं कई जानकारियां

# अवसंरचना कोष से किसानों की मदद करेगा नाबार्ड

दया जोशी (दैनिक भास्कर)

**हल्द्वानी।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं कृषि विभाग नैनीताल द्वारा आयोजित कृषि एवं कृषि उद्योगों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का हल्द्वानी नवीन मंडी सभागार में आयोजन हुआ। इस दौरान प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि एवं उद्यान के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. दीपाली की पांडे ने जहां जैविक कृषि में कुणप जल की विशेषता पर जोर दिया, वहीं डॉ. कंचन नैनवाल ने किसानों को कम भूमि में जहर मुक्त खेती करने के लिए प्रेरित किया।

आलू फल आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पंतनगर कृषि




कार्यशाला के दौरान किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

विश्वविद्यालय का कोई भी फायदा पर्वतीय किसानों को नहीं मिला। वैज्ञानिकों को यदि अपनी उपलब्धि दिखानी है तो वह किसानों के खेतों में आकर दिखाएं।

मुख्य कृषि अधिकारी वीकेश कुमार यादव ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया।

मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रकार की योजनाएं, जो कि उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित की जा रही हैं, का लाभ किसानों को लेना चाहिए। सरकार द्वारा 40 से लेकर 90 फीसदी तक अनुदान दिया जा रहा है। कोल्ड स्टोरेज के लिए 7.5 लाख का अनुदान भी प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विजय कुमार दोहरे, सहायक कृषि अधिकारी अफरोज अहमद, भूमि संरक्षण अधिकारी भीमताल रितु जुयाल, धारी नारायण सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी फसात हुसैन, प्रगतिशील कृषक नरेंद्र सिंह मेहरा, जैविक ट्रेनर अनिल पांडे, रविंद्र मेहरा, रविंद्र रैकुनी, देवानंद सिंधी, पीसी नैनवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा कृषि अवसंरचना निधि के तहत बजट के सदुपयोग के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं हेतु नाबार्ड विकास मद हेतु धनराशि मुहैया कराता है।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

कायार्लय अधिशासी अभियन्ता

विद्युत भण्डार खण्ड, हल्द्वानी 132 के.वी. उपसंस्थान टेड़ीपुलिया काठगोदाम हल्द्वानी (नैनीताल)

पत्रांकः 1724/ वि0भ0ख0 (ह)/ टी-2 दिनांक 02/12/2022

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भण्डार सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पुनः स्थापन के कार्यो, जिनका विवरण निम्न है हेतु अनुभवी एवं सक्षम ठेकेदारों जिनका ई०पी०एफ० जी०एस०टी० एवं आयकर में पंजीकरण हो से दो भागों में अलग-अलग सील बन्द निविदायें दिनांक 24.12.2022 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। भाग एक के परिपेक्ष में धरोहर धनराशि जो एफ०डी०आर० / टी०डी०आर०सी०डी०आर० के रुप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत भण्डार खण्ड, हल्द्वानी के पक्ष में बन्धक हो रखी जायेगी, और बिना धरोहर धनराशि के भाग दो का लिफाफा जिसमें निविदा शर्ते एवं दरों सहित अन्य प्रपत्र रखे जायेंगे, नहीं खोला जायेगा। भाग एक में अनुभव प्रमाण पत्र, ई०पी०एफ० जी०एस०टी०, आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र भी संलग्न होना आवश्यक है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को नियत समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा संख्या | धरोहर धनराशि | निविदा का शुल्क | निविदा खरीदने की अन्तिम तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत भण्डार केन्द्र, हल्द्वानी से विद्युत भण्डार केन्द्र, अल्मोडा 1. / उपकेन्द्र मासी तक भण्डार सामग्री एवं स्टील टयूबलर पोलों का दुलान कार्य हेतु । | वि०भ० ख० (ह) / 05/2022-23 | 30000.00 | 500+GST (18%) बैंक ड्राफ्ट जो अधि0अभि0 वि०भ० ख० हल्द्वानी के पक्ष में आहरित हो । | 23.12.2022 | 24.12.2022 |

''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें''

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत भण्डार खण्ड, हल्द्वानी**

page-8_page 1 02-Dec-22 10:11 PM Page 1



# संवाद

आज ही के दिन 1889 में स्वतंत्रा सेनानी खुदीराम बोस का जन्म हुआ था।

## अब भी हरे हैं भोपाल गैस कांड के जख्म

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में हुई भयावह गैस त्रासदी को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 03 दिसम्बर 1984 को यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (से निकली जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' ने हजारों लोगों की जान ली थी। इस त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए थे। भोपाल गैस कांड के 38 साल बीत चुके हैं। इस त्रासदी के पीड़ितों के जख्म आज भी हरे हैं। यह हादसा पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाला था कि हादसे में मारे गए लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया और उनका अंतिम संस्कार किया गया जबकि करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 38 साल बाद भी इस सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 55,8125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। करीब आठ हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब आठ हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। कारखाने के टैंक संख्या 610 में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एमआईसी गैस भरी हुई थी और गैस का तापमान निर्धारित 4.5 डिग्री के स्थान पर 20 डिग्री था। 03 दिसम्बर 1984 को करीब 40 टन गैस का जो रिसाव हुआ, उसका एक बड़ा कारण माना गया कि टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के साथ पानी मिल जाने से रासायनिक प्रक्रिया होने के परिणामस्वरूप टैंक में दबाव बना और टैंक का अंदरुनी तापमान 200 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे धमाके के साथ टैंक का सेफ्टी वाल्व उड़ गया और यह जहरीली गैस देखते ही देखते पूरे वायुमंडल में फैल गई। अचानक हुए जहरीली गैस के इस रिसाव से बने गैस के बादल हवा के झोंके के साथ वातावरण में फैल गए और इसकी चपेट में आने वाले लोग मौत की नींद सोते गए।

## प्रारब्ध के अनुसार मिलता है सुख-दुख

व्यक्ति को चाहिए कि हर क्षण भगवान की कृपा का अनुभव करे और प्रारब्ध के अनुसार जो सुख-दुख मिलता है उसे प्रभु का प्रसाद समझकर निर्विकार मन से भोग ले। श्री मदभागवत का पावन संदेश-- इंसान को अपना प्रारब्ध प्रसन्नता से भोगना चाहिए। बुद्धिमान किसान वह है, जो बीज बोते समय अच्छी तरह विचार कर ले कि कौन-सा बीज बोना हितकर होगा। पर जब बीज बो चुका और फसल काटने का समय आया तो यह सोचने से क्या फायदा कि वह बीज बोया होता तो अच्छा होता। ज्ञानी जनों का कहना है— "अब जो बोया है वह तो चुप-चाप काट ले, आगे जब बोना तो सोच समझकर बोना।" लेकिन जीव की प्रवृति क्या है? प्रत्येक जीव प्रायः पाप का बीज बोता रहता है और फल पुण्य का काटना चाहता है। यह कैसे संभव हो सकता है? पाप का बीज बोया है तो पाप और दुख की फसल काटनी ही पड़ेगी, पुण्य का बीज बोया है तो सुख की फसल मिलेगी ही। कोई रोक नहीं सकता। इसलिए प्रह्लाद जी ने कहा- यथा दुखमयत्नत; तथा सुखमयत्नत; सुख भाग्य के अधीन है। यदि तुम कुछ नहीं भी करो और प्रारब्ध अच्छा है तो तुम्हारे लिए जंगल में भी मंगल है। दुख कोई नहीं चाहता फिर भी दुखी होना पड़ता है, उसी प्रकार सुख नहीं भी चाहो और भाग्य में है तो न चाहने पर भी अवश्य मिलेगा। जैसे बिना कोशिश के दुख मिला वैसे ही बिना कोशिश के सुख भी मिलेगा। प्रसन्नता पूर्वक प्रारब्ध को स्वीकार करना चाहिए। बुद्धिमान व्यक्ति प्रारब्ध को हँसकर भोगता है और अज्ञानी रो-रोकर भोगता है, भोगते दोनों ही हैं। यदि आप अपने कर्मों को हँसकर भोगेंगे तो उतना कष्टप्रद नहीं होगा और रोते हुए भोगोगे तो हर क्षण दुखी रहोगे। भगवान की कृपा को हर परिस्थिति में महसूस करना चाहिए। आखिर जीवन में किया क्या जाए? तन, मन और वचन से हरि चरणों की वंदना करने की आदत डालनी चाहिए। ऐसा नही कि वाणी से कुछ कहा, मन कुछ दूसरा हिसाब लगा रहा है और तन किसी दूसरे काम में लगा है। मन, वचन, कर्म तीनों से एक होकर जिसने प्रभु को भजना सीख लिया और इन तीनों को अपनी जबान में उतार लिया उसका भगवत धाम में रिज़र्वेशन हो गया। पुत्र को पिता की संपत्ति पाने के लिए पिता की आज्ञा में रहना पड़ता है। पिता का आज्ञाकारी पुत्र हो गया तो पिता की सारी संपत्ति हमारे नाम हो जाएगी। हम उस परम पिता परमेश्वर की संतान हैं। जब परमात्मा की संतान हैं तो परमात्मा की मोक्ष रूपी संपत्ति में हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। पर हम लोग क्या करते हैं। परमात्मा को तो मानते हैं किन्तु परमात्मा की नहीं मानते हैं।

## प्रेरणाप्रद मोती



प्रत्येक काम का अपना अवसर होता है और अवसर वही है, जब वह काम आपके सामने पड़ा हो।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको कार्य में सफलता और यश-कीर्ति मिलेगी। आर्थिक रूप से आज का दिन बेहतर रहेगा है।
**वृष :** मनोरंजन का लाभ उठाएं, परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। वाहन-सुख मिलेगा व मान-सम्मान भी मिलेगा।
**मिथुन :** आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में आप न पड़ें। आज आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जो की उस व्यक्ति को आश्रयचकित कर सकता है।
**कर्क :** आपके वैवाहिक जीवन में खटास पैदा हो सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी से काम लेना होगा।
**सिंह :** अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाह रहे हैं तो फैसला लेने की अपनी क्षमता को और विकसित कीजिए।
**कन्या :** आज आपके आमदनी बढने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें। व्यवसाय से जुड़ा कोई फैसला लेते वक्त आप सावधान रहें ताकि कोई आप को ठगे नहीं क्योंकि अंदेशा है कि आपके व्यवसायिक साझेदार आपके व्यवहार का नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करें।
**तुला :** व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा। वसूली के पैसे आएंगे। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा।
**वृश्चिक :** आज के दिन कार्यालय का माहौल अनुकूल बना रहेगा। वैवाहिक जीवन पर आशंकाओं के बादल मण्डरा सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही बीमारी से आज आराम मिलेगा।
**धनु :** आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। मन में व्यग्रता रहेगी।
**मकर :** आज आप ज्यादा खाने से बचें। अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा। आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं।
**कुंभ :** नये विचार भी दिमाग में आयेंगे। आप अपने दृढ़ प्रयासों से अपने लक्ष्य को पा लेंगे और आपके सपने साकार होंगे।
**मीन :** उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा। मित्रों के मिलने से आपको आनंद होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण रहेगा।

# विश्व में एकता की भावना बढ़ाएगी जी-20 अध्यक्षता



नरेन्द्र मोदी

जी20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है।




आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है । आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंक और महामारी जैसी जिन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है।हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। **- लेखक वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री हैं।**

# आवश्यकता है ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी करने की



भूपेंद्र यादव

27वां पार्टियों का सम्मेलन (कॉप 27) पिछले सप्ताह समाप्त हुआ और कई चुनौतियों तथा विचारों में भिन्नता के बावजूद, सदस्य देशों ने जटिल मुद्दों के समाधान के प्रयास किए। कॉप 27 को कार्यान्वयन के लिए कॉप का ब्रांड नाम दिए जाने के साथ, प्रमुख मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख हैं- हानि और क्षति वित्त पोषण पर समझौता; अनुकूलन और शमन कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, जो उत्सर्जन में कमी का मुकाबला करता है और प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करता है तथा जो वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर रखने के अधिक महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए वैश्विक समुदाय को प्रेरित करता है।

भारत की दृष्टि से कॉप 27 के परिणाम महत्वपूर्ण रहे हैं, क्योंकि एक देश के रूप भारत के या विकासशील देशों की सामूहिक आवाज के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित चिंताओं, विचारों और सुझावों को उचित महत्व दिया गया है। शर्म अल-शेख कार्यान्वयन योजना मानती है कि ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2019 के स्तर की तुलना में 2030 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की तेज और निरंतर कमी किए जाने की आवश्यकता है। योजना यह भी स्वीकार करती है कि विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों के आलोक में एवं सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के संदर्भ में सामान्य लेकिन पृथक जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं (सीबीडीआर-आरसी) को दर्शाते हुए, न्यायपूर्ण और सर्वोत्तम उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान के आधार पर, इस महत्वपूर्ण दशक में त्वरित कार्रवाई की




आवश्यकता है। भारत, राष्ट्रों के लिए जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को निर्धारित करने और इन्हें पूरा करने में सीबीडीआर-आरसी दृष्टिकोण अपनाने का मुखर समर्थक रहा है, ताकि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से पृथ्वी को बचाने की इस संयुक्त लड़ाई में हम ऐतिहासिक प्रदूषण फैलाने वाले देशों और तकनीकी व वित्तीय अंतर के प्रति सचेत रहें तथा हरित विश्व निर्माण के लिए विकासशील देशों को शामिल किए जाने की आवश्यकता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी 26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। देशों को निम्न-कार्बन उत्सर्जन की ओर बढने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करते हुए, कॉप27 कार्यान्वयन योजना राष्ट्रीय

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी 26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

परिस्थितियों के अनुरूप सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों को लक्ष्य-आधारित समर्थन देने और एक न्यायपूर्ण परिवर्तन की दिशा में समर्थन की आवश्यकता की पहचान करने का आह्वान करती है। इसने मान्यता दी कि विकासशील देशों को दिया गया अधिक समर्थन, उनकी कार्रवाई संबंधी उच्च महत्वाकांक्षा को अनुमति प्रदान करेगा। भारत ने इस बात को रेखांकित किया कि अधिकांश विकासशील देशों के लिए न्यायपूर्ण बदलाव की तुलना सिर्फ कार्बनीकरण को कम करने से नहीं की जा सकती है, लेकिन कम-कार्बन उत्सर्जन के साथ, विकासशील देशों को, अपनी पसंद के ऊर्जा मिश्रण तथा एसडीजी हासिल करने में, स्वतंत्रता की आवश्यकता है। कॉप 27 ने सभी जलवायु कार्रवाईयों- न कि केवल शमन, बल्कि शमन, अनुकूलन, वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण- पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को रेखांकित किया।

कॉप 27 योजना ने गंभीर चिंता के साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से मुकाबले के लिए अनुकूलन के मौजूदा स्तरों और उन स्तरों, जिनकी आवश्यकता है, के बीच मौजूदा अंतर को; जलवायु परिवर्तन छठी आकलन रिपोर्ट पर अंतर-सरकारी पैनल के सन्दर्भ में कार्य समूह द्धद्ध के योगदान के निष्कर्षों के अनुरूप बताया। पार्टियों से क्षमता बढ़ाने, सहनीयता को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन के प्रति खतरे को कम करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। इसने विकासशील देशों से जलवायु वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अनुकूलन के लिए क्षमता निर्माण संबंधी अपने प्रावधान को तत्काल और महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि विकासशील देशों की जरूरतों का समाधान किया जा सके। भारत ने लंबे समय से अनुकूलन को उचित महत्व देने और विकासशील देशों की जरूरतों के पैमाने के अनुरूप संसाधनों के पैमाने पर चर्चा करने की तत्काल आवश्यकता पर अपनी लड़ाई को जारी रखा है। **-लेखक केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा श्रम और रोजगार मंत्री हैं।**

# पुरातन मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा जरूरी



दीप्ति अंगरीश

समाज और देश के विकास के लिए सबसे जरूरी है कि हमारा समाज पूरी तरह से शिक्षित हो। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए पुरातन मूल्यों के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करना होगा। तमिलनाडु के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक के. रामचन्द्रन ने कहा कि हमारी पुरातन शिक्षा व्यवस्था में गुरूकल व्यवस्था रही है। शिक्षक और छात्र में परिवेश और रहन-सहन का कोई अंतर नहीं था। गुरुदक्षिणा एक अनिवार्य व्यवस्था थी। यदि आज भी उसी व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही पूरे देश में लागू कर दिया जाए, तो पूरा समाज शिक्षित हो जाएगा। वाराणसी में काशी तमिल संगमम के दौरान शिक्षक के रामचन्द्रन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। छात्र की तरह स्कूली परिधान पहने के. रामचंद्रन हर दूरी को पाट रहे थे। मंच से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार को हर ग्रामीण इलाके में स्कूलों को स्मार्ट क्लास बनाना चाहिए, जो पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस हो।

उन्होंने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इसे बनाने में महज 20 हजार रूपये का खर्च आएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों से सामासजिक उत्तरदायित्व, लोगों के कर्तव्य, अभिभावक की जिम्मेदारी में कमी देखी जा रही है। इसलिए बेहद जरूरी है कि शिक्षा के पारंपरिक व्यवस्था का अनुशीलन हो। आज हम काशी में बात कर रहे हैं और यह शिक्षा का प्रमुख केंद्र रही है। तमिलों के लिए भी काशी आना हमेशा से ही गर्व की बात रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर में काशी तमिल संगमम के दौरान तमिलनाडु से आई शिक्षिका सी. मुतुलक्ष्मी ने कहा कि हमें एक तरह से 1893 के शिकागो के धर्म संसद का आभास हो रहा है। हमने उस संसद के बारे में पुस्तकों में पढ़ा है। लेकिन, विख्यात शिक्षा केंद्र बीएचयू में जब हम इतने शिक्षकों और बुद्धिजीवियों के बीच बैठक शिक्षा पर बात कर रहे हैं,

**तमिलनाडु के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक के. रामचन्द्रन ने कहा कि हमारी पुरातन शिक्षा व्यवस्था में गुरूकल व्यवस्था रही है। शिक्षक और छात्र में परिवेश और रहन-सहन का कोई अंतर नहीं था। गुरुदक्षिणा एक अनिवार्य व्यवस्था थी। यदि आज भी उसी व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही पूरे देश में लागू कर दिया जाए, तो पूरा समाज शिक्षित हो जाएगा। वाराणसी में काशी तमिल संगमम के दौरान शिक्षक के रामचन्द्रन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। छात्र की तरह स्कूली परिधान पहने के. रामचंद्रन हर दूरी को पाट रहे थे। मंच से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार को हर ग्रामीण इलाके में स्कूलों को स्मार्ट क्लास बनाना चाहिए।**

तो स्वामी विवेकानंद की कही कई बातें अनायास ही मानस पटल पर आ रही है। तमिलनाडु से आए एक अन्य शिक्षक के. एस. नारायणन ने कहा कि कई रिपोर्ट में यह सिद्ध हो चुका है कि जो समाज अपनी मातृभाषा में सिद्धहस्त नहीं है, वह किसी अन्य भाषा को नहीं सीख सकता है। हमें गर्व है कि पूरा तमिलनाडु और यहां बैठे हमारे तमाम राज्यवासी अपनी मातृभाषा को जीते हैं। इसलिए हमें कोई अन्य भारतीय भाषा को समझने में दिक्कत नहीं आती है। **- लेखक पत्रकार व समसामयिक विषयों की जानकार हैं।**

# सबको सियासत में हक नहीं देती राजधानी दिल्ली

लघु भारत का दर्जा हासिल कर चुकी देश की राजधानी दिल्ली सियासत में सबको बराबर का हक देने में नाकाम रही। उसके पास आगामी 4 दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम के चुनावों में अपनी छवि को उजला करने का मौका था। वह अपने को बदल सकती थी। पर दिल्ली इस बार नहीं बदली। उसे यथास्थितिवादी रहना ही पसंद आता रहा। वह चाहती तो मुंबई की तरह समावेशी हो सकती थी। उसके पास अनुपम अवसर था बांग्लाए तमिलए मराठीए तेलुगू, गुजराती भाषियों को अपना नगर सेवक चुनने का। भारतीय जनता पार्टीएकांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने 250 सदस्यों के निगम के सदन के लिए किसी गैर.हिन्दी भाषी को टिकट नहीं दिया। अफसोस कि इन्हें एक भी गैर-हिन्दी भाषी नहीं मिला जिसे ये अपना उम्मीदवार बना पाते। ये सब दिल्ली में दशकों से रह रहे हैं और इस महानगर को समृद्ध कर रहे हैं। इन सबने दिल्ली में दर्जनों श्रेष्ठ स्कूल खोले। जिनसे लाखों बच्चों ने पढ़ाई की और वे बेहतर नागरिक बने। ये दिल्ली के खेलए शिक्षा और बिजनेस जगत में भी अपनी छाप छोड़ते रहे।

आमतौर पर माना जाता है कि दिल्ली में पैसा पंजाबियों और बनियों ने सबसे ज्यादा कमाया है। तमिल भाषी शिव नाडार इस सोच को ध्वस्त करते हैं। वे मूल रूप से तंजावुर जिले से है। शिव नाडार की नेटवर्थ 14.3 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसारए शिव नाडार राजधानी के सबसे धनी शख्स हैं। उन्होंने यहां आकर कुछ साल डीसीएम डाटा प्रोडक्टस में नौकरी की। उसे 1976 में छोड़कर एचसीएल इंटरप्राइजेज की स्थापना की और एक गैराज से केलकुलेटर और माइक्रोप्रोसेसर बनाने लगे। आगे चलकर उन्होंने एचसीएल टेक्नोलॉजी की स्थापना की। अब करीब आधा दर्जन देशों मेंए 100 से ज्यादा कार्यालय, करीब एक लाख पेशेवर उनके साथ जुड़े हैं। दिल्ली-नोएडा में तो शिव नाडर के दफ्तरों की भरमार है। फिलहाल एएचसीएल की 80 फीसदी आमदनी कंप्यूटर और ऑफिस इक्विपमेंट्स बेचकर होती है। शिव का बचपन अभावों में बीता। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के लिए बड़े पापड़ बेले हैं। इसलिए वे अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा बेहतर स्कूल और अन्य शिक्षण संस्थान स्थापित करने में इनवेस्ट करना पसंद करते हैं। शिव ने दिल्ली से जितना लिया उससे ज्यादा वह इसे दे रहे हैं। उनसे मिलते-जुलते अनेक उदाहरण मिल सकते हैं। दिल्ली ने गैर-हिन्दी भाषियों को आगे बढ़ने के मौके दिए पर सियासत के संसार स दूर ही रखा। अपने को राष्ट्र दल का दावा करने वाले दलों ने इस बार भी टिकट सिर्फ हिन्दी भाषियों को ही दिये। यहां पर पूर्वोतर राज्यों के लाखों लोगों की बात करना ही व्यर्थ है। उन्हें कौन दिल्ली की राजनीति में हक देता है। अब ये मत कहिए कि गैर.हिन्दी भाषियों ने स्थानीय सियासत में अपना हक नहीं मांगा। वे मांगते रहे हैंएपर एक-दो उदाहरणों को छोड़कर उनके हिस्से में निराशा ही आई है। आप 1958 से लेकर अब होने जा रहे नगर निगम चुनावों के इतिहास के पन्नों को खंगालिए। आप पाएंगे कि सिर्फ एक गुजराती भाषी यहां पर नगर निगम पार्षद बना।

**आमतौर पर माना जाता है कि दिल्ली में पैसा पंजाबियों और बनियों ने सबसे ज्यादा कमाया है। तमिल भाषी शिव नाडार इस सोच को ध्वस्त करते हैं। वे मूल रूप से तंजावुर जिले से है। शिव नाडार की नेटवर्थ 14.3 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिव नाडार राजधानी के सबसे धनी शख्स हैं। उन्होंने यहां आकर कुछ साल डीसीएम डाटा प्रोडक्टस में नौकरी की। उसे 1976 में छोड़कर एचसीएल इंटरप्राइजेज की स्थापना की।**

**- विवेक शुक्ला**





# मुरादाबाद ने प्रदेश ही नहीं देश का किया है पूरी दुनिया में नाम रोशनः योगी

## चार सौ तीस करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। महानगर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया। प्रबुद्ध जन सम्मेलन में महापौर विनोद अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री का शहर के प्रबुद्धजनों की ओर से अभिनंदन किया। महापौर ने कहा कि 350वें से मुरादाबाद नगर नगर निगम स्मार्ट सिटी की रैंक में 85वें स्थान पर आ गई है। 36 परियोजनाओं में से 18 पूरी हो चुकी हैं। 350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। दो परियोजनाओं एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, ई बाइक शेयरिंग का आप खुद आप लोकार्पित कर रहे हैं।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि यह सौभाग्य यह है कि आज शहर के सभी प्रबुद्धजनों को मुख्यमंत्री का सानिध्य मिला है। मुरादाबाद का निर्यात पांच हजार करोड़ रुपये से दस हजार करोड़ रुपये का हो गया है। साथ ही महापौर विनोद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय की मांग रखी। शु वार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस के पीछे मैदान में मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर उतरा। इस दौरान देखो-देखो कौन आया, शेर आया शेर आया के नारे, एक ही नारा, एक ही नाम जय श्री राम भी गूंजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिसमें शहर के डॉक्टर, अधिवक्ता, समाज सेवियों को बुलाया गया। प्रबुद्ध सम्मेलन में कुछ प्रबु वर्ग के लोगों को भी बोलने का अवसर मंच से प्रदान किया जाएगा। इस दौरान 423 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कुछ ज्यादा नही कहा उन्होंने मंच पर सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई देते हुए। अगले शब्दो मे मुरादाबाद के हस्तशिल्प कारीगरों निर्यातकों की जमकर तारीफ करते हुए कहा इन कारीगरों और निर्यातकों ने प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किए जाने का काम किया है। इसके लिए वह सभी को अपनी और से बधाई देते हैं।

### मुख्यमंत्री के साथ दूर से सेल्फी लेती नजर आई महिला भाजपा नेता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुचते ही जनसभा में मौजूद महिलाओं ने अपने अपने मोबाईल फोन निकालकर दूर से ही मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेने का काम शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर भाजपा नेताओ के साथ जन सभा में मौजूद भाजपा नेत्रियों में भी काफी खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के अभिनन्दन करते ही जनसभा स्थल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा था।

### चप्पे चप्पे पर तैनात रहा पुलिस फोर्स

मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर कल ही पूरा खाका तैयार कर लिया गया था। जिसमे 35 इंस्पेक्टर 16 सीओ 9 एएसपी के साथ डेढ़ हजार से अधिक पुलिस कर्मियों के साथ 15 सौ सब इंस्पेक्टर की डुयूटी महिला पुलिस फोर्स के साथ लगाई गई थी। इतना ही नहीं एसएसपी हेमराज मीना डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री के पीछे मंच पर ही नजर आए इस अवसर पर गोपाल अंजान जयपाल सिंह व्यस्त राजेश रस्तोगी गिरीश वर्मा के के गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं का रहा बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के लोगो ने भाजपा महिला विंग को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी थी जिसमे सभी काफी सफलता महिलाओं को मिली महिलाएं अपने आसपड़ोस की सभी महिलाओं को एकत्र कर इस कार्य म में ले गई थी और इसे सफल बनाने का काम किया । भाजपा महिला नेत्रियों द्वारा इस कार्य म को लेकर पिछले दस दिनों से अपनी सहेलियों को साथ चलने के लिए दावत दी जा रही थीं।

# जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर ने मरीज के मुंह पर मारा सीएमओ की सिफारिश का लेटर

## मुख्यमंत्री की जनसभा में शिकायत लेकर पहुचा पीड़ित

- इलाज के नाम पर सात हजार रुपए मांगे जाने का डॉक्टर पर लगा आरोप



मुख्यमंत्री तक अपनी फरियाद पहुंचाने का प्रयास करता महिला का पति।

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अस्पताल की ओपीडी का कमरा नम्बर 9 एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। जिसमे आज सुबह मरीजो को देखते देखते डाक्टर भड़क उठे और एक मरीज अपने साथ लाया सीएमओ की सिफारिश का पर्चा मरीज के मुंह पर दे मारा इतना ही नहीं मरीज व डॉक्टर के बीच जमकर विवाद हुआ मरीज का कहना था डॉक्टर ने इलाज के नाम पर उससे सात हजार रूपयों की मांग की थी । मरीज और डॉक्टर के बीच हंगामा होता देखकर लोगो तीमारदारों मरीजो व जिला अस्पताल के स्टाफ की भीड़ कमरा नम्बर 9 के सामने गैलरी में जुट चुकी थीं। मरीजो और तीमारदारों का हंगामा होता देखकर डॉक्टर किसी तरह भीड़ के बीच से भाग निकले।

जिला अस्पताल की ओपीडी के कमरा नम्बर 9 में गम्भीर बीमारियों के इलाज के लिए बैठे डॉक्टर पर पिछले दिनों एक महिला मरीज के साथ आई तीमारदार महिला ने डॉक्टर की अश्लील हरकतें देखने के बाद चप्पल तक निकाल डाली थी और डॉक्टर को ओपीडी से भागना पड़ा था। उधर मरीज का पति जब सर्किट हाउस के पीछे चल रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में डॉक्टर की शिकायत करने पहुचा उसे सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया।

महिला ने साफतौर पर डाक्टर पर इलाज के नाम पर सात हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया है।

# न्याय नहीं मिला तो परिवार समेत आत्मदाह की दी चेतावनी

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। भारतीय गौरक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने जनपद के विभिन्न भागों में गौकशी और गौ तस्करी करने वालों पर सही से एक्शन नहीं लिए जाने पर रोष जताया है। उनका आरोप है कि ऐसे तत्वो को पुलिसिया संरक्षण मिल रहा है जबकि संगठन के गौ रक्षा सम्बन्धी कार्यों की साफ अनदेखी की जा रही है।

ठाकुर का आरोप है कि उन पर निराधार आरोप लगाते हुए फांसा जा रहा है। गौ तस्करों से सांठगांठ इन वर्दीधारियों की बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो वो परिवार समेत आत्मदाह को मजबूर होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीओ हाइवे ,थाना प्रभारी मूंढापांडे, थाना प्रभारी सिविल लाइन गजेन्द्र सिंह, दरोगा परमवीर आदि पर गौ तस्करों से सांठगांठ करने का आरोप लगाया है। कहा है कि जमीनी स्तर पर गौ रक्षा करने वालों के हौसलों को पस्त करने में पुलिस वाले लगे हुए हैं।

गौकशी करने वालों को जानवर और फंड आदि गलत जरियों से मिल रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस अधिकारी बेकुसूर लोगों को फांसने की कोशिश करते हैं। इस जिले में डेढ़ सौ से भी ज्यादा गौकशी/ तस्कर वाले गैंग्स की अवांछित गतिविधियां चल रही हैं।

# मुख्यमंत्री दौरे पर भाकियू तोर ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। भारतीय किसान यूनियन तोमर मुख्यमंत्री के मुरादाबाद दौरे पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं किसान यूनियन तोमर काफिले को चौधरी चरण सिंह चौक पर पुलिस द्वारा रोका गया 7 तभी अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन तोमर द्वारा सौंपे ज्ञापन में विभिन्न मांगों में एम.एस, पी कानून बनाया जाए, गन्ने का भाव 450 रु कुंटल किया जाए, गन्ने का भुगतान 15 दिन के अंदर किया जाए, छुट्टा पशुओं की कमेटी डी. एम एवं किसानों की सहमति से बनाई जाए, किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त दी जाए, मण्डल मुरादाबाद मे बिन मौसम बारिश होने के कारण जो किसानो की धान की फ़सल का जो नुकसान हुआ है उसका मुआवज़ा जल्द से जल्द किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में चौधरी मुमताज आलम, मंडल प्रभारी मुरादाबाद राजेश यादव, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद डॉक्टर इरफान चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष मुरादाबाद मुस्तकीम मलिक, जिला महासचिव पवन यादव, जिला उपाध्यक्ष मिर्जा गालिब, जिला प्रवक्ता अमित ठाकुर, जिला सचिव कुंवर पाल यादव, आबिद हुसैन, तालेव सिंह, नगर अध्यक्ष पाकबड़ा आबिद हुसैन नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।



# पंजीकरण सत्यापित न होने से परेशान किसानो में रोष




भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में किसान नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्रों पर किसानों को धान बेचने हेतु अपना पंजीकरण कराना पड़ता है, लेकिन कुछ राजस्व अभिलेखों में अंतर होने पर उप जिलाधिकारी से सत्यापित की रिपोर्ट ऑनलाइन लगाई जाती है जिसमें किसान अपने हल्का लेखपालों से रिपोर्ट तथा सत्यापित करवाकर तहसील में बैठने वाले कर्मचारी इमरान हुसैन पर जमा कर देते हैं लेकिन किसानों के तीन-चार दिन चक्कर लगाने के बाद भी पंजीकरण सत्यापित नहीं किए जाते हैं। जबकि किसानों के पंजीकरण का विवरण हल्का लेखपाल तथा खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश की साइट पर पहुंच जाता है। कार्यालय पर लगातार पंजीकरण सत्यापित ना होने की शिकायतें आ रही है लेकिन कर्मचारी इमरान का पता नहीं चलता कि वह किसानों से चाहते क्या हैं। किसान धर्मपाल सिंह हरपाल सिंह आदि ने 3 दिन पहले हल्का लेखपालों से सत्यापित करा कर रजिस्ट्रेशन इमरान हुसैन को दिए थे और प्रतिदिन मौखिक रूप से कहा जा रहा है लेकिन किसानों को कभी साइट ने चलना कभी यह कहकर टरका देना कि तुम्हारा रजिस्ट्रेशन सत्यापित हो गया है, लेकिन किसानों के पंजीकरण सत्यापित नहीं हो पा रहे हैं इससे किसानों में अत्यधिक आक्रोश है।

बैठक में जिला सचिव कैलाश सिंह, हर स्वरूप सिंह, कॉमरेड वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# सुहाग रात को दुल्हन बोली डोन्ट टच मी

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद । नगर में पिछले दिनों एक मामला सामने आया था। जिसमे तीन दिन में निक़ाह विदाई और तलाक हो गया था। जिसका निशाना बना दिल्ली निवासी कारोबारी युवक कोतवाली क्षेत्र बुधबाजार स्थित होटल प्रेम चुनरिया में गत माह ग्यारह निक़ाह किया गया था रात में दुल्हन विदा हो गई । दिल्ली वर पक्ष के घर को देखते ही दुल्हन ने सुहाग रात को अपने पति से कहा डोन्टटच मी यह कहते हुए कहा इस छोटे से घर में वह एक पल भी नही रुकेगी उसे वापस मुरादाबाद छोड़कर आओ युवक क्या करता वह युवती को उसके घर काशीराम नगर ले आया जहां युवती के पिता युवती ने वर पक्ष से पहले मेहर के 51 हजार रुपए मांगे वर पक्ष द्वारा डोन्टटच मी के बाद भी यह 51 हजार रुपए मेहर के दे दिए गए इसके बाद शादी , हाल , खाने के खर्च के और पचास हजार रुपए वर पक्ष से लिखा पड़ी में वसूल कर लिए गए। पड़ोसियों ने वर पक्ष के लोगो को बताया किसी तरह इन लोगों से अपना पीछा छुड़ाओ पड़ोसियों व अन्य लोगों के कहने पर एक लाख रुपए में यह समझौता हो गया दोनो पक्ष आगे से किसी तरह की कोई शिकायत नहीं करेंगे। इसके बाद भी युवती द्वारा पुलिस को इंसाफ पाने के लिए प्रथना पत्र दिया गया है।

- मेहर निक़ाह तलाक के नाम पर की एक लाख की धोखाधड़ी,
- समझौता हो जाने के बाद भी वर पक्ष को दी जा रही धमकी

## घर में शादी निक़ाह के नाम पर होती हैं धोखाधड़ी

पड़ोसियों ने बताया पिछले दो सालों से वह इस घर में इसी तरह के हंगामे देखते रहते हैं। शादी निक़ाह के बाद तलाक व मेहर के नाम पर शरीफ लोगो से धन ऐंठा जाता हैं। जिसमें इस रैकेट से जुड़े लोग अपना पूरा किरदार निभाने का काम करते हैं। वर पक्ष के लोगो ने इस बात की शिकायत इंस्पेक्टर कोतवाली रविंद्र प्रताप सिंह से करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर कोतवाली ने वर पक्ष के लोगो को इंसाफ दिलाने का यकीन दिलाया है।

# कंटेनर ने मिनी टेंपो में मारी टक्कर, चालक की मौत

भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी। थाना मैनाठेर निवासी का मझोला में हादसे मे मौत थाना मझोला के इलाके गागनवाली मैनाठेर व आरटीओ ऑफिस तिराहे के पास बृहस्पतिवार की देर शाम हुई मिनी टेम्पो व कंटेनर की टक्कर में मिनी टेम्पों चालक की मौत हो गई हैं। थाना मैनाठेर के गांव मिलक गुरेर निवासी 45 वर्षीय भूप सिंह (कल्लू) किसानी का काम करता हैं। कल शाम सात बजे वह अपने मिनी टेम्पो से मंडी समिति की ओर आ रहा था। अचानक तेज रफ्तार कंटेनर ने गागनवाली मैनाठेर आरटीओ आफ़िस तिराहे के पास टेम्पो को टक्कर मार दी जिससे भूप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई । सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने भूप सिंह को जिला अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

# शांतिपूर्ण रूप से मांगे माने जाने तक जारी रहेगा धरना

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। शुक्रवार को किसानों के धरने के 18 वा दिन है और ये धरना जरगांव क्रय केंद्र पर जारी है। बीते दिन किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल धरने से उठकर मथुरा में गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी से मिलकर वापस लौटा।

बता दें कि तीन दिन पूर्व भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की किसानों की मांग को लेकर गन्ना मंत्री से बातचीत हुई जिसके बाद गन्ना मंत्री से मिलने भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष तेजभान सिंह के साथ 5 किसानों का प्रतिनिधिमंडल मथुरा पहुंचा। गन्ना मंत्री के सामने किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने विस्तार पूर्वक अपनी समस्या बताई और लिखित ज्ञापन भी दिया जिसमें गन्ना सेंटर से जुड़े 7 गांव के प्रधानों के बिलारी लक्ष्मी शुगर मिल से जोड़ने की सहमति पत्रावली संलग्न थी।गन्ना मंत्री ने किसानों की समस्या सुनने के बाद पूर्ण आश्वासन दिया कि 4 दिसंबर तक आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा। गन्ना मंत्री ने कहा की सरकार किसानों के हित में सदैव काम करती है और करती रहेगी। गन्ना मंत्री ने किसानों से धरने को समाप्त करने का आग्रह किया। जिस पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हम शांतिपूर्ण अपने समाधान तक धरना जारी रखेंगे। धरने पर बैठे किसानों ने गन्ना मंत्री के आश्वासन पर खुशी जताई। प्रतिनिधिमंडल में मनोज चौधरी, रामकिशोर सैनी, शेर सिंह मीणा ग्राम अर्जुनपुर इत्यादि रहे एंव धरना स्थल पर फतेह सिंह, चौधरी छत्रपाल सिंह, चौधरी जगदीश सिंह, महेश चंद जाटव, मनोज चौधरी, शिवा जाटव, विजय कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, चौधरी गजपाल सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

## सार सुर्खियां

### मुख्यमंत्री की रैली के कारण घटी रोडवेज़ बसें, यात्री हुए परेशान

भास्कर ब्यूरो, बिलारी। नगर के बस स्टैंड पर बसों के अभाव के चलते जाम जैसी स्थिति देखने को मिली, जिसमें कस्बा पुलिस व्यवस्था बनाने को लेकर सतर्क नजर आई। शुक्रवार को सीएम योगी मुरादाबाद आए, जिसके चलते प्रशासन व्यस्त रहा, बस स्टैंड प्रभारी ने बताया कि आज बसों का आवागमन कम है, जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाहबाद की कमला ने बताया कि उन्हें बिलारी से बस पकड़ कर अलीगढ़ जाना था, जिसके चलते बस उपलब्ध नहीं हो सकी और उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा वह वापस घर लौट गई। इसके अलावा अनेक यात्री बसों के इंतजार में खड़े रहे लेकिन वह यात्रा करने में असफल रहे, डग्गामार वाहन मौका देख देख कर सवारियां भरकर दौड़ते हुए नजर आए, चंदौसी बदायूं चुंगी पर काम चल रहा है, जिसको लेकर वाहनों का आवागमन प्रभावित है और दूसरा सीएम योगी का मुरादाबाद दौरा बस सेवा असुविधा का मुख्य कारण रहा। बस स्टैंड पर जाम ना लगे इसको लेकर कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार अपनी टीम के साथ व्यवस्था बनाते हुए नजर आए।



### फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से की शांति बनाये रखने की अपील

भास्कर ब्यूरो,भोजपुर। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला जाटवोवाला, घासमंडी हरिजन बस्ती,झाढ़ेवाला,नावपुर ,बगियावाला, फतेहपुरी,जामा मस्जिद, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड आदि में फ्लैग मार्च निकालाकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान मुख्य चोराहों पर लोगों को संबोधित करते हुए संजय पांचाल ने कहा कि आगामी प्रस्तावित निकाय चुनावों में सभी लोग निर्भीक होकर स्वेच्छा से मतदान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। अपना हित साधने में लगे असमाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। ताकि समय रहते उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सके। पुलिस ने सर्राफा व्यापारियों से सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और समय समय पर चेकिंग करने का आह्वान किया। जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलें और अपराधियों में डर का माहोल पैदा हो। इस दौरान उप निरीक्षक अफजाल अहमद, सुधीर यादव, ओमकार सिंह, विपिन कुमार, सुखनंदन, रोहित,अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### विशालकाय अजगर देख लोगों की लगी भीड़

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीलखपुर गुमानी से महज कुछ ही दूरी पर ढेला नदी के किनारे जब लोगो ने एक विशाल काय अजगर को रेत में लेटा हुआ और धूप सेकते हुए देखा तो नदी के पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बहुत देर तक लोग इस विशालकाय अजगर को धूप सेंकते हुए देखते रहे। बाद में अजगर वँहा से अपने रास्ते चला गया अजगर को गांव के निकट देखकर आसपास के गांवों के लोगो मे दहशत फैल गई है उधर इस मामले में जब वन विभाग से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई तो वन विभाग ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई है।

### पुलिस ने तमंचे और शराब के साथ दो को भेजा जेल

भास्कर ब्यूरो,अगवानपुर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की पुलिस चौकी अगवानपुर ने तमंचे और शराब के साथ दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है पुलिस चौकी प्रभारी मृदुल कुमार के अनुसार एक आरोपी बिहार के चकराई देवकीपुर थाना चंद्रमा चौक जिला कटियार का मूल निवासी अशोक शर्मा चौकी क्षेत्र के ग्राम सेरुआ धर्मपुर में बाबूराम के मकान पर किराए पर रहता था पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर अशोक को पकड़ लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने देशी शराब के 18 पव्वे बरामद किए हैं उधर दूसरा आरोपी विशनपुर निवासी असीम उर्फ पीरा को तमंचे और दो कारतूस सहित अगवानपुर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### आवारा पशु के टकराने से बाइक सवार घायल

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। आवारा पशु के बाइक से टकराने से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घायल को पी आर वी द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र के ग्राम धीमर खेड़ा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र रामकिशन अपनी बाइक से काशीपुर से मुरादाबाद की दिशा में जा रहा था। इसी बीच जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामुवाला गणेश के निकट पँहुची तो अचानक एक आवारा बछड़ा उसकी बाइक से टकरा गया जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।मोके पर पँहुची पी आर वी ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बाबा आमिल कामिल शाह के मज़ार पर चादर पोशी

ठाकुरद्वारा । पशुपति एक्रिलोन लिमिटेड की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन द्वारा मज़ार पर चादर पोशी कर फैक्ट्री की तरक्की व खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। शुक्रवार की शाम नगर के जसपुर बस स्टैंड स्थित तहसील वाले मज़ार पर हो रहे उर्स में पंहुचकर पशुपति एक्रिलोन फेक्ट्री के डायरेक्टर ऑपरेशन एस पी गुप्ता ने आमिल कामिल शाह बाबा के मज़ार पर चादर पोशी कर फैक्ट्री की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर उनके साथ फेक्ट्री के अन्य अधिकारियों में राजकुमार अग्रवाल, एम पी विश्वकर्मा, अतुल मिश्रा, तथा शफ़ीक़ अहमद मौजूद रहे।



page-10_page 1 02-Dec-22 10:11 PM Page 1



आज ही के दिन 2012 में फिलीपींस में आये 'भूफा' तूफान से कम से कम 475 लोगों की मौत हुई थी।

# शामली के 9 वार्डों में चुनावी ताल ठोकेंगी मातृशक्ति

## शासन ने जारी की नगर निकाय वार्डों की आरक्षण अनुसूची, एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** नगर निकाय चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शुक्रवार को नगर निकायों के वार्डों के लिए आरक्षण अनुसूची जारी कर दी गई। जारी अनुसूची में एक बार शामली नगर निकाय के 9 वार्डों में मातृ शक्तियां चुनावी मैदान में ताल ठोक सकेंगी। जारी अनुसूची पर अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर भावी प्रत्याशी काफी दिनों से अपने चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे हुए थें, लेकिन

**नगरीय निकाय चुनाव**

अभी तक आरक्षण सूची जारी होने के कारण ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी, जिसके चलते प्रत्याशी असमंजस की स्थिति में थे। शुक्रवार को शासन द्वारा नगर निकाय वार्डों की आरक्षण अनुसूची जारी कर दी गई।

आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही अब प्रत्याशियों ने भी चुनावी बिगुल फूंक दिया है। जारी आरक्षण

### प्रत्याशियों ने फूंका चुनावी बिगुल

आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में चुनावी बिगुल भी फूंक दिया है। आरक्षण के हिसाब से अब प्रत्याशी जीत के लिए अपनी-अपनी गोटियां फिट करेंगे। साथ ही जातीय समीकरण के आधार पर चुनाव लड़ने की कार्ययोजना बनाएंगे।

अनुसूची की मुख्य बात यह है कि शासन द्वारा जारी आरक्षण अनूसूची के अनुसार नगर पालिका परिषद शामली के कुल 25 वार्डों में से 9 वार्डों में महिलाएं चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगी, जिनमें 6 वार्डों को महिला वर्ग में रखा गया है, जबकि दो वार्ड में पिछडा वर्ग महिला व एक वार्ड में अनुसूचित महिला चुनाव लड़ सकेगी। शामली नगर पालिका के 25 वार्डों में से पिछड़ा वर्ग में चार वार्ड, पिछडा वर्ग महिला में दो वार्ड, अनुसूचित जाति महिला में एक वार्ड, अनुसूचित जाति में एक वार्ड, अनारक्षित में 11 वार्डों तथा महिला वर्ग में 6 वार्डों को रखा गया है। अनुसूची के अनुसार पिछडा वर्ग में वार्ड 1 गऊशाला रोड, वार्ड 2 नंदू प्रसाद, वार्ड 14 पंसारियान, वार्ड 18 कलंदरशाह, पिछडा वर्ग महिला में वार्ड 9 पंजाबी कालोनी, वार्ड 15 घेरबुखारी, अनुसूचित जाति महिला में वार्ड 3 लाजपत राय, अनुसूचित जाति में वार्ड 4 बूढा बाबू, अनारक्षित में वार्ड 5 शुगर मिल, वार्ड 8 माजरा, वार्ड 10 शांतिनगर, वार्ड 12 नगर पालिका एरिया, वार्ड 16 दयानंद नगर प्रथम, वार्ड 19 आर्यपुरी, वार्ड 21 नगर पालिका कालोनी, वार्ड 22 दिल्ली गेट, वार्ड 23 गुजरातियान, वार्ड 24 धीमानपुरा, वार्ड 25 नया बाजार (मुरारी वाला कुआं) तथा महिला वर्ग में वार्ड 6 काजीवाडा, वार्ड 7 दयानंद नगर द्वितीय, वार्ड 11 रेलपार, वार्ड 13 अटल विहार, वार्ड 17 तैमूरशाह, वार्ड 20 काका नगर को रखा गया है। जारी अधिसूचना में बताया गया है कि अगर किसी को भी आरक्षण अनुसूची पर आपत्ति है, तो वह अनुसूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। समयावधि के बाद की आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनारक्षित रहे 11 वार्ड**

शामली में 11 वार्डों को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें वार्ड 5, 8, 10, 12, 16, 19, 21, 22, 23, 24 व 25 सम्मिलित है, जिनमें किसी भी जाति का प्रत्याशी चुनावी लड़ सकेगा।

## सार सुर्खियां

### मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पात्रों का चयन

कैराना। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आपदा राहत प्राप्त किए हुए छह पात्रों का चयन किया गया है। इनमें चार पात्रों के पक्के मकान बनाने के लिए पहली किस्त में 40-40 हजार रुपए भी आ गए हैं। जबकि दो ग्रामीणों की किस्त भी जल्द आने की संभावना हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आपदा राहत प्राप्त किए हुए लोगों की विकास खंड कैराना द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के बाद छह ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्र मिले। इसी के चलते सामान्य जाति के दो ग्रामीण अकबरपुर सुन्हेटी, एक ग्रामीण रामडा और एक ग्रामीण मोहम्मदपुर राई को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शामिल किया गया था। योजनांतर्गत चारों पात्रों को मकान बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपए मिल चुके हैं। दूसरी किस्त में 70 हजार रुपए और अंतिम किस्त में 10 हजार रुपए और आएंगे। इसके अलावा योजना में अनुसूचित जाति के एक ग्रामीण रामडा और एक ग्रामीण गांव गाजीपुर में शामिल किए गए। इनके मकान बनाने के लिए पहली किस्त जल्द आने की संभावना हैं। विकास खंड अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा राहत प्राप्त किए हुए ग्रामीणों की उनके कार्यालय द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के बाद चार ग्रामीण सामान्य जाति और दो ग्रामीण अनुसूचित जाति के मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्र पाए गए थे। छह ग्रामीणों के मकान की पहली किस्त आ गई है, जबकि दो अन्य ग्रामीणों के मकान किस्त भी जल्द आने की संभावना हैं।

# हादसे में महिला घायल, चिकित्सकों को काटना पड़ा हाथ

**बुढाना रोड पर ट्रक ने महिला को मारी टक्कर**

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** बुढाना रोड पर हुए हादसे में ट्रक की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। बताया जाता है कि चिकित्सकों को महिला का हाथ काटना पडा।

शुक्रवार को मेरठ-करनाल हाइवे स्थित बुढाना रोड पर हुए एक हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया जाता है कि आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सिक्का निवासी 48 वर्षीया सरोज पत्नी ओमवीर सिंह शुक्रवार को चिकित्सक के यहां दवाई लेने आ रही थी। जैसे ही बुढाना रोड पर पहुंची तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे सरोज सडक



पर गिर गयी और ट्रक का पहिया महिला के हाथ को कुचलता हुआ निकल गया। महिला की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके की और दौडे जिन्हें देखकर आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने घायल महिला को तुरंत निकट ही स्थित बोहरा नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों को महिला का हाथ काटना पडा। चिकित्सकों ने महिला के परिजनों को भी मामले की सूचना दी जिस पर परिजन शामली पहुंचे। वहीं सूचना पर कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।गौरतलब है कि मेरठ-करनाल हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार ट्रक लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

### डिवाईडर पर चढ़ी अनियंत्रित कार

शामली। शनिवार को शाम गाजियाबाद के चरखी दादरी निवासी दंपत्ति अपनी कार में सवार होकर किसी काम से उत्तराखंड के रुडकी जा रहे थे। जब उनकी कार शहर के दिल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तभी अचानक कार चला रहे चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सडक के बीच बने डिवाइडर पर जा चढी जिससे जहां कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी वहीं कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। हादसा होता देखकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे तथा तीनों लोगों को कार से बाहर निकाला। कार सवार लोगों को कोई चोट नहीं लगी जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में किसी तरह कार को डिवाइडर से हटवाया गया।

### पुलिस का छापा: गौकशी का आरोपित गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

कैराना। गुरुवार की शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव बरनावी के जंगल में गोकशी करने की सूचना पर छापा मारा था। मौके से 35 किलोग्राम प्रतिबंधित पशु का मीट भी बरामद किया गया था। साथ ही मौके से गोकशी करने के उपकरण भी बरामद किए थे। बरामद मीट का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने मीट को गड्ढे में दबवा दिया। शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार गोकश हाकम अली निवासी गांव बरनावी थाना कैराना के विरुद्ध गोकशी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। पुलिस अब फरार गौकश की तलाश में दबिश दे रही है।

# आज जेल से रिहा होंगे नाहिद हसन

## कोर्ट ने विधायक की रिहाई के लिए चित्रकूट जेल अधीक्षक को प्रपत्र किए जारी

**गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में साढे 10 माह से जेल में बंद है सपा विधायक**

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में करीब साढ़े 10 माह से जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन कि आज रिहाई हो जाएंगी। कोर्ट में जमानतियो के प्रपत्र जमा होने के बाद कोर्ट की ओर से चित्रकूट जेल अधीक्षक को विधायक की रिहाई के लिए प्रपत्र जारी कर दिए गए हैं। गत 15 जनवरी को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चलने पर कैराना पुलिस ने सपा विधायक नाहिद हसन को गिरफ्तार कर कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में पेश कर दिया था। कोर्ट ने विधायक को जमानत न देते हुए मुजफ्फरनगर कारागार भेज दिया था। कई माह पहले विधायक का मुजफ्फरनगर की जेल से चित्रकूट जनपद की जेल के लिए स्थानांतरण कर दिया था। तभी से विधायक चित्रकूट जेल में बंद हैं। 2 दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक के स्वास्थ्य को देखते हुए जमानत देने के आदेश जारी कर दिए थे। शुक्रवार को उनके अधिवक्ताओं ने कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में विधायक की जमानत के लिए 1-1 लाख रुपये के दो जमानतियो के प्रपत्र जमा किए। दोनों जमानतियो के प्रपत्रों की तहसील व थाने से तस्दीक कराई गई। तकदीर होने के बाद शाम के समय कोर्ट ने विधायक की रिहाई के लिए चित्रकूट जेल अधीक्षक के नाम प्रपत्र जारी कर दिए। कोर्ट के पैरोकार द्वारा परवाना लेकर चित्रकूट जेल के लिए रवाना हो गए। आज शनिवार को किसी भी समय विधायक नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा हो सकते हैं।

**साढे 8 सौ किलोमीटर चित्रकूट जेल**

कैराना से चित्रकूट जेल की दूरी करीब 850 किलोमीटर हैं। वहीं कोर्ट द्वारा विधायक की रिहाई के लिए जारी किया गया परवाना लेकर कोर्ट के पैरोकार रवाना हो गए। देर रात तक पैरोकार चित्रकूट जेल में पहुंचे। वहीं आज किसी भी समय विधायक की जेल से रिहाई होने की संभावनाएं जताई जा रहीं हैं।

# गिरी गाज: अवैध कब्जा कराने पर डीएम ने लेखपाल को हटाया

## ग्रामीणों ने की थी शत्रु संपति पर अवैध कब्जे कराने की शिकायत

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** शत्रु संपत्ति की जमीनों पर रिश्वत लेकर अवैध कब्जे कराने व जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने लेखपाल को हटाकर जनपद की तहसील में स्थानांतरण कर दिया हैं। पिछले दिनों मोहल्ला आलखुर्द निवासी किसान तौसीफ अहमद ने कमिश्नर सहारनपुर को शिकायती पत्र भेजकर कैराना तहसील के हल्का नंबर 3 में तैनात लेखपाल मिंटू सिंह की शिकायत की थी। जिसमें किसान ने बताया था कि उसकी जमीन बाहर हदूद हल्का नंबर 3 में मौजूद हैं। जहां पर शत्रु संपत्ति के खसरा नंबर 1113 व 1135 की भूमि मौजूद हैं। आरोप लगाया गया हैं कि हल्का लेखपाल द्वारा भू माफियाओं से रिश्वत लेकर उक्त भूमि पर अवैध कब्जे करा रहे रखें हैं। जिन पर भू माफियाओं द्वारा सरसों व गोभी आदि की फसल उगा रखी हैं। इसके अलावा गांव पंजीठ निवासी किसान तसव्वर अली ने भी जिला अधिकारी जसजीत कौर को शिकायत करते हुए बताया कि था कि हल्का लेखपाल मिंटू सिंह राजनीतिक भेदभाव के आधार पर कार्य करते हैं। लेखपाल अपने साथ दो प्राइवेट व्यक्ति रखते हैं। जिन से अवैध वसूली कराते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र आदि जारी कराने के नाम पर अवैध वसूली की जाती हैं। रिश्वत न देने पर उनके आवेदन जारी नहीं किए जाते। शुक्रवार को शिकायतों का संज्ञान लेकर जिला अधिकारी जसजीत कौर ने आदेश जारी कर कैराना तहसील में तैनात लेखपाल मिंटू सिंह को हटा दिया। उनका स्थानांतरण शामली तहसील में कर दिया गया हैं। वहीं उनके स्थान पर शामली तहसील में तैनात लेखपाल ओमकार की कैराना तहसील में तैनाती कर दी हैं।

### एसएसपी के पर दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक मामले में रिपोर्ट दर्ज

**भास्कर ब्यूरो, कैराना।** क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी आबिदा ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट कराई कि उसकी शादी 12 नवंबर 2020 को अहसान निवासी मोहल्ला इदरीश बैग कांधला हाल निवासी मोहल्ला कैशववान ईदगाह के निकट शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न किया और उसे घर से निकाल दिया। वह अपने मायके में रह रही थी। आठ अक्टूबर 2022 को जब वह मायके में थी, तो ससुराल पक्ष के पति समेत अन्य लोग पहुंचे। आरोप है कि उसके साथ में मारपीट की गई। इस दौरान पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पति अहसान, ससुल हारून, सास फेमूदा व नंदोई अमीर खान को नामजद कराया गया है। पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विजेता छात्रों का स्वागत, किया सम्मानित

भास्कर ब्यूरो

शामली। शुक्रवार को शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत कालेज में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक ने ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया था। शनिवार को कालेज पहुंचने पर सभी छात्र-छात्राओं का प्रधानाचार्य व स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत कालेज में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई थी। इस प्रतियोगिता में घनश्याम शर्मा सारस्वत, पूनम देवी निर्णायक थे जबकि छवि शर्मा, उमा तथा कीर्ति गर्ग ने भी सहयोग दिया था। विजेता छात्र-छात्राओं को कालेज प्रबंध समिति अध्यक्ष राकेश गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, राजीव तायल ने भी बधाई दी। मंच संचालन सतीश आत्रेय, अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

# वार्ड 24 के परिसीमन में न हो कोई भी छेड़छाड़

**जाट कालोनी के लोगों ने डीएम को दिया पत्र**

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** जाट कालोनी के लोगों ने डीएम से वार्ड 24 के परिसीमन में कोई छेडछाड न किए जाने की अपील की है। शुक्रवार को जाट कालोनी वार्ड 24 के दर्जनों निवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वार्ड 24 की जाट कालोनी को कुछ राजनीतिक लोग विकास प्राधिकरण के अंदर बताते हैं जबकि हम लोग कई सालों से नगर पालिका को टैक्स दे रहे हैं, हमारे बैनामे भी अंदरहदूद हैं, जो लोग शिकायत कर रहे हैं वहीं लोग इस वार्ड से 2017 में चुनाव लड चुके हैं, तब कोई शिकायत नहीं की गयी थी। 2017 में नगर पालिका शामली का



परिसीमन हुआ था, उस समय जाट कालोनी किसी वार्ड में नहीं जुड पाई थी। उनका कहना था कि समस्त कालोनीवासियों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शामली को व तहसीलदार शामली राकेश त्यागी को आपत्ति दर्ज करायी थी। तहसीलदार ने नगर पालिका व लेखपाल विनोद बालियान से जांच कराकर जाट कालोनी को वार्ड 24 में नगर पालिका द्वारा जुडवाया गया था तब किसी प्रत्याशी ने ऐतराज नहीं किया था। वर्तमान में दोबारा कुछ पुराने प्रत्याशी चुनाव लडने के इच्छुक हैं और अब वे जाट कालोनी पर ऐतराज जता रहे हैं। उन्होंने डीएम से वर्तमान में इससे कोई छेछछाड न किए जाने की अपील की है। अमित तोमर, सुनील बालियान, अजित मलिक, तेजवीर सिंह, नरेश, रविन्द्र कुमार, सतीश धीमान, विजयपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, नीरज निर्वाल, मा. उपेन्द्र पंवार, सतीश, सिद्धांत मौजूद रहे।

**निशुल्क मेडिकल कैंप आज**

कैराना। अंजुमन के अध्यक्ष हाजी नसीम मंसूरी ने बताया कि शनिवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक निरूशुल्क मेडिकल कैंप चौक बाजार पुलिस चौकी के सामने सरायं के मैदान में लगाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सक पहुंचे। कैंप में बच्चों एवं बड़ों के साथ ही गर्भवती महिलाओं की भी जांच की जाएगी।

### सरकारी विभागों द्वारा उत्पीड़न पर व्यापारियों में आक्रोश

भास्कर ब्यूरो

शामली। शुक्रवार को शहर के सुभाष चौंक स्थित कार्यालय पर पउप्र संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों ने विभागीय अधिकारियों पर आए दिन व्यापारियों के यहां छापेमारी कर उनका उत्पीडन करने का मुद्दा उठाया। प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के हो रहे उत्पीडन पर आक्रोश जताते हुए कार्रवाई की मांग की ताकि प्रदेशभर के व्यापारी ईमानदारी से अपना कारोबार कर सके। उन्होंने व्यापारियों का आहवान करते हुए कहा कि व्यापार में बाधक बनने वाले भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीडन के विरोध में प्रदेश के व्यापारियों को एकजुट होना होगा। बैठक में सुभाष चंद धीमान, नरेन्द्र अग्रवाल, रवि संगल, अनुज गोयल, अमित गर्ग मौजूद रहे।

# जंगल में धधक रही शराब की भट्ठी की नष्ट

## आबकारी विभाग ने पावटीकलां में की कार्रवाई, 200 लीटर कच्ची शराब की जब्त

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** आबकारी विभाग की टीम ने पावटीकलां गांव के छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब की भट्ठी नष्ट कर दी। इस दौरान दो हजार किलोग्राम लहन नष्ट करते हुए 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और उपकरण बरामद किए गए। जबकि शराब माफिया मौके से फरार हो गए। मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव पावटीकलां के जंगल में अवैध कच्ची शराब की भट्ठी के संचालन की सूचना आबकारी विभाग को मिली थी, जिसके बाद जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र गौतम ने टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। टीम की घेराबंदी होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर टीम द्वारा भट्ठी को तोड़ दिया गया। जबकि



मौके से शराब व उपकरण बरामद किए गए। आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र गौतम ने बताया कि मौके पर दो हजार किलोग्राम लहन नष्ट करने के साथ ही 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसके अलावा लोहे के ड्रम व अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से फरार होने वाले शराब माफियाओं की पहचान कराये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### प्रदूषण फैला रहे वाहनों के काटे गए चालान, मचा रहा हड़कंप

भास्कर ब्यूरो

**थानाभवन।** शनिवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर यातायात प्रभारी संजय राणा ने थानाभवन में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया। संजय राणा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस अवसर पर ऐसे वाहनों की चेकिंग की गई है जो वाहन मानक के विरुद्ध अधिक प्रदूषण फैला रहे हैं, उन वाहनों के चालान काटे गए हैं जबकि कई खस्ताहाल वाहनों को सीज भी किया गया है। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की। थानाभवन पुलिस के साथ मिलकर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के 155, बिना सीट बैल्ट के 16, ट्रिपल राइडिंग के 7, नो पार्किंग में 1, बिना डीएल के 6, वायु प्रदूषण के 4, ओवर हाइट के 1, प्रेशर हार्न के 2, रांग साइड के 2, मालवाहन वाहन में सवारियां ढोकने पर 1, 15 वर्ष से अधिक समय की अवधि पूरी होने के बावजूद वाहन चलाने पर 7 वाहन सीज किए गए।

**डीएम ने अधिकारियों को वृद्धों की हर समस्या का त्वरित समाधान करने के दिए दिशा-निर्देश**

# सर्दी से बचाव को डीएम ने बुजुर्गों को बांटे कम्बल

भास्कर ब्यूरो

**झिंझाना।** डीएम जसजीत कौर ने शुक्रवार को कस्बे के गाडीवाला चौराहा स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धाओं को सर्दियों से बचाव के लिए गर्म कपडों का वितरण किया। डीएम ने वृद्धाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाओं को हर परेशानी का त्वरित समाधान किया जाए, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही होगी।

शुक्रवार को डीएम जसजीत कौर ने कस्बे के गाडीवाला चौराहा स्थित जिला समाज कल्याण विभाग की सहायता से संचालित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वहां रहने वाली वृद्धाओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपडों का वितरण किया। यह



वृद्धाश्रम ग्रामीण विकास सेवा संस्थान लोधी धर्मशाला नगाईचपाडा अतरौली अलीगढ संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसे जिला समाज कल्याण विभाग का सहयोग भी मिल रहा है। डीएम ने वृद्धाओं को गर्म कपडे, जर्सी, शॉल, मोजे व जूते प्रदान किए तथा उनका हालचाल जाना। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी डीसी गुप्ता को निर्देश दिए कि वृद्ध महिला एवं पुरुषों को



मिलने वाली पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि वृद्धजनों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा वहां बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डीसी गुप्ता ने बताया कि वृद्धाश्रम में 21 वृद्ध महिलाएं व 30 पुरुष रह रहे हैं। इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा लक्ष्मी गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे।

page-11 page 1 02-Dec-22 9:58 PM Page 1

आज ही के दिन 1982 में टेस्ट क्रिकेट मैच में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला मिताली राज का जन्म हुआ था।



## सारसुर्खियां

### क्रोएशिया ने तोड़ दिया बेल्जियम का सपना

**दोहा।** फीफा विश्वकप में क्रोएशिया ने बेल्जियम टीम का सपना तोड़ दिया। फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम की टीम कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप से बाहर हो गई। उसे क्रोएशिया ने ग्रुप-एफ में 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। बेल्जियम को आगे बढ़ने के लिए किसी भी हाल में जीत और बेल्जियम को कम से कम ड्रॉ की आवश्यकता थी। बेल्जियम की इस टीम में कप्तान इडेन हेजार्ड, दुनिया के बेस्ट मिडफील्डर में से एक केविन डी ब्रुइन, स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू और गोलकीपर थिबाउट कोर्त्वा सहित कई स्टार खिलाड़ी हैं। इस कारण इस टीम को बेल्जियम की फुटबॉल इतिहास में 'गोल्डन जेनरेशन' कहा गया। उसी गोल्डन जेनरेशन' के एक सदस्य रोमेलू लुकाकू ने इस मुकाबले में कई गलतियां कीं। उन्होंने तीन आसान मौके गोल के गंवाए। बेल्जियम की इस 'गोल्डन जेनरेशन' टीम की उम्र हो चुकी है। इसे खुद केविन डी ब्रुइन ने स्वीकार किया था।

### खिलाड़ियों का प्रदर्शन


**जींद।** अंतरराष्ट्रीय डब्ल्यूडब्ल्यूएफ महिला रेसलर कविता दलाल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने सरकारी भर्तियों में खेल कोटा बहाल करने की मांग को लेकर आज लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। दलाल ने कहा कि सरकार ने खेल कोटे को पूरी तरह खत्म कर दिया था, बाद में खिलाड़ियों के दबाव के कारण सी और डी ग्रुप में तीन प्रतिशत कोटा बहाल कर दिया गया।



कतर के अल खोर के अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्वकप के ग्रुप ई मैच के दौरान जर्मनी को शिकस्त देने के बाद खुशी मनाते कोस्टा रिका के खिलाड़ी। एजेंसी

# हॉकी इंडिया ने की ट्रॉफी टूर की घोषणा

- देश के 12 राज्यों में ले जाई जाएगी ट्रॉफी




**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने बहुप्रतीक्षित एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्वकप 2023 के शुरू होने से करीब एक महीना पहले शुक्रवार को 'ट्रॉफी टूर' की घोषणा की। इस दौरे के तहत प्रतिष्ठित विश्वकप ट्रॉफी को देश के अलग-अलग हिस्सों में ले जाया जाएगा।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भुवनेश्वर में पांच दिसंबर को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की को ट्रॉफी सौंपकर इस दौरे की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद यह देश के 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश से होते हुए वापस भुवनेश्वर लौटेगी। ट्रॉफी इस 21 दिवसीय दौरे में पश्चिम बंगाल, मणिपुर, असम, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक से होते हुए 25 दिसंबर को ओडिशा पहुंचेगी, जिसके बाद इसे पूरे राज्य का दौरा कराया जाएगा।

तिर्की ने कहा कि इस पहल के पीछे का विचार देश भर के हॉकी प्रशंसकों को प्रतिष्ठित ट्रॉफी की एक झलक पाने का अवसर देना है। भारतीय प्रशंसक हमेशा हॉकी के प्रति जुनूनी रहे हैं और आगामी टूर्नामेंट में अपनी घरेलू टीम के लिये उत्सुक होंगे। हमें विश्वास है कि इस दौरे से प्रशंसकों को खेल से जुड़े रहने और भारतीय टीम को अभियान शुरू करने से पहले अपनी शुभकामनायें भेजने का मौका मिलेगा।

**13 जनवरी से होगा विश्वकप**

विश्व कप अगले साल 13 जनवरी से शुरू होगा। मेजबान भारत, जिसे स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है, पहले दिन स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इन चार टीमों के अलावा नीदरलैंड, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, जापान और चिली की टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

# सौराष्ट्र बना विजय हजारे चैंपियन

## महाराष्ट्र से गायकवाड़ ने जड़ा लगातार तीसरा शतक, सौराष्ट्र से जैकसन ने जड़ा शतक

- चिराग की हैट्रिक से पलटा मुकाबला



**अहमदाबाद।** सौराष्ट्र ने शेल्डन जैकसन (133 नाबाद) के शानदार शतक और चिराग जानी (43/3) की हैट्रिक की बदौलत शुक्रवार को फाइनल में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार विजय हज़ारे ट्रॉफी जीत ली।

महाराष्ट्र ने ऋतुराज गायकवाड़ (108) के शतक की मदद से सौराष्ट्र को 50 ओवर में 248 रन का लक्ष्य दिया। सौराष्ट्र ने यह लक्ष्य 46.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। गायकवाड़ ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 131 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 108 रन बनाये। महाराष्ट्र गायकवाड़ के सैकड़े के दम पर बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी, लेकिन चिराग ने 49वें ओवर में हैट्रिक ली, जिसके कारण गायकवाड़ की टीम 248 रन ही बना सकी।

जैकसन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्विक देसाई (50) के साथ 125 रन की शतकीय साझेदारी की। हार्विक के आउट होने के बाद सौराष्ट्र का मध्यक्रम लड़खड़ाया लेकिन जैकसन ने अंत तक विकेट पर खड़े रहकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। जैकसन ने अपनी मैच जिताऊ पारी में 136 गेंदों पर 12 चौकों और पांच छक्कों के साथ नाबाद 133 रन बनाये, जिसमें 47 ओवर में जड़ा गया विजयी चौका शामिल है। इसके अलावा चिराग ने भी 25 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 30 रन का योगदान दिया।

**गायकवाड़ ने तोड़ा रॉबिन उथप्पा का रिकॉर्ड**

महाराष्ट्र की ओर से खेल रहे रुतुराज गायकवाड़ ने 108 रन की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक रिकॉर्ड अपने नाम भी कर लिया है। गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले गायकवाड़ ने सेमीफाइनल में जब शतक लगाया था, तो उन्होंने रॉबिन उथप्पा की बराबरी की थी, जिन्होंने इस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक लगाया था। उन्होंने शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी में रॉबिन उथप्पा के 11 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और अपना 12वां शतक लगाया।

**दूसरी बार सौराष्ट्र ने जीता खिताब**

महाराष्ट्र की नजर पहली बार चैंपियन बनने पर थी। टीम पहली बार फाइनल खेल रही थी। वहीं, सौराष्ट्र दूसरी बार 50 ओवर के इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने उतरा था। सौराष्ट्र की टीम फाइनल पर महाराष्ट्र पर दबाव बनाने में कामयाब रही और दूसरी बार चैंपियन बनी। ऋतुराज की शतकीय पारी पर शेल्डन जैक्सन ने पानी फेर दिया। टूर्नामेंट में सौराष्ट्र के तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा है तो वहीं, महाराष्ट्र के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज पर बनाई 344 रन की बढ़त

- मिचेल स्टार्क ने झटके शानदार तीन विकेट

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट इंडीज को 283 रन पर ऑलआउट करने के बाद तीसरे दिन शुक्रवार को 344 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट के नुकसान पर 29 रन बना लिये हैं।


वेस्ट इंडीज ने पर्थ स्टेडियम पर तीसरे दिन का खेल 74/0 से आगे बढ़ाते हुए पहले ही ओवर में तेजनारायण चंद्रपॉल का विकेट गंवा दिया। अपना पहला टेस्ट खेल रहे चंद्रपॉल 51 रन बनाये। क्रेग ब्रैथवेट ने संयम के साथ खेलना जारी रखा, जबकि एन्क्रुमाह बॉनर 16 रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। कप्तान पैट कमिंस ने ब्रैथवेट को 64 रन पर आउट कर ऑस्ट्रेलिया को अगली सफलता दिलाई। ब्रैथवेट ने 64 रन बनाये।

ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के खिलाफ जरमेन ब्लैकवुड ने 36, जेसन होल्डर ने 27, जबकि बॉनर की जगह एकादश में आये शमारह ब्रूक्स ने 33 रन बनाये। विंडीज के सात विकेट 266 रन पर गिरने के बाद कंगारुओं ने अन्य तीन विकेट 17 रन के अंदर गिरा दिये।

पहली पारी में 315 रन की बढ़त हासिल करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को फॉलो-ऑन देने की जगह बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उस्मान छह रन बनाकर पवेलियन लौट गये, लेकिन दिन का खेल खत्म होने पर डेविड वॉर्नर (17) और मार्नस लाबुशेन (3) विकेट पर मौजूद हैं।

# ड्वेन ब्रावो का आईपीएल से संन्यास

- चेन्नई के बॉलिंग कोच बनकर अब देंगे सेवा



**मुंबई।** वेस्ट इंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने आईपीएल से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने रिलीज किया था।

39 वर्षीय ब्रावो चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2010 के आखिर में जुड़े थे। 2016 और 2017 में चेन्नई के बैन होने पर ब्रावो दूसरी टीम से खेले थे। हालांकि, 2018 में चेन्नई की वापसी के बाद वह फिर से सीएसके फ्रेंचाइजी से जुड़ गए थे। ब्रावो तीन बार चैंपियन बनने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। सीएसके ने कुल चार बार आईपीएल का खिताब जीता है। इसके साथ ही ब्रावो 2014 में चैंपियंस लीग जीतने वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का भी हिस्सा थे। ब्रावो अब आईपीएल 2023 में लक्ष्मीपति बालाजी की जगह चेन्नई सुपर किंग्स के बॉलिंग कोच का रोल निभाते नजर आएंगे। बालाजी ने निजी कारणों से एक साल के लिए ब्रेक लिया है। ब्रावो 2008 से आईपीएल से जुड़े रहे हैं। शुरुआत में वह मुंबई इंडियंस से तीन सीजन खेले। ब्रावो के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का ओवरऑल रिकॉर्ड है। उन्होंने 161 मैचों में 183 विकेट लिए हैं।

## कमेंट्री करते पोंटिंग की तबियत बिगड़ी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच मुकाबले में कमेंट्री के दौरान रिकी पोंटिंग की तबियत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोंटिंग के सहयोगियों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे, इसलिए जांच के लिए अस्पताल गए थे। पोंटिंग को पहले टेस्ट के तीसरे दिन लंच टाइम के आसपास अस्पताल ले जाया गया। वह तीसरे सेशन में कमेंट्री करते नहीं दिखेंगे।

# देविका वैद्या की चार साल बाद वापसी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में किया शामिल

**मुंबई।** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 शृंखला के लिये शुक्रवार को घोषित 15-सदस्यीय स्क्वाड में ऑलराउंडर देविका वैद्या को शामिल किया है।

चार साल बाद टीम में वापसी करने वाली वैद्या ने अपना पिछला मैच 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय शृंखला में खेला था। उन्हें टी-20 विश्व कप 2018 के लिये भी स्क्वाड में तलब किया गया था, लेकिन वह किसी भी मैच के लिये एकादश में जगह नहीं बना सकी थीं।

वैद्या मुख्य रूप से एक बल्लेबाज हैं, लेकिन लेगस्पिन से गेंदबाजी में योगदान देने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने अंतर-राज्यीय टी-20 में छह विकेट लेने के अलावा पांच पारियों में 32.50 की औसत और 109.24 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाये थे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि पूजा वस्त्राकर चोट के कारण इस सीरीज में नहीं खेल सकेंगी। ऑलराउंडर स्नेह राणा को भी स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया, हालांकि बोर्ड ने उन्हें टीम से बाहर रखने की कोई वजह नहीं दी। रेलवे की वामहस्त तेज गेंदबाज अंजली सरवनी को भी पहली बार टीम में शामिल किया है, जबकि शिखा पांडे अंतर-राज्यीय टी-20 में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद 15-सदस्यीय स्क्वाड में जगह नहीं बना सकीं।

# ब्याज दर बढ़ोत्तरी धीमी रखने का किया आग्रह

- एसोचैम ने आरबीआई से किया है अनुरोध

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम ने रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आगामी द्विमासिक बैठक से पहले एमपीसी से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने का आग्रह किया है।

एसोचैम ने शुक्रवार को बताया कि उसने रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को लिखे अपने पत्र में उद्योग के समक्ष अन्य मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में वृद्धि दर 0.25 से 0.35 से अधिक नहीं होनी चाहिए। एसोचैम की ओर से आरबीआई को की गई प्रमुख सिफारिशों में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए खुदरा ऋण को रियायती ब्याज दर के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण के रूप में मानना शामिल है।

एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ऋण को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण के तहत शामिल किया जा सकता है। यह भारत में ईवी क्षेत्र को उत्प्रेरित करने में मदद कर करेगा। हालांकि भारत में ईवी की यात्रा अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गई। स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है।

# देश में डिजिटल रुपये का कैट ने किया स्वागत

- शुरू किया जाएगा राष्ट्रव्यापी अभियान

**नई दिल्ली।** कैट ने केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश में डिजिटल रुपये का चलन शुरू किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि वह व्यापारियों के बीच डिजिटल रुपये को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगा।

कैट ने कहा कि खुदरा स्तर पर डिजिटल मुद्रा शुरू करने का भारतीय रिजर्व बैंक का निर्णय एक स्वागत योग्य है और कैट जल्द ही व्यापार में भुगतान के तरीके के रूप में डिजिटल रुपये को अपनाने और स्वीकार करने के लिए देश भर में जागरुकता अभियान शुरू करेगा।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि डिजिटल रुपया भारत में व्यापार और वाणिज्य में भुगतान परिदृश्य को बदल देगा। हमारे देश में खुदरा बाजार का सटीक आकार रिकॉर्ड किए गए लेन-देन से प्रमाणित होगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को जमीनी स्तर से बढ़ावा देगा। कैट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था बड़ी है, लेकिन खुदरा स्तर पर नकद मुद्रा के उपयोग के कारण व्यापार नकद करेंसी का एक बड़ा हिस्सा है, जो बेहिसाब रह जाता है।



नई दिल्ली के जंतर मंतर में शुक्रवार को चीन में जारी जीरो कोविड नीति के खिलाफ प्रदर्शन के समर्थन में तिब्बती लोगों ने सादे कागज दिखाकर प्रदर्शन किया। एजेंसी

एमएमसीजी, आईटी, यूटिलिटीज, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टेक और पॉवर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली

# बाजार में लगातार छह दिन की तेजी पर लगा ब्रेक

- मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली



**मुंबई।** वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में एमएमसीजी, आईटी, यूटिलिटीज, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टेक और पावर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार छह दिन की तेजी थम गई।

सेंसेक्स 415.69 अंक की गिरावट लेकर 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 62868.50 अंक और का निफ्टी 116.40 अंक लुढ़ककर 18696.10 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली ने बाजार को और अधिक गिरने से थाम लिया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.80 प्रतिशत उछलकर 26,321.65 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,911.79 अंक पर पहुंच गया।

बीएसई में 11 समूहों में गिरावट रही। सीडी 0.30, एफएमसीजी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.10, आईटी 0.41, यूटिलिटीज 1.10, ऑटो 1.12, बैंकिंग 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.46, पावर 1.23 और टेक समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, जापान का निक्केई 1.59, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.29 प्रतिशत टूट गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.09 प्रतिशत की तेजी रही।

सेंसेक्स 306 अंक लुढ़ककर 62,978.58 अंक पर खुला लेकिन लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 63,148.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में 0.66 प्रतिशत की गिरावट लेकर 62,868.50 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3621 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2030 में लिवाली, जबकि 1455 में बिकवाली हुई। वहीं, 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निफ्टी भी 60 अंक उतरकर 18,752.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 18,781.95 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में 0.62 प्रतिशत गिरकर 18,696.10 अंक पर आ गया। एनएसई में 31 कंपनियों में गिरावट, जबकि 18 में तेजी रही।

**महिंद्रा एंड महिंद्र को सर्वाधिक नुकसान**

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.08, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.78, मारुति 1.58, नेस्ले इंडिया 1.52, एचडीएफसी 1.32, एशियन पेंट 1.19, इंफोसिस 1.15, पावरग्रिड 1.08, टीसीएस 1.03, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, एलटी 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.74, आईटीसी 0.63, विप्रो 0.30, एसबीआई 0.08 और रिलायंस 0.01 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा स्टील 1.22, डॉ. रेड्डी 1.18, टेक महिंद्रा 1.16, इंडसइंड बैंक 0.56, बजाज फिनसर्व 0.24, एक्सिस बैंक 0.20, भारती एयरटेल 0.10 और एनटीपीसी ने 0.06 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## अब व्हाट्सएप पर भी होगा जियोमार्ट

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल का जियोमार्ट अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध है। जियोमार्ट व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों से ऑर्डर प्राप्त करने वाला दुनिया का इकलौता सफल ई-रिटेल ब्रांड बन गया है। व्हाट्सएप के साथ जियोमार्ट की साझेदारी के बाद ग्राहक अब सीधे अपने व्हाट्सएप चैट के भीतर अपनी घरेलू जरूरत के सामानों को आसानी से ब्राउज़ कर सकते हैं और खरीदारी कर सकते हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स ने व्हाट्सएप के जरिए जियोमार्ट की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मेटा के साथ साझेदारी की है, जिससे दुनिया में पहली बार उपभोक्ताओं को उत्पादों की खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान हुआ है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के डिजिटल बदलाव के सफर में तेजी लाना है।

# हेल्थप्लिक्स ने ईएमआर परिदृश्य किया पेश

- 370 से अधिक शहरों में फैला है नेटवर्क

**नई दिल्ली।** ईएमआर प्लेटफार्म हेल्थप्लिक्स ने 'ईएमआर अडोप्शन लैंडस्केप-इंडिया व्यू 2022' पेश किया है। भारत में डॉक्टरों के लिये, भविष्यप के लिये तैयार अपने एआई-पावर्ड ईएमआर प्ले2टफॉर्म से स्वा स्थ्ये रक्षा के डिजिटाइजेशन की पहल करने वाली कंपनी ने अपने तरह का पहला ईएमआर परिदृश्य जारी किया है।

कंपनी के मुताबिक इसके ईएमआर प्लेंटफॉर्म को अपनाये जाने लगातार वृद्धि हो रही है। महामारी के बाद हुई बढ़ोतरी मेट्रोज से आगे पहुंची है, जहां 2020 की शुरूआत के बाद से 'हॉकी स्टिक ग्रोथ' हुई है। ईएमआर हॉटस्पॉकट्स का मानचित्र साल 2022 के लिये टॉप 15 शहरों में औसत वृद्धि के लिये केवल दो मेट्रो शहरों की रैंकिंग दिखाता है। ईएमआर हॉटस्पॉट्स वे शहर हैं, जहां ईएमआर की पहुंच ज्यांदा है।

हेल्थ प्लिक्स अभी मरीजों के बेहतर परिणाम लाने में 10 हजार से ज्या दा डॉक्टंरों को सशक्त बना रही है, जिसके लिये वह उपचार के समय चिकित्सपकीय निर्णय लेने में सहयोग प्रदान करती है। हेल्थैप्लिक्सज से जुड़े डॉक्टमर और उनका नेटवर्क भारत के 370 से ज्याकदा शहरों में फैला है, जो उसे देश में डॉक्टिरों के लिये एक भरोसेमंद ईएमआर प्लेनटफॉर्म बनाता है।

आज ही के दिन 1829 में वायसराय लॉर्ड विलियम बैंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगाई थी।

## सारसुर्खियां

### पेरू में महामारी की पांचवी लहर शुरू

**लिमा।** दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप में स्थित देश पेरू के अधिकांश क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण की पांचवी लहर शुरू हो गई है। पिछले तीन सप्ताह में यहां कोरोना के मामलों तेजी से वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री केली पोर्टलैटिनो ने शुक्रवार को बताया कि देश में कुल 6,541 लोग संक्रमित पाए गए और मंगलवार और बुधवार के बीच नौ मरीजों की मौत हुई। महामारी की शुरुआत के बाद से, पेरू में कुल 4,252,383 मामले और 217,414 मौतें हुई हैं।

### न्यूजीलैंड में भूकंप

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में शुक्रवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किये गये। न्यूजीलैंड के भूविज्ञान अनुसंधान सर्विस सेंटर ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम छह बजकर सात मिनट पर आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 आंकी गई है। भूकंप का केन्द्र उत्तरी द्वीप के वाइकाटो क्षेत्र में शहर टोकोरोआ से 20 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में जमीन से 159 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। करीब 9,000 लोगों ने भूकंप के झटके को महसूस किया। भूकंप से किसी के हताहत होने की फिलहाल को खबर नहीं है।

### उपग्रहों की तैनाती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय संचार आयोग ने स्पेसएक्स के 7500 अतिरिक्त स्टारलिंक उपग्रहों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। आयोग ने बताया कि विशेष रूप से हम आवृत्तियों का उपयोग कर क्रमशः 525, 530, और 535 किलोमीटर की ऊंचाई उपग्रहों को तैनात करने को अनुमति प्रदान करते हैं।



रोमानिया के बुखारेस्ट में राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित सैन्य परेड में शामिल युद्धक टैंक। एजेंसी

# अमेरिकी रैपर कान्ये का एकाउंट सस्पेंड

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्विटर' के नये 'मालिक' एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी के नियमों का एक बार फिर उल्लंघन करने वाले अमेरिकी रैपर कान्ये, जिन्हें कान्ये वेज़स्ट के नाम से भी जाना जाता है, का एकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है।

ट्विटर हैंडल पर गुरुवार को नाज़ी स्वास्तिक के चिंह की तस्वीर साझा की थी, जिसके अंदर डेविड का तारा दिखाया गया था। यह नाजियों का एक जाना माना प्रतीक है। मस्क ने ट्वीट किया कि मैंने

**• पोस्ट किया था नाजी का स्वास्तिक चिह्न**

पूरी कोशिश की ये बात को समझें और किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहन देने वाली सामग्री एकाउंट पर न डालें, लेकिन उन्होंने एकबार फिर नियम तोडा, जिसके बाद उनका एकाउंट सस्पेंड कर दिया गया।

कान्ये ने एक अन्य विवादित बयान देते हुए कहा था कि वह जर्मनी के नाजी नेता एडोल्फ हिटलर को पसंद करते हैं और उन पर लगे यहूदी विरोधी भावना के आरोपों के बाद वह यहूदियों को पसंद करते हैं।

पिछले माह ही कान्ये द्वारा कुछ उद्योगों में यहूदियों की असंगत उपस्थिति को लेकर दिये गये बयान के बाद उन पर यहूदी विरोधी भावना का आरोप लगा था। उसने दावा किया था कि काले लोग ही असली यहूदी हैं। उन्होंने अपना बयान सोशल नेटवर्किंग साइटों ट्विटर और इंस्टाग्राम पर डाला था, जिसके बाद इन दोनों प्लेटफार्मों से इन बयानों के कारण उनका एकाउंट सस्पेंड कर दिया गया।

### कान्ये नहीं खरीदेंगे 'पार्लर'

पार्लमेंट टेक्नोलॉजीज ने घोषणा की है कि अमेरिकी रैप कलाकार कान्ये वेस्ट अब सोशल मीडिया कंपनी का अधिग्रहण नहीं करेंगे। इस कलाकार को अब ये के नाम से जाना जाता है।

पार्लमेंट टैक्नोलॉजीज ने अक्टूबर में कहा था कि वह अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पार्लर के अधिग्रहण के लिए ये के साथ सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गई। मीडिया सवाल के जवाब में पार्लमेंट टेक्नोलॉजीज यह पुष्टि करना चाहेगी कि कंपनी ने पार्लर की बिक्री के इरादे को समाप्त करने के लिए ये के साथ पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है।

# यूक्रेन पर हमले तेज करेगा रूस

## यूक्रेन के दो शहर निप्रॉपेट्रोस और खारकीव में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई

**कीव, एजेंसी।** रूसी सेना एक बार फिर यूक्रेन पर हमले तेज करने जा रही है। यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस और खारकीव क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यूक्रेन में रूसी हमलों के नए अलर्ट के बाद इन शहरों के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पनाह लेने के निर्देश जारी किये गए हैं। साथ ही सेना ने भी हमलों को विफल करने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

**• नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया**



यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के ऑनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार निप्रॉपेट्रोस और खारकीव क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। रूस के ज़ापोरिज़्ज़िया क्षेत्र और दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के कीव नियंत्रित क्षेत्रों में भी हवाई हमले के सायरन बजने लगे। रूस के क्रिमियन पुल पर यूक्रेन के आतंकवादी हमले के दो दिन बाद दस अक्टूबर को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू कर दिया।

यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमान और संचार सुविधाओं पर हमले किए गए। तब से यूक्रेन में प्रतिदिन, क्षेत्र तथा कभी-कभी पूरे देश में हवाई हमले के अलर्ट जारी किए गए हैं। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शिम्हाल ने 15 नवंबर को हमलों के बाद कहा कि देश की ऊर्जा प्रणाली का लगभग आधा हिस्सा सेवा से बाहर कर दिया गया।

### यूक्रेन ने यूरोप से मांगी मदद

रूस के लगातार जारी हमलों के कारण यूक्रेन में बिजली संकट ने भीषण रूप ग्रहण कर लिया है। पिछले हफ्ते रूस के मिसाइल हमलों के बाद लगभग पूरे यूक्रेन में 48 घंटों तक बिजली नहीं रही। बढ़ती ठंड के बीच इस संकट ने लोगों को बड़ी मुसीबत में डाल दिया है। इसे देखते हुए अब यूक्रेन ने यूरोपीय देशों से गुहार लगाई है कि वे प्राथमिकता के आधार पर उसके बिजली ग्रिड को बहाल करने में मदद दें। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठन एनर्जी कम्युनिटी ने सलाह दी है कि यूक्रेन को बिजली ग्रिड को विकेंद्रित कर देना चाहिए। इस क्रम में उसे बिजली सब-स्टेशन बनाने चाहिए। इन छोटे स्टेशनों पर हमला करना रूस के लिए कठिन होगा।

### रूसी लड़ाकू विमान मिग 31 क्रैश

**मॉस्को।** रूसी सेना का एक लड़ाकू विमान मिग-31 प्रशिक्षण उड़ान के दौरान प्रिमोर्स्की क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हालांकि इस दुर्घटना में पायलट सुरक्षित निकल गये। पूर्वी सैन्य डिस्ट्रिक्ट की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। एक नियोजित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान प्रिमोर्स्की क्षेत्र में मिग -31 आज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना रेगिस्तानी इलाके में हुई इस कारण जमीन पर जान और माल का किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी तकनीकी गड़बड़ी के चलते यह दुर्घटना हुई होगी।

# ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा 'कू' यूजर्स में हुए शामिल

**बेंगलुरु।** ब्राजील के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'कू' के यूजर्स में शामिल हो गए हैं।

सिल्वा एक दिसंबर को इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल हुए। उन्होंने अपनी पहली पोस्ट पुर्तगाली में लिखा। कहा कि मैं आ गया हूं। आप यहां क्या देख रहे है? उनके 'कू' में शामिल होने के दो दिनों के अंदर ही उनके एक लाख तीन हजार से ज्यादा फॉलोअर बन गए हैं और उनके पहले संदेश को 33 हजार से ज्यादा लाइक और 10 हजार से ज्यादा टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं।

सिल्वा ने ट्विटर पर अपने कू प्रोफाइल की घोषणा पीले पक्षी वाले इमोजी के साथ की और उनके ट्वीट को एक लाख से ज्यादा लाइक्स मिले। इस ऐप पर उनकी उपस्थिति दर्शाती है कि इस लोकप्रिय डिजिटल ऐप से ब्राजील में बड़ी संख्या में लोग इस जुड़ने वाले हैं।

**• ब्राजील की करीब 500 प्रतिष्ठित हस्तियां जुड़ीं**

कू के सीईओ एवं सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा कि हम ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा को अपने मंच पर देख बहुत खुश हैं। हमें लोकतांत्रिक मंच होने पर गर्व है, जो लोगों को संपर्क बनाने और फॉलोअर से अपडेट साझा करने में सहायक है। पुर्तगाली भाषा की सुविधा मिलने के बाद ब्राजील की 500 से ज्यादा प्रतिष्ठित हस्तियां इसमं शामिल हो चुकी हैं।

# 'द चिपको मूवमेंट' पुस्तक को सम्मान

**बेंगलूरु।** द न्यू इंडिया फ़ाउंडेशन कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने एनआईएफ़ बुक प्राइज़ 2022 के पांचवें संस्करण के विजेता की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इतिहासकार, कार्यकर्ता और लेखक शेखर पाठक द्वारा लिखित पुस्तक द चिपको मूवमेंटः ए पीपल्स मूवमेंट को दिया गया है, जिसका हिंदी से अनुवाद मनीषा चौधरी द्वारा किया गया है।

विजेता का चयन आधुनिक भारतीय इतिहास के व्यापक क्षेत्र और विविध विषयों व दृष्टिकोणों से संबंधित गहन शोध पर आधारित और आकर्षक ढंग से लिखित पांच पुस्तकों की एक विविध लघुसूची से किया गया।

**• एनआईएफ़ बुक प्राइज़ विजेताओं की घोषणा**

इनमें श्वेता एस. बालाकृष्णन द्वारा लिखित एक्सिडेंटल फ़ेमिनिज़्मः जैंडर पैरिटी एंड सेलेक्टिव मोबिलिटी एमंग इंडियाज़ प्रोफ़ेशनल ईलीट, शेखर पाठक द्वारा लिखित द चिपको मूवमेंटः ए पीपुल्स हिस्ट्री, रुक्मिणी एस. द्वारा लिखित होल नंबर्स एंड हाफ़ ट्रुथ्सः व्हाट डेटा कैन एंड कैननॉट टैल अस अबाउट मॉडर्न इंडिया, सुचित्रा विजयन द्वारा लिखित मिडनाइट्स बॉर्डर्सः ए पीपुल्स हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया, ग़ज़ाला वहाब द्वारा लिखित बॉर्न ए मुस्लिमः सम ट्रुथ्स अबाउट इस्लाम इन इंडिया शामिल हैं।

कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ़ बुक प्राइज़ सभी राष्ट्रीयताओं के लेखकों द्वारा आधुनिक/समकालीन भारत पर कथेतर लेखन में उत्कृष्टता को मान्यता देता है और उसका जश्न मनाता है।

आयोजकों के अनुसार विजेता को 15 लाख रुपये का नक़द पुरस्कार, एक ट्रॉफ़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# आग से चार लोग जिंदा जले, मौत

**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश में काकीनाडा जिले राष्ट्रीय राजमार्ग पर धर्मवरम के पास शुक्रवार तड़के दो लॉरियों की भिडंत के बाद वाहनों में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जल गए हैं। पुलिस ने कहा कि एक लॉरी राजमुंदरी में बालू पहुंचाकर वापस लौट रही थी और तभी अचानक से लॉरी अनियंत्रित हो गई और सड़क के डिवाइडर को पार करने के बाद विपरीत दिशा से आ रही कंटेनर लॉरी से उसकी भिडंत हो गई।

# वार्ड में अंधेरा दूर करेगी टॉर्चः चौकन

भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** वार्ड 183 हरी नगर एक्सटेंशन से निर्दलीय प्रत्याशी मोहित चौकन ने नुक्कड़ सभा और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरिनगर वार्ड का अंधेरा टॉर्च ही दूर कर सकती है। जनता ने अगर विश्वास जताया तो वार्ड में विकास का चौतरफा नजारा नजर आएगा।

मोहित ने कहा कि चौकन परिवार

**• चुनाव को लेकर घोषणा पत्र किया गया जारी**



घोषणाओं पर नहीं काम पर विश्वास करती है। वार्ड की जनता जानती है, जब गरीबों का आशियाना टूट रहा था, तब हमने इसका विरोध किया तो मुझ पर जैतपुर थाना में एमसीडी द्वारा झूठी मुकदमा तक दर्ज करवा दिया गया। मोहित चौकन ने अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के तुरंत बाद वरिष्ठ नागरिकों विकलांगों और जरूरतमंदों के लिए सवारी रिक्शा, गरीब परिवार के कन्याओं के लिए शादी, 5 महीने के अंदर जरूरतमंदों में चौकन परिवार की ओर से 1500 सिलाई मशीनों का वितरण अपने खर्चे से साफ़ सफाई के वास्ते 10 निजी स्टॉप लगाकर 4 ऑटो डीपड की व्यवस्था करवाएंगे। साथ ही 24 घंटे लोगों की सुविधा के वास्ते निःशुल्क इको एंबुलेंस की व्यवस्था करवाएंगे।

# 'दिल दियां गल्लां' में दिखेंगे रवि

बॉलीवुड हलचल

**नई दिल्ली।** सोनी सब के आगामी शो 'दिल दियां गल्लां ' में रणदीप का किरदार रवि गोसाई निभाएंगे। माइग्रेशन पर आधारित इस शो में वह एक ऐसे बेटे के रूप में नजर आयेंगे, जिसे अपने वजूद की तलाश है।

रवि गोसाईं ने न सिर्फ छोटे पर्दे पर, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंनने कई अनूठे किरदार निभाये हैं और इनके जरिये मनोरंजन जगत में नाम कमाया है।



सोनी सब पर जल्दी ही लॉन्चह होने वाले शो 'दिल दियां गल्लां ' में रवि गोसाईं को 'रणदीप' का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। रवि इस शो में दिलप्रीत (पंकज बेरी) और संजोत (जसजीत बब्बर) के दूसरे बेटे का किरदार निभायेंगे। रणदीप जुनूनी है और एक अच्छा बेटा बनने की पूरी कोशिश करता है, लेकिन असफल रहता है। उसके निराशावाद का कारण कहीं न कहीं परिवार के अंदर का मतभेद है।

अपने भाई के कारण माता-पिता को जो तकलीफ हुई है, उसकी वजह से वह उनका प्याहर और सम्माणन पाने की पूरी कोशिश करता है। अपनी पत्नीव और बेटी के साथ उसका अनूठा रिश्ता है लेकिन यहा हास्य से भरपूर है और उसकी नासमझी प्यारी है। यह रिश्तां मतभेद के बीच भी संतुलन बनाये रखता है और इसकी वजह से उसकी जिंदगी में थोड़ी खुशियां हैं।

# राजस्थानः खराब दूध को पीने से 24 छात्राएं बीमार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध योजना लागू होने के चौथे दिन ही हनुमानगढ़ टाउन के एक सरकारी विद्यालय में शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक बालिकाओं की तबीयत बिगड़ गई।

विद्यालय में सुबह प्रार्थना सभा के पश्चात दूध पिलाए जाने के बालिकाओं ने चक्कर आने, गले और पेट में दर्द होने,जी मिचलाने तथा उल्टी होने की शिकायतें की। इससे स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बीमार बालिकाओं को आनन फानन टाउन के सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। घटना के बाद

**• मुख्यमंत्री की योजना के तहत दिया गया था दूध**

हनुमानगढ़ जंक्शन में स्थित गंगमूल डेयरी के प्रबंध निदेशक, क्वालिटी कंट्रोल तथा मिल्क पाउडर के पैकेट सप्लाई करने वाले अधिकारी हनुमानगढ़ टाउन के सेठ राधाकृष्ण बिहाणी राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। गंगमूल डेयरी की टीम ने बच्चों को पिलाए गए दूध के सैंपल जांच के लिए भरे।

ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाए गए बच्चे तीसरी से पांचवीं कक्षा के हैं। इनके अभिभावकों को 3 घंटे बाद सूचना दी गई, जब उपचार के बाद बच्चों की हालत ठीक हो गई।



नई दिल्ली में शुक्रवार को एक स्कूल के खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर। एजेंसी

# टर्किश ड्रॉमा 'कथा अनकही' में अदनान खान की वापसी

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन 5 दिसंबर से सुपरहिट टर्किश ड्रामा '1001 नाइट्स' का हिंदी रीमेक 'कथा अनकही' लेकर आ रहा है। इस शो में अदनान खान वापसी करेंगे।

यह शो पछतावे से भरी एक प्रेम कहानी है, जो कभी ना भुलाए जाने वाले एक ऐसे ज़ख्म से जुड़ी है, जिससे कथा और विआन के बीच दरार पैदा हो जाती है, लेकिन दोनों फिर भी एक दूसरे से बंधे रहते हैं। इस लव स्टोरी में दिखाया गया है कि किस तरह मुश्किल से मुश्किल घड़ी में प्यार उभरकर सामने आता है। एक खास रोल में टेलीविजन पर वापसी करने जा रहे दर्शकों के फेवरेट अदनान खान इस शो में विआन के लीड किरदार में नजर आएंगे। विआन एक स्थापित बिज़नेसमैन हैं, और पूर्व में हुई एक भावुक घटना के चलते उनकी सोच महिलाओं के खिलाफ हो गई है।



# माधुरी के साथ झूमी कृति सैनन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने माधुरी दीक्षित के साथ बड़ी मुश्किल बाबा बड़ी मुश्किल गाना पर डांस किया है।

कृति सैनन अपनी फिल्म भेड़िया का प्रमोशन के सिलसिले में झलक दिखला जा 10 के सेट पर पहुंची थीं। कृति सैनन ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में कृति, माधुरी दीक्षित के साथ बड़ी मुश्किल बाबा बड़ी मुश्किल गाने पर डांस करती नजर आ रही है। वीडियो शेयर करते हुए कृति सैनन ने लिखा कि यहीं एक महिला है, जिसके लिए मेरा दिल धक-धक करता है। उनके साथ डांस करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। उनको देखकर मुझे गर्व होता है। माधुरी दीक्षित मैम आपके जैसा कोई नहीं है।

## डब्ल्यूएचपी ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में किया खुलासा, 25 प्रतिशत कोविड पीड़ितों को हैं स्वास्थ्य संबंधी परेशानी

# मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं कोविड पीड़ित

**• स्वास्थ्य के प्रभाव को किया गया उजागर**

**नई दिल्ली।** प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स (डब्ल्यूएचपी) की एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी का असर कम होने के बावजूद 25 प्रतिशत कोविड पीड़ित आज भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों से जूझ रहे हैं।

डब्ल्यूएचपी की कंट्री डायरेक्टर प्राची शुक्ला ने शुक्रवार को एक संगोष्ठी में कहा कि उनके संगठन के एक प्रोजेक्ट की अवधि के दौरान इसके टेलीहेल्थ प्लेटफॉर्म को 70 हजार से



अधिक कॉल प्राप्त हुईं। इस हेल्पलाइन के आंकड़ों के अनुसार 25 प्रतिशत कोविड-19 रोगी आज भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों से जूझ रहे हैं। यह प्रोजेक्ट जून 2021 से नवंबर 2022 तक तीन राज्यों के 26 जिलों में लागू किया गया।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट ने किफायती और सामयिक मानसिक स्वास्थ्य पर देखभाल की आवश्यकता तथा कोविड-19 महामारी के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को उजागर किया है। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों में वृद्धि ने कम लागत वाली डिजिटल तकनीकों को लागू करने के दरवाजे खोल दिये हैं। ये तकनीक मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण में सरकार के प्रयासों का समर्थन करने में सहायक है।

इस संगोष्ठी में दिल्ली, गुजरात और झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा पर अपने 18 महीने के लंबी प्रोजेक्ट के दौरान हासिल की गईं महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। प्रोजेक्ट को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के सहयोग से पूरा किया गया। इसे केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, रांची न्यूरोसाइकियाट्री और संबद्ध विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख संस्थानों से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई।


गौरतलब है कि विश्व के कई देशों में कोरोना महामारी आज भी हावी है। जिसमें इस महामारी का जनक चीन भी शामिल है। जबकि भारत में कोरोना काफी हद तक नियंत्रित हो चुका है।

### बेहद जरूरी है पीड़ितों की काउंसलिंगः प्राची

प्राची शुक्ला ने कहा कि उनके संगठन ने ग्रामीण क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे लोगों की काउंसिलिग की भी बेहतर व्यवस्था की है। पीड़ितों को परामर्श के जरिए हरसंभव मदद की जाती है। बेरोजगारी से की समस्या से जूझ रहे युवाओं को यदि कोई आवश्यकता होती है, तो उनके लिए भी काउंसिलिंग की तत्काल व्यवस्था की जाती है। संगोष्ठी में मानसिक स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने कोविड और सेहत संबंधी अन्य समस्याओं पर अपने विचार रखे।




# गीता जयंती
## सहज योग परिप्रेक्ष्य से



**गीता जयंती का दिन हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ श्रीमद भगवद-गीता के जन्म का प्रतीक है। मार्गशीर्ष मॉस में शुक्ल पक्ष के 11 वें दिन यह जयंती मनाई जाती है।**

भगवद गीता या "भगवान का गीत" हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों में से एक है और साधारणतः सर्वाधिक प्रसिद्ध है। यह शताब्दियों से लेखकों, कवियों, वैज्ञानिकों, धर्मशास्त्रियों, और दार्शनिकों - दूसरों के बीच - द्वारा उद्धृत किया गया है और **अक्सर पश्चिमी दर्शकों के लिए हिंदू धर्म का परिचयात्मक पाठ है।** हमारे समय के कई महान विचारकों जैसे कि अल्बर्ट आइंस्टीन, महात्मा गांधी, और अल्बर्ट श्वेइज़र के साथ-साथ माधवाचार्य, शंकर और रामानुज जैसे बीते युगों ने इसके कालातीत संदेश पर चिंतन और विचार-विमर्श किया है।

पवित्र भगवद गीता, पांच पांडव राजकुमारों में से एक अर्जुन और श्री विष्णु के 8वें अवतार श्री कृष्ण के बीच एक संवाद का वर्णन करती है। इस महाकाव्य में श्री कृष्ण, अर्जुन के सारथी की भूमिका में होते हैं । अर्जुन और उनके भाइयों को 13 साल के लिए राज्य से निर्वासित कर दिया गया था और परिवार के एक अन्य गुट द्वारा उनकी सही विरासत से पृथक कर दिया गया था; गीता सिंहासन को पुनः प्राप्त करने के लिए उनके संघर्ष को उठा लेती है, जिसके लिए आवश्यक है कि अर्जुन को अपने सारे सैन्य कौशल को सहन करते हुए स्वयं के परिजनों के विरुद्ध युद्ध छेड़ना चाहिए।

कहानी कुरुक्षेत्र के धूल भरे मैदानों से शुरू होती है, जहां अर्जुन, एक प्रसिद्ध तीरंदाज, लड़ने के लिए तैयार है। परन्तु परन्तु संकोच करता है।वह अपने मित्रों, शिक्षकों, और रिश्तेदारों के खिलाफ कतारबद्ध देखता है, और मानता है कि लड़ने के लिए - और संभावित रूप से मारने के लिए - इन लोगों के प्रति गंभीर पाप करना होगा जो कुछ भी अच्छा नहीं ला सकता है भले ही वह राज्य को वापस जीत लेने की बात हो । कृष्ण, उसे उसकी कायरता के लिए डांटते हैं - **अर्जुन योद्धा जाति से है, और योद्धा लड़ने के लिए होते हैं** - परन्तु फिर अपने शत्रुओं से लड़ने के लिए एक आध्यात्मिक तर्क पेश करते हैं, जिसमें कर्म, ज्ञान और भक्ति की चर्चा शामिल है। **योग, साथ ही देवत्व की प्रकृति, मानव जाति की अंतिम नियति, और नश्वर जीवन का उद्देश्य देते हैं ।**

**गीता उच्चतम गूढ़ सिद्धांतों से युक्त ग्रंथ है। इसकी भाषा इतनी मधुर है कि कोई इसे आसानी से समझ सकता है परन्तु संदेश इतना गहरा है कि कोई अपने जीवनकाल में इसे पूरी तरह से पूरा नहीं कर सकता है। श्रीकृष्ण द्वारा कही गई गीता इतनी गूढ़ है कि ऐसा कोई शब्द नहीं है जो आध्यात्मिक पहलू से रहित हो।**



### 18 अध्याय, 700 श्लोक

भगवद गीता के अठारह अध्यायों को तीन खंडों में विभाजित किया जा सकता है। पहले 6 अध्याय **कर्म योग या कर्तव्य पथ** का वर्णन करते हैं। दूसरा सेट, अध्याय 7 से 12 तक, **'भक्ति' के मार्ग, या भगवान के प्रति प्रेमपूर्ण भक्ति की महिमा** करता है। वे भक्ति का पोषण करने वाले दिव्य अमृत के रूप में भगवान के ऐश्वर्य का भी वर्णन करते हैं। तीसरा सेट, अध्याय 13 से 18 तक, **तत्त्व ज्ञान, या ज्ञान शास्त्र के नियमों और सिद्धांतों** पर व्याख्या करता है।



सर्वधर्मान्परित्यज्य
मामेकं शरणं व्रज |
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो
मोक्षयिष्यामि मा शुच: ||

**सभी प्रकार के धर्मों का परित्याग करो और केवल मेरी शरण ग्रहण करो। मैं तुम्हें समस्त पाप कर्मों की प्रतिक्रियाओं से मुक्त कर दूंगा, डरो मत।**
(Ch. 18 ver. 66)

## पवित्र गीता से कुछ चुने श्लोक

### कर्म योग या कर्म द्वारा योग

*इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।*
*मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥* (Ch. 3, ver. 42)
स्थूल शरीर से इन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं और इन्द्रियों से श्रेष्ठ मन है। मन से परे बुद्धि है और बुद्धि से भी परे आत्मा है।

*एवं बुद्धः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।*
*जहि शत्रु महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥* (Ch.3, ver. 43)
इस प्रकार बुद्धि से भी उच्च आत्मा को जानकर और बुद्धि से मन को वश में करके इस दुर्गम शत्रु रूपी कामना का संहार करो।

### सच्चे आध्यात्मिक गुरु का महत्व

*तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।*
*उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥* (Ch. 4, ver. 34)
आध्यात्मिक गुरु के पास जाकर सत्य को जानें। श्रद्धा से उससे पूछो और उसकी सेवा करो। ऐसे प्रबुद्ध संत आपको ज्ञान प्रदान कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने सत्य को देखा है।

*यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव ।*
*येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि ॥* (Ch. 4, ver. 35)
इस मार्ग पर चलते हुए और एक गुरु से ज्ञान प्राप्त करने के बाद, हे अर्जुन, तुम अब भ्रम में नहीं पड़ोगे। उस ज्ञान के प्रकाश में, तुम देखोगे कि सभी जीव परमात्मा के अंश मात्र हैं, और मेरे भीतर हैं।

*अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृत्तमः ।*
*सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं सन्तरिष्यसि ॥* (Ch. 4, ver. 36)
यहां तक कि जो सभी पापियों में सबसे अनैतिक माने जाते हैं, वे भी दिव्य ज्ञान की नाव में बैठकर भौतिक अस्तित्व के इस महासागर को पार कर सकते हैं।

### सार्वभौमिक प्रेम और करुणा

*तबुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।*
*गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिषूतकल्मषाः ॥* (Ch. 5, ver. 17)
जिनकी बुद्धि ईश्वर में स्थिर है, जो ईश्वर में पूर्ण रूप से लीन हैं, उनमें परम लक्ष्य के रूप में दृढ़ विश्वास रखते हैं, ऐसे व्यक्ति ज्ञान के प्रकाश से अपने पापों को दूर करके शीघ्र ही उस स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं, जहां से कोई वापसी नहीं होती है।

*विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।*
*शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥* (Ch. 5, ver. 18)
दिव्य ज्ञान की आँखों से, वास्तव में विद्वान एक ब्राह्मण, एक गाय, एक हाथी, एक कुत्ते और एक कुत्ते को खाने वाले को समान दृष्टि से देखते हैं।

*बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत्सुखम् ।*
*स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते ॥* (Ch. 5, ver. 21)
जो बाह्य इन्द्रिय सुखों से आसक्त नहीं हैं वे स्वयं में दिव्य आनंद का अनुभव करते हैं। योग के माध्यम से भगवान के साथ एक होने के कारण वे अनंत सुख का अनुभव करते हैं।

*योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्योतिरेव यः।*
*स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥* (Ch. 5, ver. 24)
जो अपने भीतर प्रसन्न हैं, भीतर भगवान के आनंद का आनंद ले रहे हैं, और आंतरिक प्रकाश से प्रकाशित हैं, ऐसे योगी भगवान के साथ जुड़ जाते हैं और भौतिक अस्तित्व से मुक्त हो जाते हैं।

लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः।
छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः ॥ (Ch. 5, ver. 25)
वे पवित्र व्यक्ति, जिनके पाप नष्ट हो गए हैं, जिनके संदेह नष्ट हो गए हैं, जिनके मन अनुशासित हैं, और जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए समर्पित हैं, वे भगवान को प्राप्त करते हैं और भौतिक अस्तित्व से मुक्त हो जाते हैं।

### कर्म, पुनर्जन्म और आत्मा की अमरता

*प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।*
*शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥* (Ch. 6, ver. 41)
मृत्यु के बाद असफल योगी पुण्यात्माओं के लोकों में जाते हैं। कई युगों तक वहाँ रहने के बाद, वे फिर से पृथ्वी लोक में पवित्र और समृद्ध लोगों के परिवार में पुनर्जन्म लेते हैं।

*अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।*
*एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥* (Ch. 6, ver. 42)
अन्यथा योग के दीर्घ अभ्यास के कारण यदि उनमें वैराग्य उत्पन्न हो गया होता, तो वे दिव्य ज्ञान युक्त कुल में जन्म लेते हैं। इस संसार में ऐसा जन्म प्राप्त करना बहुत कठिन है।

*तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् ।*
*यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥* (Ch. 6, ver. 43)
ऐसा जन्म लेकर वे अपने पिछले जन्म के ज्ञान को पुनः प्राप्त करते हैं, और योग में सिद्धि के लिए और भी अधिक प्रयास करते हैं। ऐसे साधक स्वाभाविक रूप से शास्त्रों के कर्मकांड के सिद्धांतों से ऊपर उठ जाते हैं।

*प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः ।*
*अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ॥* (Ch. 6, ver. 45)
पिछले कई जन्मों के संचित पुण्यों के साथ, जब ये योगी आगे की प्रगति करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं, तो वे भौतिक इच्छाओं से शुद्ध हो जाते हैं और इसी जीवन में पूर्णता प्राप्त करते हैं।

## भगवद गीता और सहज योग

दिए गए श्लोकों का एक ही अर्थ है - सर्वव्यापक शक्ति से एकाकार हो जाना । यही योग है। शुद्ध आध्यात्मिक दृष्टि से योग का अर्थ है 'आत्मा' का 'परमात्मा' से मिलन। एक बार जब योग पूरा हो जाता है तो सभी प्रकार का कल्याण होता है।

**जैसा कि श्री कृष्ण कहते हैं:**

*अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।*
*तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥* *(Ch. 9, ver. 22)*
हालाँकि, जो भक्त किसी और से प्रेम नहीं करते हैं, वे लगातार मेरे बारे में सोचते हैं और एक निःस्वार्थ भावना से मेरी पूजा करते हैं, जो हमेशा मेरे साथ विचारों में एकजुट रहते हैं, मैं पूरी सुरक्षा लाता हूं और व्यक्तिगत रूप से उनकी जरूरतों को पूरा करता हूं।

अब बात यह है कि योग और यौगिक अवस्था को कैसे प्राप्त किया जाए। सहज योग की संस्थापिका **परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी क्या कहती हैं:**

> "धर्म के सभी प्रकार के कर्मकांडों को दूर करने के लिए, श्री कृष्ण का आगमन हुआ था। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना थी लेकिन मुझे नहीं पता कि कितने लोग इसे समझते हैं। श्री कृष्ण ने इसे उतना ही स्पष्ट रूप से कहा है जितना कोई भी कह सकता है। बहुत, बहुत स्पष्ट रूप से - कि आपको अपने धर्मों से परे जाना है, इसका मतलब है कि आपको एक ऐसा व्यक्ति बनना है जो सहज रूप से धार्मिक है और ऐसा व्यक्ति नहीं बनना है जो सिर्फ बाहरी रूप से ईसाई, हिंदू, मुस्लमान जैसा कुछ है। नहीं! अंदर! अंदर आपको बनना है। ईश्वर को आप किसी कर्मकांड में नहीं बांध सकते। इसलिए वह इस धरती पर आए; आपको यह बताने के लिए कि आपको अपने आप को उन रीति-रिवाजों से बाँधने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जो बेतुके हैं।"

अंतस में जाने के लिए हमें स्वयं का ज्ञान होना चाहिए। यह केवल 'कुंडलिनी' नामक जन्मजात ऊर्जा के जागरण के माध्यम से संभव है, जो चक्रों नामक विभिन्न ऊर्जा केंद्रों को जोड़ने वाली हमारी रीढ़ के आधार से उठती है, हमारे सिर के ऊपर फॉन्टानेल हड्डी को खोलकर सर्वव्यापी शक्ति से जुड़ने के लिए रास्ता बनाती है। ब्रह्मशक्ति हमारे सूक्ष्म तंत्र में प्रवेश करने के लिए और हमारे अस्तित्व में योग की स्थिति को प्रकट करने के लिए चैतन्य या 'वायब्रेशन्स' नामक ठंडी हवा के रूप में प्रवाहित होती है। इसके अलावा, आत्म-साक्षात्कार के रूप में जानी जाने वाली हमारी आध्यात्मिक यात्रा भगवद गीता में प्रतिष्ठापित के रूप में शुरू होती है। प्रत्येक मनुष्य का अंतिम लक्ष्य दिव्य शक्ति के साथ एक होने का होना चाहिए।

आत्म-साक्षात्कार या योग का अनुभव परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा आसान बना दिया गया है, जब उन्होंने 5 मई 1970 को 'कुंडलिनी' को जगाकर सहस्त्रार नाम से जाने जाना वाला सातवाँ चक्र खोला, जिससे यह पहली विश्व के आध्यात्मिक इतिहास में जनसमूह स्तर पर आत्म-साक्षात्कार देना संभव हुआ । इस प्रकार, सहज योग का जन्म हुआ और वर्तमान में दुनिया के 140 से अधिक देशों में इसका अभ्यास किया जाता है और अभ्यासी आनंदमय जीवन जी रहे हैं। 'सहज' का अर्थ है आपके साथ पैदा हुआ और 'योग' का अर्थ है सर्वव्यापी शक्ति के साथ ' आत्मा ' का मिलन।

**जैसा कि श्री कृष्ण कहते हैं: - "स्थितप्रज्ञ" की स्थिति में रहो**

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान् |
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते || (Ch. 2, ver. 55)

जब कोई मन की सभी तृष्णाओं को पूरी तरह से त्याग देता है और स्वयं के आनंद के माध्यम से आत्मा में संतुष्ट होता है, तो उसे स्थिर मन कहा जाता है।

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी हमें 'स्थितप्रज्ञ' के एक गहरे पहलू से अवगत कराती हैं, जिसका अर्थ है कि आप जहाँ भी स्थित हैं ('स्थित') प्रबुद्ध ('प्रा') ज्ञान ('ज्ञ') प्राप्त करें। यह स्वयं भगवद गीता और सहज योग के साथ-साथ अन्य पवित्र शास्त्रों में निहित विषय के ज्ञान के साथ-साथ अलग-अलग शब्दावली और पदावली के साथ घनिष्ठ संबंध को दर्शाता है। सहज योग पर अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें या दी गई वेबसाइटों को ब्राउज़ करें।

## गीता जयंती की अनेक शुभकामनायें
## सहज योग परिवार

अपनी दिव्य शक्तियों को जागृत करें
अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करें




सहज योग ध्यान
पूर्णतः निःशुल्क है

Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800